बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 22 मई 2024
वर्ष 2, अंक 271, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा 16
मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

## मंत्री के साथ सेल्फी लेने में मतदान अधिकारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बीएसए ने कहा, कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया

**अमृत विचार :** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को मतदान के दौरान वोट डालने के बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी लेने के मामले में मतदान अधिकारी प्रथम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बीएसए का कहना है कि यह कार्य कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने की श्रेणी में आता है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने उमरी विद्यालय के सहायक अध्यापक आशीष कुमार की ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में लगाई थी। इन्होंने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के मतदेय स्थल 112 में मतदान कराया। यहां का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें आशीष कुमार ने मतदान के दौरान मतदाताओं की फोटो खींची और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी ली जो सरासर गलत है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र मुस्करा में संबद्ध किया गया है।

# तेज रफ्तार इको कार ने चार महिलाओं को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

### मृतकों में दो बहनें, एक ननद और एक बेटी

- चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर फ्लाईओवर के पास हादसा
- जबरदस्त टक्कर के बाद करीब 200 मीटर घसीटती ले गई कार

**अमृत विचार :** महाराजपुर थानाक्षेत्र स्थित चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर फ्लाईओवर के पास मंगलवार शाम फतेहपुर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहीं किशोरी समेत चार महिलाओं को रौंद दिया। हादसे में चारों की मौत हो गई। कार की चपेट में आकर महिलाएं करीब 200 मीटर तक घिसटती हुई चली गईं। एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल है। उसे हैलट अस्पताल भेजा गया है। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना पर डीसीपी पूर्वी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।



प्रयागराज हाईवे पर क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

श्याम नगर निवासी पूनम पांडेय (50) मंगलवार सुबह नीलवाली गली निवासी बेटी चंचल द्विवेदी (30) के साथ महाराजपुर थाना क्षेत्र निवासी ननद सरिता द्विवेदी (53) व रूपा तिवारी (38) के घर गई थीं। सरिता के पति जितेंद्र ने बताया कि शाम करीब साढ़े छह बजे पत्नी सरिता अपनी बेटी अपर्णा (17) व रूपा, पूनम और चंचल को कुछ दूर छोड़ने के लिए उनके साथ जा रहीं थीं। वह चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर रोड पार करने लगीं तभी फतेहपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने सभी को जोरदार टक्कर मार दी।

कार की चपेट में आकर पूनम, सरिता, चंचल व रूपा करीब 200 मीटर दूर घिसटती हुई चली गईं। हाथीपुर फ्लाईओवर के पास कार अनियंत्रित होकर दो बार पलट गई। हादसे के बाद क्षेत्रीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने पूनम, रूपा व सरिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चंचल व अपर्णा को हैलट रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान चंचल की भी मौत हो गई। सूचना पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार समेत कई थानों का फोर्स व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार जब्त कर घटनास्थल पर साक्ष्य संकलित किए। एक साथ चार लोगों की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### के. कविता मामले में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बीआरएस की नेता के. कविता के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर 31 मई को अपना फैसला सुना सकती है। ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी के इस दावे पर संज्ञान लेने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि उसके पास कविता पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत है।

### कुकी उग्रवादी समूह के खिलाफ प्राथमिकी

**इंफाल।** मणिपुर भूमि संसाधन विभाग ने उग्रवादी संगठन ''कुकी नेशनल फ्रंट'' के खिलाफ राज्य में दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भूमि संसाधन विभाग के अवर सचिव मंगोलजाओ कामेई ने इंफाल थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में जिक्र किया गया कि थैंटिंग के रूप में उल्लेखित जगह पर ''कुकी नेशनल फ्रंट मिलिट्री काउंसिल'' शब्दों वाला गेट लगाना थांगजिंग के नाम को अनधिकृत रूप से बदलने का संकेत देता है।

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने शाम 6:28 बजे आदेश सुनाना शुरू किया जिसमें 22 मिनट लगे। उन्होंने कहा कि सिसोदिया कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे।

# हिंदुओं की शक्ति को 4 जून के बाद महाशक्ति बना दूंगा : मोदी

## वाराणसी में नारी शक्ति संवाद के जरिए प्रधानमंत्री ने महिलाओं से साझा की दिल की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी।



- सपा के लड़के अब गलती करें वो हाल होगा, जो सोचा नहीं
- कहा, महिलाओं के बिना घर नहीं चल सकता तो देश कैसे चलेगा

**अमृत विचार :** इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि हिंदुओं की शक्ति का विनाश करके रहूंगा, लेकिन चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। मैं आपके लिए लगातार काम कर रहा हूं। आपके आशीर्वाद से नई ऊर्जा मिलती है। न थकता हूं, न रुकता हूं। झोपड़ी में रहने वालों को मेरी तरफ से कह देना कि चार जून के बाद पक्का मकान मिल जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं से संवाद करते हुए यह बातें कहीं।

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नारीशक्ति संवाद में मौजूद महिलाओं से दिल की बात साझा करते हुए मोदी ने कहा कि यह भारत की सक्सेज स्टोरी का बहुत बड़ा फैक्टर है। जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बिना कैसे चल जाता। उन्होंने कहा, पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की और घर दिए। हमने 11 करोड़ टॉयलेट बनाए हैं। मेरी बहन-बेटियों को इसकी बहुत जरूरत थी। मोदी ने गरीब महिलाओं के लिए बिना एक रुपये खर्च किए खाते खुलवाए, चार करोड़ से अधिक घर बनाए, उसकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर कराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा व कांग्रेस सरकारों ने महिलाओं की केवल उपेक्षा व असुरक्षा की। सपा के लड़के जरा आज गलती करके दिखाएं। योगी जी की सरकार वो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चंदौली से भाजपा प्रत्याशी महेंद्रनाथ पांडेय, मछलीशहर के प्रत्याशी बीपी सरोज, उप्र. महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, मीना चौबे आदि मौजूद रहे।

### प्रयागराज में मोदी बोले, 4 जून, 4 बजे 400 पार

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज में जनसभा में बोले कि सपा और कांग्रेस का सुशासन व सनातन से 36 का आंकड़ा रहा है। ये लोग सनातन को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। कहा कि सपा सरकार में एक जाति के लोगों को नौकरी दी जाती थी। यूपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया था। यह भी दावा किया कि 4 जून को चार बजे भाजपा की सीटों का आंकड़ा 400 के पार होगा।

### अपने माई के बिना कइले हईं नामांकन

मोदी ने कहा कि इ पहली बार ह, जब हम काशी क नामांकन अपने माई के बिना कइले हईं। मां गंगा ही अब हमार माई हइन। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने लोंगो से इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह भी दी।

### महंगाई डायन खाय जात है

प्रधानमंत्री ने तंज कसा कि कांग्रेस की सरकारों की पहचान एक गाने से खूब होती है.... महंगाई डायन खाय जात है। कांग्रेस सरकार रही होती तो आपकी रसोई का बजट दो-तीन गुना बढ़ चुका है, लेकिन मोदी प्रयास करता है कि आपके खर्चे कम हों।

## रामेश्वरम कैफे धमाका मामले में कई राज्यों में एनआईए की छापेमारी

- विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट से संबंधित मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक मार्च को कैफे में हुए विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। विस्फोट से कैफे को भारी नुकसान हुआ था। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अधिक विवरण साझा किए बिना कहा कि कई राज्यों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। तीन मार्च को जांच का जिम्मा संभालने वाली एजेंसी ने 12 अप्रैल को मामले के सरगना अब्दुल मतीन अहमद ताहा समेत दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखने वाले ताहा और अन्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था, जहां वे फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे।

### यौन उत्पीड़न मामले में कोर्ट ने तय किए आरोप

# मैं दोषी नहीं तो स्वीकार क्यों करुंगा : बृजभूषण

नई दिल्ली, एजेंसी



- डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख ने खुद को बताया निर्दोष

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और छह बार के लोकसभा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए। बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने न्यायाधीश से कहा कि जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा?

अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया। अगली सुनवाई एक जून को होगी।

एसीएमएम प्रियंका ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। अदालत ने बृज भूषण के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए। न्यायाधीश ने कहा आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। हालांकि अदालत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में बृज भूषण को आरोपमुक्त कर दिया क्योंकि उसके दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत नहीं थे।

## पूर्व आईएएस अधिकारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को उनके ठिकानों पर छापे मारे।

ईडी का मामला उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ सीबीआई द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 1982 बैच के आईएएस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने फरवरी में छापेमारी की थी। वह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले डीपीआईआईटी से 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय राजधानी के ग्रेटर कैलाश इलाके में और कुछ अन्य स्थानों पर अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि अभिषेक ने सेवानिवृत्ति के बाद उन निजी कंपनियों से परामर्श शुल्क के रूप में 'बड़ी रकम' प्राप्त करके खुद को समृद्ध किया, जिनके मामले में उन्होंने सेवा में रहते हुए निपटाए थे।

## भाजपा प्रत्याशी गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर रोक

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी को लेकर मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी। निवार्चन आयोग ने गंगोपाध्याय की टिप्पणी को 'निचले दर्जे का निजी हमला' करार दिया और कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आयोग का आदेश मंगलवार को शाम पांच बजे से प्रभावी होगा। आयोग ने गंगोपाध्याय को बनर्जी के खिलाफ असम्मानजनक टिप्पणी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## केंद्र सरकार प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करे

बेंगलुरु, एजेंसी

### सेक्स स्कैंडल मामला



- कर्नाटक सरकार ने किया औपचारिक अनुरोध

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने औपचारिक रूप से केंद्र सरकार से सेक्स वीडियो स्कैंडल के मुख्य आरोपी हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है। डॉ. परमेश्वर ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रज्ज्वल का गिरफ्तारी वारंट जारी करने की पुष्टि की और कहा कि हमने केंद्र सरकार से उनका पासपोर्ट रद करने का आग्रह किया है। एक बार ऐसा हो जाने पर प्रज्जवल रेवन्ना भारत लौटने के लिए बाध्य होंगे।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के अपने भतीजे से वापस लौटने और जांच में सहयोग करने की अपील के बारे में पूछे जाने पर इसे एक व्यक्तिगत पारिवारिक मुद्दा बताया। फोन टैपिंग के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. परमेश्वर ने किसी भी तरह की संलिप्तता से दृढ़ता से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी फोन-टैपिंग गतिविधि में शामिल नहीं है।

# बिभव को मुंबई ले गई दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी

### मालीवाल मारपीट मामला



- केजरीवाल के पीए ने मुंबई में फार्मेट कराया था फोन

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता एवं सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को उनके आईफोन का डेटा पुनः प्राप्त करने के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर राज्यसभा सदस्य मालीवाल पर हमला करने के आरोप में बिभव कुमार पांच दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने बताया कि कुमार ने मुंबई में अपने फोन को 'फॉर्मेट' कर दिया था या डेटा किसी अन्य उपकरण में भेज दिया था। उसने बताया कि कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था लेकिन फोन को 'फोर्मेट' किया जा चुका था। राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने शनिवार को केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया था।

### टालमटोल कर रहे केजरीवाल : उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने मंगलवार को कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गहरी चुप्पी महिलाओं की सुरक्षा पर उनके रुख के बारे में बहुत कुछ बोलती है। कहा कि मुख्यमंत्री को इस घटना पर टाल-मटोल और पैंतरेबाजी नहीं करनी चाहिए। आप ने पलटवार करते हुए कहा कि उपराज्यपाल का पत्र साबित करता है कि मालीवाल भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं।

## पात्रा बोले- भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त, विवाद बढ़ने पर माफी मांगी

भुवनेश्वर, एजेंसी



- तीन दिन उपवास रखकर करेंगे अपनी टिप्पणी के लिए पश्चाताप

भगवान जगन्नाथ पर जुबान फिसलने को लेकर विवादों में घिरे भाजपा नेता और पुरी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी संबित पात्रा ने विभिन्न वर्गों से आलोचनाओं के बाद माफी मांगी है और मंगलवार से तीन दिन तक उपवास रखकर प्रायश्चित करने की घोषणा की है। पात्रा ने सोमवार को टेलीविजन चैनलों से बातचीत में कहा था कि राज्य के प्रतिष्ठित देवता भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भक्त हैं। पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया था कि यह सिर्फ जुबान फिसलने के कारण हुआ और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के परम 'भक्त' हैं। पात्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि...इस गलती के लिए, मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगता हूं। मैं इस गलती का प्रायश्चित करने के लिए अगले तीन दिन उपवास करूंगा।

पात्रा की टिप्पणी पर विवाद तब बढ़ गया जब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटायक ने उनके बयान की कड़ी निंदा की ।

### संबित के बयानों के लिए माफी मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भगवान जगन्नाथ को लेकर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा की जुबान से निकले शब्द पर सियासत गहरा गई है। कांग्रेस ने इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा के बयान की कड़ी निंदा की।

# भीषण गर्मी में चरमराई प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- ओबरा समेत कई विद्युत उत्पादन इकाइयां ठप
- संकट में एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही आपूर्ति

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। भारी मांग के कारण ओबरा की तीन इकाइयों समेत कुल पांच इकाइयां तकनीकी खराबी से ठप हो गई हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा रहा है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बीते दिनों ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं। इसके साथ ही, ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व रोजा बिजलीघर की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप हो गया है। 23 मई तक सभी बंद इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन दिनों प्रदेश में बिजली की मांग 26 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति संभाली जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, राजधानी समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में ट्रांसफार्मर फुंकने, बिजली लाइनों के टूटने व अन्य खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। उमस भरी गर्मी में लोगों को घंटों बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि सभी वितरण कंपनियों को समय पर खराबी दूर बिजली आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

### दोषी अफसरों पर हो कार्रवाई : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस साल ज्यादा तकनीकी खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफॉर्मरों पर लोड संतुलित न होने व पुरानी लाइनों को न बदले जाने के कारण यह स्थिति बनी है। अंडरग्राउंड केबल में वैकल्पिक केबल न होने से बिजली आपूर्ति समय पर बहाल नहीं हो पा रही है। उन्होंने इस मामले में जांच कर दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि परिषद की ओर से बड़ी तकनीकी खराबियों के बारे में अध्ययन रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे राज्य विद्युत नियामक आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन से साझा किया जाएगा।

### यूपी समेत छह राज्यों में हीट वेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़े जैसी स्थिति जारी रहने का अनुमान जताया गया है। आईएमडी ने बुधवार को कहा कि 21 से 25 मई तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़े चलने का अनुमान है। 25 मई तक जम्मू, हिमाचल, गुजरात, मध्य प्रदेश, विदर्भ और महाराष्ट्र में लू चलने जैसी स्थिति बने रहेगी।

# जीआईएस सर्वे से उद्यमी खफा, की शिकायत

**मेरी आवाज सुनो**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- उद्योगपतियों ने खोला मोर्चा, स्थानीय स्तर पर भी उठाएंगे मुद्दा
- अधिक टैक्स व गलत सर्वे से नाराजगी, नहीं सुन रहे अधिकारी

**अमृत विचार।** जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम्स (जीआईएस) सर्वे के बाद नगर निगम की ओर से तय किए गए टैक्स का उद्यमियों ने विरोध कर दिया है। उद्यमियों-कारोबारियों ने इसकी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय में कर दी है। इस मुद्दे को शहर स्तर पर भी उठाने की योजना बना रहे हैं। उद्यमियों ने दावा किया कि यह सर्वे गलत तरीके से हुआ है, उन लोगों के पास त्रुटिपुर्ण टैक्स की रसीदें आई हैं। उन लोगों ने नगर निगम की ओर से जारी नोटिस को भी विरोध किया है।

नगर निगम की ओर से शहर में आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों की वास्तविक स्थिति जानकर उसी आधार पर टैक्स का निर्धारण किया गया है। लोगों को टैक्स वसूली के लिए बिल दिए गए थे। तय समय पर बिल न दिए जाने पर नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद शहर के उद्यमियों ने इस प्रक्रिया का विरोध कर दिया है। उनका कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में यह सर्वे गलत तरीके से हुआ है। लाखों रुपये का अनावश्यक टैक्स दिखाया गया है। इसकी शिकायत अधिकारियों से की पर सुनवाई नहीं हुई। पीएम पोर्टल पर इस शिकायत को दर्ज कराया है।

### उद्योगबंधु की बैठक में उठाएंगे मुद्दा

उद्यमियों और कारोबारियों ने बताया कि पीएम से शिकायत करने के बाद अब वे लोग इस मुद्दे को शहर स्तर पर भी उठाएंगे। शहर के कई उद्यमियों से बातचीत भी हो चुकी है। उद्योग बंधु की बैठक में भी इसे शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उद्यमियों ने यह भी बताया कि यह सर्वे किस आधार पर हुआ इसकी जानकारी उन लोगों को नहीं है।



■ नगर निगम करदाताओं को एकतरफा नोटिस जारी कर रहा है। इसमें 5 से 10 साल पहले से वार्षिक मूल्यांकन को तीन गुना और कुछ मामलों में तो यह पांच से दस गुना तक बढ़ाकर संशोधित करने का प्रस्ताव दिया गया है। यह पूरी तरह अनुचित है। प्रस्तावित संशोधन जीआईएस सर्वेक्षण पर आधारित है। हम अनभिज्ञ हैं कि ऐसा सर्वेक्षण कब और किसने किया।

**–सुशील शर्मा, चेयरमैन, इंडस्ट्री कमेटी मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश**



■ मूल्यांकन संशोधन का ऐसा अनुचित प्रस्ताव सभी करदाताओं, विशेषकर उद्योगों पर बहुत बुरा प्रभाव डालेगा। एक ओर सरकार उद्योगों के लिए हर संभव राहत देने की बात करती है। दूसरी ओर इस तरह की अलोकप्रिय कार्यवाही की जा रही है। इससे उद्यमियों और उद्योग को काफी नुकसान हो सकता है। उद्यमियों में इसे लेकर आक्रोश है।

**–मनीष कटारिया, चेयरमैन, इन्फ्रास्ट्रक्चर कमेटी, मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश**

## सेंट्रल पर औचक निरीक्षण, 31,120 रुपये जुर्माना

**कानपुर।** सहायक वाणिज्य प्रबंधक (डिप्टी सीटीएम) संतोष त्रिपाठी ने सोमवार रात अचानक सेंट्रल स्टेशन पर निरीक्षण किया। ट्रेनों में टिकट चेकिंग के साथ प्लेटफार्म पर खानपान और गंदगी को भी देखा। निरीक्षण के दौरान 60 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 31,120 रुपये जुर्माना वसूला।

उपमुख्य यातायात प्रबंधक के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने आरपीएफ, जीआरपी के साथ हर प्लेटफार्म पर जाकर चेकिंग की। सेंट्रल आने वाली सभी ट्रेनों में टिकट चेकिंग की गई। प्लेटफार्मों पर खानपान स्टालों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता देखी।

## ट्रक से कुचले मैकेनिक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर में ट्रक के पहिए में काम करते समय चपेट में आए मैकेनिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पत्नी की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। अब उसके तीनों बच्चे अनाथ हो गए।

विश्व बैंक बर्रा निवासी 51 वर्षीय ट्रक मैकेनिक राकेश शर्मा श्याम नगर स्थित एक वर्कशॉप में काम करते थे। परिवार में दो बेटे विकास और आकाश तथा एक बेटी शिवानी है।

पत्नी पम्मी की पांच वर्ष पहले मौत हो गई थी। भतीजे पुनीत ने बताया कि 10 मई को चाचा राकेश वर्मा ट्रक के नीचे लेटकर पहिए में काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक चालक ने गाड़ी आगे बढ़ा दी थी, जिससे चाचा नीचे दब गए थे। सोमवार देर रात हैलट में उनकी मौत हो गई।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखो में त्रुटिवश अंकित कुमार गर्ग के स्थान पर अंकित गर्ग दर्ज हो गया है। जिसे अब मेरा सही नाम **अंकित कुमार गर्ग पुत्र श्री अशोक कुमार गर्ग, निवासी मो. गुलाम अलीपुरा थाना दरगाह शरीफ तहसील व जिला बहराइच** पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे मकान E–1/86 सेक्टर B- अलीगंज लखनऊ का मूल आवंटन और कब्ज़ा पत्र जो श्री नाथ तिवारी पुत्र राम आधार को आवंटित थे, खो गये है, जिसका उपयोग अवैध है – **श्रीमती स्वर्ण बाला तिवारी पत्नी राजेश कुमार तिवारी निवासी मकान नं0 – 46–।** मानसनगर, जियामऊ, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम विनोद था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम विनोद कुमार विश्वकर्मा रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जान व पहचाना जाय। **विनोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम कुमार, निवासी– पचार, तिवारी बाजार, गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र रईस अहमद व उसकी पत्नी फिजा बानो पुत्री फुजैल अहमद दोनों को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। रईस अहमद व उसकी पत्नी फिजा बानो के किसी कृत्य से मेरा व मेरे परिजनों का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। – **रशीद अहमद पुत्र वसी अहमद, ग्राम– ऐनी हतिन्सी, थाना व तहसील– कैसरगंज, जनपद – बहराइच**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाईस्कूल अंक पत्र, सह प्रमाण–पत्र, वर्ष 2016, रोल नं. 1147310, व इंटरमीडिएट अंक पत्र व सह प्रमाण–पत्र वर्ष 2018, रोल नंबर 0909167 का अंक पत्र, सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही गुम हो गया है। – **सुशीला सरकार पुत्री जगदीश सरकार, निवासी– ग्राम–मियांपुर, पोस्ट राजापुर बेनी, तह0– मोहम्मदी, जिला– लखीमपुर खीरी –262804**

**तलाश गुमशुदा**



सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड संख्या 201942377197 एवं पैन कार्ड संख्या (सीडीपीपीबी 4995 आर) में अकबरी बानों जन्मतिथि 01.01.1960 पूर्व में अंकित था। अब संशोधन करवाकर मैंने अपना नाम वारी निशा एवं जन्मतिथि 10.10.1962 अंकित करवाया है, जो सही है। – **वारी निशा पत्नी अख्तर अली, निवासी ग्राम करौंदिया देहात, चुनहा (ढखवा), सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम समीरूल से बदलकर मोहम्मद समीरूल रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद समीरूल के नाम से जाना व पहचाना जाय। –**मोहम्मद समीरूल पुत्र मोहम्मद इकबाल, निवासी– मं0नं0 392/52, मैदान एल0एच0खान, थाना– सआदतगंज, लखनऊ,**

# नालों की सफाई की धीमी है चाल बारिश में होगा शहर का बुरा हाल

## सीसामऊ नाले में पटी गंदगी, 15 जून तक नालों से सिल्ट निकालकर उठानी भी है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सीसामऊ नाले की सफाई नहीं की गई है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्वालटोली में सांई मंदिर के पास सीसामऊ नाले में गंदगी का अंबार लगा है। नाले की सफाई का कार्य एक माह पहले शुरू किया गया। लेकिन सही से सफाई न होने की वजह से गंदगी भरी हुई है। दक्षिण में आरबीआई कॉलोनी के बाहर भी नाले का यही हाल है। विजय नगर से निकले गंदा नाले की भी अभी तक सफाई नहीं हो सकी है। शहर के अन्य छोटे बड़े नालों को 15 जून से पहले साफ करना है लेकिन अभी 30 फीसदी शहर के नाले भी साफ नहीं सके हैं। जबकि नगर निगम ने इस बार समय से पहले ही सफाई कार्य शुरू करा दिया है।

लोकसभा चुनाव को देखते हुये नगर निगम ने इस बार नाला सफाई के टेंडर कराकर वर्क आर्डर पहले ही जारी कर दिये थे। इंजीनियरिंग विभाग के 224 बड़े नालों की सफाई में पांच करोड़ 11 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कई ठेकेदारों ने नाला सफाई का कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन यह कार्य बड़ा सुस्त है। नगर आयुक्त ने कहा था कि 15 जून तक नालों से सिल्ट निकालने के साथ ही सिल्ट का उठान भी पूरा किया जाये। सीओडी नाले की सफाई न होने की वजह से बरसात में दक्षिण के 100 मोहल्लों में समस्या खड़ी हो सकती है।

### सफाई नहीं तो रुकेगा भुगतान

नगर निगम अधिशाषी अभियंता ने सभी ठेकेदारों को निर्देश दिये हैं कि सात दिन के अंदर डॉट नालों की सफाई की जाये। नाला सफाई का कार्य मानव बल से किया जा रहा है लेकिन डॉट नालों की अंदर की सफाई नहीं की जा रही है। जबकि बकेट मशीन से नालों की सफाई के निर्देश जारी किये गये हैं। अधिशाषी अभियंता ने कहा कि अगर निश्चित समय में नालों की सफाई नहीं की जाती तो भुगतान नहीं किया जायेगा।

| जोन | बड़े नाले |
|---|---|
| 1 | 22 |
| 2 | 41 |
| 3 | 43 |
| 4 | 20 |
| 5 | 56 |
| 6 | 42 |

**ठेके पर साफ होने वाले बड़े नाले**

**07** करोड़ रुपये नाला सफाई में होंगे खर्च

**224** इंजीनियरिंग विभाग के बड़े नाले

**1209** स्वास्थ्य विभाग के छोटे नाले

### 1209 छोटे नालों की सफाई में भी दिक्कत

■ स्वास्थ्य विभाग के 1209 छोटे नालों की सफाई में दो करोड़ रुपये खर्च होने हैं। नगर निगम रबिश प्रभारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के नाला सफाई में कुल 88 हजार मानव बल लगेगा। कई क्षेत्रों में छोटे नालों के ऊपर पक्के स्लैब बना लिये गये हैं। जिन्हें मानव बल से तोड़ा जाना मुमकिन नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिये मशीनों की मदद मांगी है। मशीनों के बिना नालों की सफाई होने में दिक्कत हो रही है।



सीटीआई नहर की सफाई करती नगर निगम की मशीन। अमृत विचार

## सीटीआई और हलुवाखाड़ा नहर साफ करेगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिंचाई विभाग की जिम्मेदारी को नगर निगम ने अपने कंधों पर लिया
- जनहित में नगर आयुक्त ने किया फैसला, सफाई कार्य कराया शुरू

**अमृत विचार।** सीटीआई और हलुवाखाड़ा नहर में गंदगी का अंबार है। कई शिकायतों के बाद भी सिंचाई विभाग नहरों को साफ नहीं करता है। जिससे स्थानीय लोग परेशान होते हैं। मंगलवार से नहरों की सफाई की जिम्मेदारी अब नगर निगम ने संभाली है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने आदेश जारी कर कहा है कि जनहित में नहरों की सफाई नगर निगम अपने संसाधनों से करेगा।

सिंचाई विभाग नहरों की सफाई समय से नहीं कराता, इसके अलावा सिल्ट का उठान भी समय से नहीं कराया जाता है। बारिश में सिल्ट दोबारा नहरों में चली जाती है, जिसकी वजह से जलभराव होता है। इस समस्या को देखते हुये सिंचाई विभाग के स्वामित्व वाली दोनों नहरों की सिल्ट सफाई व सिल्ट उठान का कार्य नगर निगम कराएगा। सीटीआई नहर की सिल्ट सफाई का कार्य नगर निगम ने शुरू भी करा दिया है।

# मेट्रो ने क्षतिग्रस्त की शहर की पहली स्मार्ट रोड, अब ठीक भी कराएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- झाड़ी बाबा पड़ाव से पनचक्की चौराहे तक सड़क खराब
- नगर आयुक्त ने मेट्रो अधिकारियों के साथ की बैठक




**अमृत विचार।** मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से क्षतिग्रस्त हुई शहर की पहली स्मार्ट रोड को कानपुर मेट्रो ठीक कराएगा। नगर आयुक्त ने मंगलवार को मेट्रो के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि झाड़ी बाबा पड़ाव से पनचक्की चौराहे तक बनाई गई स्मार्ट रोड की सड़क, नाली, फुटपाथ व रेलिंग को मेट्रो ने डैमेज किया है। अधिकारी संयुक्त सर्वे करते हुए धनराशि का आकलन कर लें। मेट्रो खुद ही सड़क का निर्माण करा दे या धनराशि स्मार्ट सिटी को दे।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मेट्रो खोदाई से नगर निगम को हो रही क्षति के सम्बन्ध में मेट्रो के मुख्य अभियन्ता अजहर सरताज व परियोजना निदेशक ऋषि गंगवार के साथ बैठक की। नगर आयुक्त के कार्यालय में हुई बैठक में नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष कुमार अवस्थी, जलकल महाप्रबन्धक एके त्रिपाठी, अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट आरके सिंह को भी बुलाया गया।

इस दौरान नगर आयुक्त ने कहा कि मेट्रो की वजह से नगर निगम को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है इसके साथ ही आम जनता भी परेशान है। मेट्रो निर्माण के दौरान सीओडी नाले की मेट्रो ने कई जगह चौड़ाई मलबा डालकर कम कर दी है, कई जगह तो नाले को बन्द कर दिया है। नाले की सफाई में मेट्रो सहयोग प्रदान करे। सीसामऊ नाले के अन्तर्गत लाल इमली कॉलोनी के अन्दर निर्माण के दौरान जो भी डैमेज किया है, उसमें भी जोनल अभियन्ता-4 के साथ संयुक्त सर्वे कर मरम्मत कराने के लिये धनराशि का आकलन किया जाये।

### 10 गुना पौधे लगाने को स्थल का हो चयन

मेट्रो निर्माण के दौरान बर्रा–8 से सीटीआई होते हुए विजय नगर तक ग्रीनबेल्ट हटायी जानी है। इसके सम्बन्ध में नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि सर्वप्रथम इसकी अनापत्ति दो–तीन दिन में प्राप्त कर लिया जाये। जो भी पेड़–पौधे काटे जाएं, उसकी जगह मेट्रो 10 गुना अधिक पौधे लगाये जाने के लिये स्थल का चयन करे और तत्काल अवगत कराये। बैठक में मुख्य अभियंता मार्गप्रकाश आरके पाल व जोनल अधिकारी मौजूद रहे।

## बिल्डिंग में मिला वृद्ध का खून से सना शव

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र के लखनपुर इलाके में दिवंगत आईपीएस की बिल्डिंग में एक वृद्ध सफाई कर्मी का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बिल्डिंग में अलग-अलग कंपनियों के ऑफिस हैं। वृद्ध उन ऑफिसों में साफ-सफाई का काम करता था। रविवार होने के कारण ऑफिस बंद थे, सोमवार को दुर्गंध उठी तो लोगों को जानकारी हुई।

लखनपुर निवासी राहुल मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनका गुरुदेव मेट्रो स्टेशन के पीछे बने दिवगंत आईपीएस आरके मिश्रा के मकान में ऑफिस है। बिल्डिंग में कई ऑफिस बने हैं। दिवंगत आईपीएस का परिवार बिल्डिंग के आगे के भाग में रहता है। राहुल के अनुसार सोमवार सुबह जब वह अपने ऑफिस आए तो दुर्गंध आ रही थी।

ऊपरी मंजिल पर गए जहां सर्विस क्वार्टर के पास कमरे और बाथरूम के बीच नवाबगंज परमियापुरवा निवासी 60 वर्षीय सफाई कर्मी मोहनलाल का शव पड़ा था। सफाई कर्मी के सिर पर चोट दिखी, काफी खून फर्श पर जमा था। उन्होंने बताया कि वृद्ध क्षेत्र में कई मकानों में सफाई का काम करता था और शराब का लती था। इस संबंध में रावतपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**हेल्थ जोन** बच्चेदानी में रसौली होने से बढ़ गया था महिला का पेट, सब समझ रहे थे गर्भवती

# बच्चा समझ जिसे पेट में पालती रही, वो निकली रसौली



टीम के साथ ऑपरेशन करतीं डॉ. रेनू गुप्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला हुई स्वस्थ

**अमृत विचार।** एक महिला गर्भवती होने की संभावना में पेट में रसौली को बच्चा समझकर पालती रही। रसौली से महिला के पेट का आकार भी बढ़ गया जिससे परिजन भी उसे गर्भवती समझते रहे। दर्द को गर्भावस्था का दर्द समझकर नजरअंदाज करते रहे। परेशानी बढ़ने पर महिला हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल पहुंची तो जांच में बच्चेदानी में फुटबॉल के आकार की रसौली पता चली, जिसे ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया।

शुक्लागंज निवासी 32 वर्षीय महिला ने बताया कि करीब एक साल पहले पेट में दर्द की समस्या शुरू हुई थी। पेट में भारीपन होने लगा। पेट का आकार भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा था।

वह खुद को गर्भवती मानकर पूरी देखरेख करती रही। लेकिन गर्भकाल का समय बीतने के बाद भी पेट का आकार और दर्द बढ़ता रहा तो शुक्लागंज में कई अस्पतालों में इलाज व जांच कराई, लेकिन आराम नहीं मिला। हालत अधिक खराब होने पर परिजन उसे 14 मई को मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग लेकर पहुंचे। यहां पर डॉ.रेनू गुप्ता ने महिला को भर्ती कर कुछ जांचें कराईं तो रसौली का पता चला। डॉ. रेनू गुप्ता ने 17 मई को डॉ.पाविका लाल, डॉ.गरिमा गुप्ता, डॉ.करिश्मा, डॉ.स्वप्निल, डॉ.आयुषी, डॉ.विनिका, डॉ.अपूर्व के साथ ऑपरेशन किया। डॉ.रेनू गुप्ता ने बताया कि महिला की बच्चेदानी से फुटबॉल के आकार की रसौली निकाली गई। बच्चेदानी में रसौली होने की वजह से मरीज की किडनी पर भी असर पड़ने लगा था। टीम में शामिल डॉक्टरों ने मरीज के लिए ब्लड की व्यवस्था अपने स्तर से की। महिला ने डॉक्टरों का शुक्रिया अदा किया और उसे एक हफ्ते में छुट्टी भी मिल गई।

**इंडियन बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **Indian Bank** (A Govt. of India Undertaking)

इलाहाबाद ALLAHABAD

**अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, (उ. प्र.)– 210001**
**परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित प्रर्वतन नियम 2002 के नियम 8(1) के अर्न्तगत**
**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इफोरसमेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट के अंतर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोरसमेन्ट) रूल्स 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए ऋणी को तिथि नीचे दी गई को डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनो के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा बकाया ऋण राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपतियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन संपतियों का सौदा न करें। इन संपतियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक), के प्रभार के अधीन होगा।
साथ ही ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की तरफ आकर्षित किया जाता है जो प्रतिभूति सम्पत्ति के मोचन के लिये उपलब्ध समय से सम्बन्धित है।

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ) | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / कब्जा तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| | **शाखा: पनवाड़ी, जिला महोबा, मो. नं. 7752951337** | | |
| 1. | **ऋणी:** मेसर्स आनंद ब्रदर्स **प्रोपराइटर:** विनोद कुमार पुत्र श्री टेक चंद्र **नवासी: मुख्य बाजार** पोस्ट पनवारी, तहसील कुलपहाड़ महोबा (उ.प्र.) **बधंककर्ता:** श्री राजेंद्र कुमार **निवासी:** मोहल्ला अल्लीपुरा मौजा व पोस्ट पनवारी, तहसील कुलपहाड़ महोबा (उ.प्र.) डिमांड नोटिस तिथि: 30.09.2020 | सम्पत्ति, जो राजेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय टेक चंद्र के नाम पर है। जो मोहल्ला अल्लीपुरा मौजा एवं पोस्ट पनवाड़ी तहसील कुलपहाड़ महोबा (उ.प्र.) पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल: 735 वर्ग फिट (सेल डीड के अनुसार, सब–रजिस्ट्रार ऑफिस, दिनांक 18.01.2005 कुलपहाड़ मे पंजीकृत है।, बही संख्या 1, खण्ड संख्या 90, पेज संख्या 265 से 278, डीड संख्या 36) चौहद्दी: पूर्व: घासी राम का प्लॉट, पश्चिम: सार्वजनिक कच्चा रोड, उत्तर: भगवान दास सोनी का प्लॉट, दक्षिण: श्रीमती राम श्री का मकान, | 30.09.2020 रू. 7,69,384.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 16.05.2024 रू. 7,69,384.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |
| 2. | **ऋणी:** मेसर्स हमीदिया इस्लामिया स्कूल **पता:** पनवारी तहसील कुलपहाड़ जिला महोबा (उ.प्र.) **प्रोपराइटर एवं बधंककर्ता:** श्री सैयद मोहम्मद नईम **निवासी:** काजीपुरा तालाब, ग्राम व पोस्ट पनवाड़ी, परगना व तहसील कुलपहाड़, जिला महोबा (उ.प्र.) डिमांड नोटिस तिथि: 27.01.2020 | 1) सम्पत्ति, जो हमीदिया इस्लामिया कॉलेज/स्कूल के नाम पर है। और प्रबंधक श्री मोहम्मद नईम पुत्र श्री अब्दुल हकीम के माध्यम से बधंक है। जो गाटा सं. 401 मौजा पनवाड़ी तहसील कुलपहाड़ महोबा (उ.प्र.) पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल: 0.291 हे.) (सेल डीड के अनुसार, सब–रजिस्ट्रार ऑफिस, दिनांक 09.09.2005 कुलपहाड़ मे पंजीकृत है।, बही संख्या 17, खण्ड संख्या 661, पेज संख्या 323 से 344, डीड संख्या 4308) चौहद्दी: पूर्व: श्री मोहम्मद जलील एवं श्री ऐजाज अली की संपत्ति, पश्चिम: मोहम्मद उस्मान की संपत्ति, उत्तर: सेक्टर की सड़क गाटा संख्या 406, मोहम्मद हबीब, दक्षिण: तालाब के पार, 2) सम्पत्ति, जो श्री सैयद मोहम्मद नईम पुत्र श्री अब्दुल हकीम के नाम पर है। जो गाटा सं. 379 मौजा पनवाड़ी तहसील कुलपहाड़ महोबा (उ.प्र.) पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल: 419 वर्ग मीटर (सेल डीड के अनुसार, सब–रजिस्ट्रार ऑफिस, दिनांक 23.06.2014 कुलपहाड़ मे पंजीकृत है।, बही संख्या 14, खण्ड संख्या 1539, पेज संख्या 195 से 2140, डीड संख्या 3628) चौहद्दी: पूर्व: मोहम्मद नईम का खेत, पश्चिम: अन्य का खेत, उत्तर: जरवा पनवाड़ी लिंक रोड, दक्षिण: श्रीमती कमला का खेत, | 27.01.2020 रू. 20,24,794.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 16.05.2024 रू. 20,24,794.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |
| | **शाखा: बिंदकी, जिला फतेहपुर, मो. नं. 9415477844** | | |
| 3. | **ऋणी एवं बंधककर्ता:** श्री राम नारायण पुत्र गंगा प्रसाद, **पता:** अरईपुर खजुहा अरईपुर फतेहपुर, खजुहा उ.प्र. – 212657 **गारंटर:** श्रीमती उर्मिला देवी, पत्नी श्री राम नारायण घेरवा, **पता:** अरईपुर खजुहा अरईपुर फतेहपुर, खजुहा उ.प्र. – 212657 डिमांड नोटिस तिथि: 28.02.2024 | आवासीय मकान, जो गाटा संख्या 384 अरईपुर परगना कोरा, तहसील बिंदकी, जिला। फतेहपुर, उत्तर प्रदेश पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल: 162 वर्ग मी. चौहद्दी: पूर्व: लखन लाल का मकान, पश्चिम: राम खेलवान का खेत, उत्तर: खरंजा 6 फीट फिर तालाब, दक्षिण: गंगा राम का खेत, | 28.02.2024 रू. 13,83,785.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 16.05.2024 रू. 13,83,785.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |
| 4. | **ऋणी:** रियासत हुसैन पुत्र इकबाल, **पता:** 134, कजियाना, बिंदकी, फतेहपुर गारंटर: सयादा खातून पत्नी रियासत हुसैन, निवासी सराय कजियाना, बिंदकी, फतेहपुर –212635 डिमांड नोटिस तिथि: 17.01.2024 | एक आवासीय प्लॉट आराजी संख्या 301, खाता सं. 00012, हरतपुर बाहर क्षेत्र, परगना एवं तहसील बिंदकी, जिला–फतेहपुर पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल: 123.69 वर्ग मी. चौहद्दी: पूर्व: कच्चा रास्ता 13 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: असलम एवं आसीन की भूमि, उत्तर: रामदत्त की भूमि, दक्षिण: अहतशाम की भूमि, | 17.01.2024 रू. 14,74,012.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 16.05.2024 रू. 14,74,012.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |
| | **शाखा: चिल्ला, जिला बांदा, मो. नं. 9793764097** | | |
| 5. | 1. रामविजय अवस्थी पुत्र रामदेव अवस्थी, ग्राम एवं पोस्ट–पदारथपुर, चिल्ला, बांदा (ऋणी एवं बंधककर्ता) 2. सुधा अवस्थी पत्नी रामविजय अवस्थी, ग्रामपोस्ट – पदारथपुर, चिल्ला, बांदा (बंधककर्ता) 3. राकेश कुमार साहू पुत्र राम बहोरी, ग्रामपोस्ट–चिल्ला, बांदा (गारंटर) 4. मनोज कुमार तिवारी पुत्र तुलसीदास, निवासी–मवई बुजुर्ग, कटाई मिल के पास, सेकुल कुवां, बांदा, निवासी हिम्मतपुर, तहसील–बिन्दकी, फतेहपुर डिमांड नोटिस तिथि: 20.02.2024 | एक आवासीय प्लॉट, जो आराजी संख्या 5350 मौजा– मवई बुजुर्ग (कटाई मिल के पास), बांदा पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल: 122.91 वर्ग मी. और जो राम विजय अवस्थी पुत्र स्वर्गीय रामदेव अवस्थी के नाम पर है। चौहद्दी: पूर्व: 5.50 मीटर सड़क, पश्चिम: विक्रेता की भूमि, उत्तर: श्री अनुराग गुप्ता का प्लॉट, दक्षिण: श्री विजय यादव का प्लॉट, | 20.02.2024 रू. 17,28,368.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 16.05.2024 रू. 17,28,368.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |

दिनांक: 22.05.2024 स्थान: महोबा, बांदा, फतेहपुर प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

39.8⁰ अधिकतम तापमान | 27.8⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 19 | सूर्यास्त 06 : 52

## एक नजर

### नगर निगम ने 26 अवैध होर्डिंगें हटाईं

**कानपुर।** नगर निगम ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर मंगलवार को नगर निगम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 26 अवैध होर्डिंग को उतार दिया। कई जगह बुलडोजर से होर्डिंग को धाराशायी करने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने कालपी रोड, स्वराजनगर, पनकी, आंबेडकर नगर ओर आवास विकास रोड पर अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग हटा दीं। अशोक नगर में जर्जर मकान की छत पर लगी होर्डिंग को भी गैस कटर से काटने का काम शुरू कर दिया गया। नगर निगम विज्ञापन प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि बुधवार से निजी एजेंसियां भी मकानों से होर्डिंग हटाने का काम करेंगी।

### मेडिकल कॉलेज के पास युवती से छेड़छाड़



**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में मेडिकल कॉलेज निवासी युवती से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर पिटाई कर दी गई। पीड़िता के भाई ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक का आरोप है कि सोमवार रात अंशुमान गुप्ता नाम के युवक ने गेट नंबर तीन के पास उसकी बहन से छेड़छाड़ और मारपीट की। आरोपी ने बहन का फोन तोड़ दिया। वह मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उनसे भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में स्वरूपनगर थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फैक्ट्री में लगी आग दमकल ने बुझाई

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आनंदेश्वरी पॉली पैक फैक्ट्री के प्रथम तल में इनवर्टर बैटरी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पनकी पुलिस ने बताया कि आग लगने से ज्यादा नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# आरोप, पुलिस की दहशत में युवक ने जहर खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद के चूना भटिया की घटना, पुलिस ने युवक को पीटकर छीना था मोबाइल
- मोबाइल लेने के लिए थाने बुला रही थी पुलिस, डर के मारे नहीं जा रहा था युवक

**अमृत विचार।** सचेंडी में पुलिस की वसूली से त्रस्त होकर सब्जी विक्रेता के जान देने का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था कि नजीराबाद पुलिस ने एक कारनामा कर डाला। आरोप है कि थानाक्षेत्र में एक युवक ने पुलिस की प्रताड़ना और दहशत के कारण जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने बिना किसी वजह उसे बेरहमी से पीटा। इससे वह इस कदर डर गया था कि एक सप्ताह तक घर नहीं आया। इसके बाद लौटा तो जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगा लिया। आक्रोशित परिजनों ने आला अफसरों से शिकायत की बात कही है।

नजीराबाद थानाक्षेत्र के आरके नगर चूना भटिया निवासी 34 वर्षीय संतोष उर्फ बब्लू होजरी का काम करता था। बड़े भाई हरीशंकर, बहन रानी ने आरोप लगाया कि पिछले मंगलवार को पड़ोसी गंगाराम के घर दो पक्षों में विवाद को शांत कराने पुलिसकर्मी आए थे। उसी दौरान संतोष उर्फ बब्लू नशे में अपनी मां रामप्यारी से लड़ गया। शोर-शराबा होने पर पुलिसकर्मी उसके घर भी पहुंच गए। पुलिस को देखकर संतोष ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। पुलिसकर्मियों के कहने पर भी दरवाजा नहीं खोला। इस पर पुलिस बगल की दीवार फांदकर घर में घुस गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि छह पुलिसकर्मियों ने दरवाजे का एक पल्ला तोड़ डाला। इसके बाद संतोष को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया और उसका एंड्रायड मोबाइल छीन लिया। बड़े भाई हरीशंकर, मां रामप्यारी व बहन ने आरोप लगाया कि उसका मोबाइल पुलिस वाले ले गए।



संतोष उर्फ बब्लू।

इसके बाद डर के मारे संतोष ने हाथ की नस काट ली। पुलिस की दहशत के कारण उसने घर में रहना बंद कर दिया था। मां ने बताया कि वह अगले दिन थाने गईं और पुलिसकर्मी से संतोष का फोन मांगा तो उन्होंने संतोष को लेकर आने की बात कही। संतोष किसी हालत में थाने जाने को तैयार न था और पुलिस वाले उसे बुलाने पर अड़े थे। इससे डरकर सोमवार को संतोष ने घर आकर जहरीला पदार्थ पीने की जानकारी दी। उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार देर रात उसकी मौत हो गई।



घटना बयां करतीं मां रामप्यारी, बहन रानी। अमृत विचार

### विसरा सुरक्षित, पुरानी चोट के मिले निशान

बड़े भाई हरीशंकर ने बताया कि मंगलवार को संतोष उर्फ बब्लू के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से विसरा सुरक्षित रखा गया है। कौन से जहरीले पदार्थ का इस्तेमाल हुआ था, इसकी जांच के लिए विसरा को फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा। संतोष के पैरों और हाथों की उंगलियों और शरीर पर पुरानी आधा दर्जन चोटों के निशान मिले हैं। जिसे लगभग एक सप्ताह पहले का बताया गया है।

### हर वक्त लगता था कि पुलिस उठा ले जाएगी

संतोष उर्फ बब्लू की पुलिस की दहशत में जहर खाने से मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने बच्चे को बहुत मारा, बाल पकड़कर घसीटा, जूते से हाथ की अंगुलिया दबाईं। वह इतना डर गया था कि उसे हर वक्त यही लगता था कि पुलिस उसे उठा ले जाएगी। इसलिए वह दहशत के कारण घर में नहीं रह रहा था। सोमवार को वह जहरीला पदार्थ खाकर घर आया था। बड़े भाई हरीशंकर के अनुसार भाई उस रात बहुत डर गया था वह बार बार कह रहा था पुलिस ले जाएगी। उसे खौफ था कि घर जाएगा तो पुलिस उठा ले जाएगी। इसी डर में उसने जहर खा लिया।



पोस्टमार्टम हाउस में जानकारी देता संतोष का बड़ा भाई हरीशंकर और चाचा विनोद।



पुलिस ने तोड़ा था घर का यही दरवाजा।

> महिला ने खुद पुलिस को फोन करके बेटे की नशेबाजी के बारे में बताया था। मारपीट की बात बिल्कुल असत्य है। परिवार जो भी आरोप लगा रहा है, उनकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **कौशलेंद्र प्रताप सिंह, नजीराबाद थाना प्रभारी**

> परिजनों के आरोप पूरी तरह से असत्य और निराधार हैं। महिला की सूचना पर ही पुलिस गई थी। बेटे के खिलाफ कोई कार्रवाई न चाहने के कारण पुलिस वापस लौट आई थी।
>
> **-आरएस गौतम, डीसीपी सेंट्रल**

# भारी बिजली कटौती से गुस्से और गर्मी में उबल रहे लोग

## मंगलवार को शहर में आठ सौ से अधिक फॉल्ट और ट्रिपिंग हुईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को भीषण गर्मी में अपने उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने में असमर्थ है। कागजों पर जरूर 23 घंटे तक बिजली देने का दावा कर रहा है। हकीकत में दिन हो या रात, लाखों लोगों को भीषण गर्मी में बिजली संकट झेलना पड़ रहा है। मंगलवार को तो शहर में आठ सौ से अधिक फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या हुई। लोगों ने केस्को पर गुस्सा जताया है।

तलाक महल और साइकिल मार्केट क्षेत्र में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक बिजली नहीं रहने की वजह से क्षेत्र के हजारों लोग भीषण गर्मी में व्याकुल रहे। पनकी गंगागंज क्षेत्र में भी बिजली 10 घंटे तक गुल रही। पोखरपुर में सुबह लेकर शाम तक बिजली नहीं रही। पशुपति नगर व रविंद्र नगर में दूसरे दिन भी बिजली के संकट से लोगों को जूझना पड़ा। सर्वोदय नगर क्षेत्र में तो 10 मिनट में बिजली आने के बाद 30 से 40 मिनट तक गुल होती रही। कल्यानपुर, किदवई नगर, अनवरगंज, काकादेव, रावतपुर, नमक फैक्ट्री समेत आदि जगहों पर 24 घंटे में फॉल्ट और ट्रिपिंग से लोगों को जीना मुहाल हो गया। कई क्षेत्रों में वोल्टेज न आने की वजह से भी लोग दिनभर केस्को के सिस्टम को कोसते रहे।




### दावा: सिर्फ शताब्दी नगर में ही संकट

केस्को ने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 20 मई को अधिकतम लोड 671 मेगावाट रहा। केस्को की संपूर्ण औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 32 मिनट रही। यानी सिर्फ 30 मिनट ही बिजली गई। जबकि बर्रा विश्व बैंक, सीसामऊ समेत 10 क्षेत्रों में बिजली पूरी रात नहीं थी। केस्को अधिकारियों के मुताबिक देहली सुजानपुर उपकेंद्र के गोपाल नगर फीडर की आपूर्ति 11 केवी लाइन पर कार्य करने के लिए 12 बजकर 30 मिनट बजे से एक बजकर 45 मिनट तक शटडाउन लिया गया था। जबकि शताब्दी नगर उपकेंद्र के सभी आपूर्ति सीटी क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजली सुबह सात बजकर 40 मिनट से सुबह करीब 10 बजे तक गुल रही।



पनकी गंगागंज निवासी श्रेयांश पांडेय के मुताबिक 72 घंटे में से सिर्फ 28 घंटे ही नसीब हो सकी है। भीषण गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। शिकायत करने पर सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है।

– श्रेयांश पांडेय



तलाक महल निवासी इरशाद के मुताबिक सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक पूरे क्षेत्र की बिजली गुल थी। एक्स पर बिजली के संबंध में शिकायत की, जिसमे बार-बार तार टूटने की बात बोली गई।

– इरशाद

# बिजली उपकरण लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिजली कटौती, फॉल्ट और ट्रिपिंग से लोग परेशान

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती, फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या से शहर के साथ ही कानपुर दक्षिण के लोग भी परेशान हैं। मंगलवार को कानपुर दक्षिण के लोगों ने सपा नेता व प्रांतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में निराला नगर में हाथों में पंखे और बिजली उपकरण लेकर सत्याग्रह किया और बिजली संकट से राहत देने की मांग सरकार और केस्को से की।

अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी की वजह से लोगों की तबीयत खराब हो रही है। वहीं रोगियों का बुरा हाल है। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग व युवा सभी को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कानपुर नगर सबसे ज्यादा राजस्व देता है, लेकिन लखनऊ जैसे वीआईपी शहर के मुकाबले बिजली आपूर्ति हमेशा कमजोर रहती है। इस दौरान साकिफ कुरैशी, विवेक श्रीवास्तव, ऋषि राज अग्रवाल, काले खान, सरफराज अहमद, जीतेंद्र गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।




बिजली संकट के विरोध में उपकरण लेकर प्रदर्शन करते सपा नेता। अमृत विचार

# पुष्पक में गश खाकर गिरा युवक, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिता बोले, बेटे ने कहा था भीड़ के कारण फूल रही है सांस

**अमृत विचार।** यात्रियों से ठसाठस भरी पुष्पक एक्सप्रेस में गर्मी से बेहाल 26 वर्षीय युवक गश खाकर गिर पड़ा। युवक को घुटन और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। ट्रेन जब सेंट्रल स्टेशन पर पहुंची तब डाक्टरों ने चेक किया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। यात्रियों ने आरोप लगाया कि भारी भीड़ के कारण घुटन और सांस लेने में हुई परेशानी के कारण उसकी मौत हुई। जीआरपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत की वजह पता चलेगी।

बिठूर के होरामऊ निवासी अमित (26) अपने पिता अशोक के साथ नासिक से 12534 पुष्पक एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहा था। अशोक का कहना है कि ट्रेन में बैठना तो दूर खड़े होने की जगह नहीं थी। लोग सामानों के ऊपर भी बैठे थे। झांसी से ट्रेन के छूटते ही बेटे की तबीयत बिगड़ गई थी। गर्मी और भीड़ के कारण उसे घबराहट और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जब वह भीमसेन स्टेशन पहुंचा तो टायलेट जाने के लिए उठा। टायलेट के पास वह चक्कर खाकर गिर पड़ा। यह देखकर किसी तरह उसके पास पहुंचे और उसे उठाकर दरवाजे के पास लिटाया। सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर डाक्टरों की टीम ने आकर चेक किया और मृत घोषित कर दिया।

# रतनलाल नगर में दो पक्षों में पथराव

**कानपुर।** मंगलवार दोपहर रतनलाल नगर स्थित बियर की दुकान के बाहर जमकर मारपीट और पथराव हुआ। एक युवक का सिर फट गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

दबौली निवासी सौरभ, सुमित और प्रखर मंगलवार दोपहर दुकान से बियर खरीद रहे थे। इस दौरान कैंटीन से सामान खरीदने को लेकर उनका एक युवक से विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पथराव होने लगा, जिसमें सौरभ का सिर फट गया। पथराव से राहगीरों में भगदड़ मच गई। पथराव की सूचना पर गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि सौरभ और उसके साथियों ने अज्ञात के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है। जांच की जा रही है।

# हीट स्ट्रोक पर अस्पतालों में अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवाएं दुरुस्त रखने और बेड रिजर्व करने के निर्देश

**अमृत विचार।** इन दिनों लोगों में सबसे ज्यादा खतरा तेज गर्म हवाओं से हीट स्ट्रोक का रहता है। इस संबंध में सीएमओ ने सभी सीएचसी व पीएचसी अक्षीक्षकों का पत्र जारी कर स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त रखने और बेड रिजर्व रखने के निर्देश दिए हैं। हैलट व उर्सला अस्पताल ने भी अपने स्तर से तैयार की हैं।

गर्मी बढ़ने के साथ ही हैलट, उर्सला, केपीएम और कांशीराम संयुक्त अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। अस्पतालों में अधिकांश मरीज शरीर में कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर, अधिक थकान, खांसी, जुकाम, उल्टी-दस्त, वायरल बुखार आदि के पहुंच रहे हैं। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि ज्यादा देर तक गर्मी में रहने से हीट स्ट्रोक की आशंका अधिक रहती है। ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो जाती है और हीट कंट्रोल करने की शरीर की क्षमता खत्म होने लगती है, जो कि केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में होने वाली जटिलताओं की वजह से होता है। इसलिए लोगों से अपील है कि गर्मियों के दौरान ज्यादा सावधानी बरतें, खुद को सुरक्षित और हाइड्रेटेड रखें।

घर से निकलने से पहले खूब पानी पीकर ही निकलें और धूप से बचने के लिए छाता या गमछा का प्रयोग करें। सीएमओ के मुताबिक सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षकों को पत्र जारी कर स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने और हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए हैं।

### हीट स्ट्रोक के मुख्य लक्षण

- बहुत तेज सिरदर्द होना
- चक्कर आना और सिर घूमना
- गर्मी के बावजूद पसीना न आना
- मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन
- उल्टी होना।
- दिल की धड़कन तेज होना।
- व्यवहार में परिवर्तन या भ्रम होना।
- याददाश्त कमजोर की समस्या होना।

### ऐसे करें बचाव

- हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें।
- दिन में कम से कम आठ गिलास पानी पीएं।
- फलों के जूस का सेवन करें।
- शरीर में सोडियम की कमी न हो दें।
- इलेक्ट्राल, ओआरएस या ग्लूकोज पीते रहें।
- जरूरत होने पर ही धूप में बाहर निकलें।

# तापमान 40 के नीचे आया, थोड़ी राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मॉनसून की हवाओं और बौछारों से गिरा पारा

**अमृत विचार।** मॉनसूनी हवाओं, बारिश की बौछारों और नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण 13 मई के बाद शहर के अधिकतम तापमान में पहली बार थोड़ी गिरावट दर्ज हुई। मंगलवार को विभाग ने मंगलवार को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि रविवार तक पारा दोबारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विज्ञानियों ने बताया कि अभी गर्मी का सितम जारी रहेगा।

सोमवार देर रात मौसम में आए अचानक बदलाव के बाद शहरवासियों को मंगलवार को तपिश से थोड़ी राहत मिली। देर रात तेज हवाएं चलीं और थोड़ी बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि 13 मई को अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद शहर के तापमान ने 19 मई को 45.9 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा छुआ था। मंगलवार को न्यूनतम पारा 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि रविवार तक हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं, लेकिन वर्षा की संभावना नहीं हैं। दिन के तापमान में सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस की उछाल आएगी।

**कोर्ट-कचहरी** | सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई को हाईकोर्ट से मिली राहत

# रंगदारी व धमकी केस में रिजवान को जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक अन्य आरोपी शौकत को भी मिली बेल

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी को रंगदारी व धमकाने के मामले में दर्ज मुकदमें में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। इस मामले में आरोपी शौकत अली को भी जमानत मिल गई। रिजवान और शौकत के खिलाफ आगजनी मामले में गवाह विष्णु सैनी ने धमकाने व रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए नंवबर 2023 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



रिजवान सोलंकी।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में गवाह विष्णु कुमार सैनी ने जाजमऊ थाने में सात नंवबर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विष्णु ने बताया था कि आगजनी मामले में वह बयान देने कोर्ट पहुंचा तो पेशी पर आए रिजवान सोलंकी व शौकत अली ने उन्हें धमकाया और रंगदारी की मांग की। जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले में जाजमऊ पुलिस ने रिजवान, शौकत अली समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। रिजवान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसपर वे हाईकोर्ट गए थे। मंगलवार को रिजवान सोलंकी व शौकत अली की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली। हालांकि कई अन्य केस चलने के कारण अभी वह जेल से बाहर नहीं आ पाएगा।

### रचिता वत्स के अधिवक्ता नहीं पहुंचे, टली सुनवाई

**कानपुर।** आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र (16) हत्याकांड के मामले में मंगलवार को एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में सुनवाई हुई। कुशाग्र की हत्यारोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला व शिवा गुप्ता के खिलाफ मंगलवार को अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों के बयान दर्ज किए जाने थे, लेकिन रचिता वत्स के वकील की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने रचिता वत्स को न्याय मित्र मुहैया कराने को कहा, जिस पर रचिता वत्स की ओर से वकील होने की बात कही गई। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि एक जून निर्धारित की है।

# प्रोजेक्ट सेल में न हाजिरी रजिस्टर और न ही कर्मचारी

**कानपुर।** नगर निगम के प्रोजेक्ट सेल में निरीक्षण करने पहुंचे अपर नगर आयुक्त तृतीय अमित कुमार भारतीय को न ही कर्मचारी मिले और न ही उपस्थिति पंजिका। केयरटेकर, जनसूचना, नागरिक सुविधा केंद्र में कार्यरत एक दर्जन से अधिक कर्मचारी मौजूद नहीं मिले। सभी का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने सबसे पहले कैटिल कैचिंग विभाग का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। यहां बेलदार और कंप्यूटर ऑपरेटर नदारद मिले। केयरटेकर विभाग पहुंचे अपर नगर आयुक्त को सात कर्मचारी उपस्थित नहीं मिले। जनसूचना, नागरिक सुविधा केंद्र के चार कर्मचारी गायब मिले।

# गुजैनी में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला युवती का दो दिन पुराना शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने पुलिस को दी सूचना

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह बंद कमरे में युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। कमरे से दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो युवती का शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस के अनुसार शव करीब दो दिन पुराना था। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।



आरुषि।

मूलरूप से कानपुर देहात, बरौर, मर्दनपुर गांव निवासी किसान शिव सिंह सचान के परिवार में पत्नी मनोरमा, बड़ी बेटी एकता, आरुषि व बेटा प्रियांशु है। शिव सिंह ने बताया कि एकता की शादी हो चुकी है। आरुषि सचान (27) बीते चार वर्षों से गुजैनी में सत्यनारायण के मकान में किराये पर रहकर रेवमोती स्थित पेंटालून के शोरूम में काम करती थी। पिता ने बताया कि आखिरी बार दो दिन पूर्व पत्नी से आरुषि की फोन पर बातचीत हुई थी। तब तक सब कुछ ठीकठाक था। मंगलवार को उसके आत्महत्या करने की जानकारी हुई।

गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि मकान मालिक ने कमरे से दुर्गंध आने की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे के दोनो तरफ के दरवाजे अंदर से बंद थे। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं आया। दरवाजा तोड़ने पर देखा तो पंखे पर दुपट्टे का फंदा लगा हुआ था, शव नीचे जमीन पर गिरा हुआ था। सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। फोरेंसिक टीम ने मोबाइल को जब्त किया है।

## महाराजपुर कार हादसे में घायल अपर्णा पूछती रही मां का हाल, ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे जाम रखा हाईवे, अंडरपास बनाने की मांग

# घायल बिटिया बोली ,पापा! मम्मी कैसी हैं, ठीक तो हैं न वो सब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर कार हादसे में गंभीर घायल चंचल व अपर्णा को पुलिस ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां चंचल की मौत के बाद परिजनों ने अपर्णा को मधुराज नर्सिंग होम में भर्ती कराया। कुछ देर बाद अपर्णा होश में आई तो परिजनों ने राहत की सांस ली। होश में आते ही अपर्णा ने पास खड़े पिता जितेंद्र को इशारे से बुलाया और मां सरिता के बारे में पूछा। पूछा, मम्मी कैसी हैं, ठीक तो हैं न सब। जितेंद्र ने रूंधे गले से सब ठीक होने की बात कही।

पिता की आंखों से आ रहे आंसू कहीं अपर्णा पढ़ न ले, इसे भांपते हुए मौके पर मौजूद रिश्तेदारों ने जितेंद्र को अपर्णा से दूर ले गए। मौत से अनजान अपर्णा ने आपबीती



हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़। अमृत विचार



महाराजपुर पुलिस से जानकारी लेते डीसीपी। अमृत विचार

- कांशीराम अस्पताल में चालक की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा

बताते हुए कहा कि अचानक से तेज कार आई और सबको टक्कर मारती हुई चली गई, इसके बाद उसे कुछ याद नहीं।

वहीं हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि कार के पूरी तरह से परखच्चे उड़ चुके थे। ग्रामीणों के लिए आश्चर्य का विषय यह रहा कि भीषण हादसे के बाद कार चालक कैसे सकुशल निकल कर भाग गया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे जाम रहा। ग्रामीणों ने अंडरपास के निर्माण की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।



रूपा तिवारी।



चंचल।



घायल अपर्णा।



सरिता द्विवेदी।

### बहुत तेज गाड़ी भगा रहा था

महाराजपुर थानाक्षेत्र में स्थित घटनास्थल पर पहुंचे डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने ग्रामीणों से हादसे की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि हाईवे होने के कारण चालक ईको कार बहुत तेज गति से भगा रहा था। जिसके कारण इतना दर्दनाक हादसा हो गया।

### बवाल की आशंका पर सर्किल का फोर्स पहुंचा

महाराजपुर थानाक्षेत्र में हाथीपुर गांव के पास हादसे की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर आई तो कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट हो गई। घटनास्थल पर महाराजपुर पुलिस ने पहुंचकर एसीपी, एडीसीपी, डीसीपी को सूचना दी। घटनास्थल पर कार पलटी पड़ी थी। जिसको सैकड़ों ग्रामीणों ने घेर लिया था। जाजमऊ, रेलबाजार, चकेरी समेत अन्य आसपास के थानों को फोर्स पहुंचा और लोगों को तितर बितर किया।

### शव पड़े होने का वीडियो वायरल

मौके पर भीड़ लगाए ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में महिलाएं सड़क पर पड़ी दिख रही थीं। पुलिस ने उनको कांशीराम अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। तीन महिलाओं को वहां मृत घोषित कर दिया गया। जिसने भी महिलाओं का वीडियो देखा, उन लोगों के होश उड़ गए।

### हर तरफ चीखपुकार आंसुओं का सैलाब

महाराजपुर थानाक्षेत्र में ठीक एक दिन पहले ही ईदगाह कालोनी निवासी कार सवार अब्दुल रहमान, नूर फातिमा और रीना की ट्रक में घुसकर मौत हो गई थी। इस हादसे को अभी लोग भूल ही नहीं पाए थे कि कुछ दूरी पर स्थित हाथीपुर गांव में हाईवे पर तेज रफ्तार ईको कार ने चार महिलाओं की जान ले ली। इस हादसे में मृतकों के परिवारों में चीख पुकार मच गई। आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे।

### कार चालक की गिरफ्तारी के लिए लगीं टीमें

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कार चालक इतनी लापरवाही से गाड़ी चला रहा था कि पांच लोगों को रौंद दिया। मौके से चालक भाग निकला है, उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रुपये लेकर मारपीट के आरोपी को छोड़ने की जांच करेंगे एसीपी

**कानपुर।** चकेरी चौकी इंचार्ज पर रुपये लेकर मारपीट के आरोपी को छोड़ने के आरोपों की जांच एसीपी चकेरी दिलीप सिंह करेंगे। एसीपी अपनी जांच बुधवार से शुरू कर सकते हैं। इस गंभीर प्रकरण में एसीपी पुलिसकर्मियों, पीड़ित और आरोपी को नोटिस देकर उनके बयान दर्ज करेंगे। चौकी के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जाएंगे। लाल बंगला कालीबाड़ी निवासी राधा सोनकर ने आरोप लगाया था इलाके के संजू ने मारपीट का मामला दर्ज कराया था। इसपर चौकी प्रभारी ने उनके बेटे शिवम को उठा लिया था। फिर चौकी ले जाकर पांच हजार लेकर छोड़ा था। एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था से शिकायत दर्ज कराने पर जांच एसीपी चकेरी को सौंपी गई। एसीपी चकेरी दिलीप सिंह ने बताया कि मामले में सभी पक्षों को नोटिस देकर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया जाएगा।

# पिता ने कराई थी विवाहित बेटी के प्रेमी की हत्या, पांच गिरफ्तार

## सचेंडी टोयोटा शोरूम के पास मिला था शव, गला दबाकर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**18** मई 2024 की रात सचेंडी में मिला था शव | **17** मई 2023 को घर से भागकर किया था विवाह

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में अजय कमल की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या का षडयंत्र रचने वाला मास्टरमाइंड अजय कमल का ससुर निकला। शादी के बाद चौथी पर बेटी के प्रेमी अजय के साथ भाग जाने से वह काफी आहत था।

18 मई 2024 की रात सचेंडी में टोयोटा शोरूम के पास हाईवे किनारे भिसार गांव निवासी 22 वर्षीय प्राइवेट फैक्ट्री कर्मी अजय कमल का शव मिला था। पोस्टमार्टम में गला कसकर हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस ने मृतक के पिता कन्हई की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि मृतक अजय कमल के घर के सामने रहने वाले राज बहादुर की बेटी आकृति उर्फ लक्की से प्रेम संबंध थे। 17 मई 2023 को आकृति का विवाह रनियां निवासी



पकड़े गए हत्यारोपी मीना, नन्हें, राजबहादुर, शरद और सत्यम। अमृत विचार

- साजिश में बेटे समेत पांच अन्य लोग भी शामिल, पुलिस ने भेजा जेल

समर प्रताप से हुआ था। इसके बाद आकृति चौथी में मायके आई थी और अजय के साथ घर से भाग गई थी। आकृति के पिता राजबहादुर ने अजय समेत दो लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को बरामद किया तो आकृति ने अपनी मर्जी से अजय के साथ जाने की बात कही। बाद में दोनों ने विवाह कर लिया और गांव छोड़कर चकरपुर में किराये पर कमरा लेकर रहने लगे थे। करीब साल भर से दोनों एक साथ रह रहे थे। आकृति और अजय की हरकत से आकृति का पिता राजबहादुर और अन्य परिजन काफी नाराज थे। इस पर राजबहादुर ने अजय कमल की हत्या करने की साजिश रची।

### ऐसे रची साजिश और की हत्या

साजिश के तहत आकृति की मां ललती देवी को पड़ोसन मीना ने महावीर उर्फ नन्हें से मिलवाया। आरोपियों ने नन्हें को अजय से दोस्ती करने के लिये अजय के कमरे के पास ही कमरा दिलवाया। एडवांस के तौर पर नन्हें को राजबहादुर ने 20 हजार रुपये भी दिये। साजिश के तहत नन्हें ने अजय से दोस्ती कर ली। नन्हें, अजय कमल व अजय कमल के बहनोई सुरजीत के बीच अक्सर शराब पार्टी होने लगी। जिसका खर्चा नन्हें उठाता था। 17 मई की शाम छह बजे के बाद नन्हें ने फैक्ट्री के बाहर से अजय की लोकेशन किसान नगर फैक्ट्री रेलवे पुल के पास राजबहादुर के बेटे शरद को दी। शरद और दोस्त सत्यम एक वैन से आए और अजय को अगवा कर वैन में डालकर ले गये और गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को टोयोटा शोरूम चकरपुर के आगे फेंक दिया। पुलिस ने महावीर उर्फ नन्हें, राज बहादुर, शरद, सत्यम उर्फ अमन और मीना को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी वेस्ट ने इंस्पेक्टर जसवंत सिंह व उनकी टीम को 25 हजार इनाम की घोषणा की है।

## युवक का कटा सिर मिलने से सनसनी

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र के इलाहाबाद फाटक के पास रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का कटा हुआ सिर मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की। रेलबाजार के इलाहाबाद फाटक से कुछ दूरी पर लाइनमैन को एक कटा हुआ सिर पड़ा मिला। रेलबाजार पुलिस समेत एडीसीपी पूर्वी लखन यादव और फोरेंसिक टीम भी पहुंची। युवक का धड़ नहीं मिल सका। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की होगी। उसका सिर यहीं पड़ा रह गया और धड़ इंजन में फंसकर चला गया। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# री-सर्कुलेशन से तालाबों के पानी की गुणवत्ता बढ़ाएगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भूमिगत जलस्तर और तालाबों के पानी की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये नगर निगम जल्द ही री-सर्कुलेशन विधियों का प्रयोग शुरू करेगा। शासन स्तर से अमृत 2.0 योजना के तहत तालाब में पानी पहुंचाने और एकत्र पानी को पीने योग्य बनाने के लिये तीन विधियां झरना जलवाहक, फ्लोटिंग जलवाहक और पुनःपरिसंचरण प्रणाली का इस्तेमाल करने की नसीहत दी गई है। शासन ने कहा है कि तालाब में पानी बढ़ाने के लिये एसटीपी से ट्रीटेड पानी को भी तालाब में छोड़ा जा सकता

- पानी को पीने योग्य बनाए जाने के लिये तीन विधियों का हो सकता है प्रयोग
- ट्रीटेड पानी को भी तालाब में छोड़ा जायेगा, अमृत 2.0 के तहत होगा कार्य

है। तालाब के पानी की गुणवत्ता के सुधार के लिये पहली बार बायोरेमिडियेशन के लिये भी निर्देश दिये गये हैं।

शहर में धीरे-धीरे तालाबों की संख्या कम होती जा रही है। भूमिगत पानी को ठीक रखने के लिए यह सहायक होते हैं। लेकिन, वर्तमान में शहर के तालाबों पर कब्जे हैं। जिसकी वजह से शहर में भूमिगत जलस्तर लगातार कम हो रहा है। नगर निगम के सर्वे के मुताबिक शहर में 1086 तालाब हैं, इनमें से 286 तालाब पर कब्जे हैं। शासन की मंशा के अनुरूप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किया जा रहा है। ऐसे में शासन ने जीवित तालाबों में पानी को बढ़ाने और पानी की गुणवत्ता को सुधारने की पहल शुरू की है। तालाब में पूरे वर्ष पानी की उपलब्धता के लिए अधिक से अधिक पानी ले जाना, तालाब की वाटर होल्डिंग कैपेसिटी में वृद्धि करना, तालाब में नाले और नालियों के गंदे पानी को एसटीपी और बायोरेमिडिएशन के जरिये शोधित कर पहुंचाना शामिल है।

# परिचालक की मौत में गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह फ्लाईओवर पर ट्रक और ट्राला की आमने-सामने भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग जाने से ट्राला परिचालक की मौत हो गई थी। पुलिस ने ट्राला मालिक की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का

- ट्रक और ट्राला की भिड़ंत के बाद जलकर परिचालक की हुई थी मौत
- ट्राला मालिक की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट

मामला दर्ज किया है।

सोमवार तड़के चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन पर ट्राले से सामने से भिड़ गया था। दोनों वाहनों में आग लग जाने से ट्राला का परिचालक 18 वर्षीय मोनू प्रजापति निवासी राजस्थान जिंदा जल गया था। चालक सांवरिया प्रजापति झुलस गया था। मंगलवार को पुलिस ने ट्राला मालिक राजस्थान के जयपुर शाहपुरा निवासी राजेन्द्र कुमार की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, लापरवाही से वाहन चलाना, सरकारी सम्पत्ति को क्षतिग्रस्त करने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं मंगलवार को पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर राजस्थान चले गए।

# फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले की जांच कर रहे विवेचक बदले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के चर्चित फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले में विवेचक बदल दिए गए हैं। विवेचक योगेंद्र सिंह की जगह अब जांच कर्नलगंज इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह करेंगे। फर्जी नियुक्ति मामले में अब तक नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर और दो विभागीय कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है।

अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की फेक ईमेल से डीआईओएस कानपुर नगर को

- शिक्षा विभाग में फर्जी ई-मेल के जरिये हुई थी दो शिक्षिकाओं की भर्ती

एक मेल की गई थी, जिसमें सात टीजीटी और दो पीजीटी शिक्षकों का पैनल भेजा गया था। इस पर मदन मोहन अग्रवाल इंटर कालेज किदवई नगर में विनीता नामक शिक्षिका ने नियुक्ति पाई थी। आर्यकन्या इंटर कालेज गोविंद नगर में पीजीटी रिक्षा पांडेय ने शिक्षिका के रूप में नियुक्ति हासिल की थी। बाद में पता चला था कि ईमेल फर्जी था। इसके बाद रिक्षा पांडेय ने स्कूल मैनेजर को इस्तीफा दे दिया था। विनीता ने चार महीने का अपना वेतन लौटा दिया था। इस मामले में विभागीय जांच के साथ ही पुलिस भी जांच में जुटी है। पुलिस ने शक के दायरे में आए सभी आरोपियों के बयान दर्ज किए हैं। विभाग के जरूरी दस्तावेज भी पुलिस को सौंपा जा चुका है। फर्जी ई-मेल करने वाले का अब तक कोई अता-पता नहीं चला है। नोटिस भेजे जाने के बावजूद नौकरी देने वाले दोनों स्कूलों ने अपने यहां की जांच रिपोर्ट अभी तक शिक्षा विभाग को नहीं भेजी है। स्कूलों को दूसरी नोटिस भेजा जाएगा।

## किशोरियों को बहलाकर हैदराबाद ले जा रहे थे

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र से लापता हुई दो किशोरियों को उनके प्रेमी बहलाफुसला कर अपने साथ हैदराबाद ले जाने की तैयारी में थे। इससे पहले पुलिस ने दोनों आरोपियों को झांसी स्टेशन से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने लिखापढ़ी करते हुए किशोरियों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

कल्याणपुर से 15 मई को लापता हुई किशोरियों के परिजनों ने रावतपुर के दो युवकों पर अपनी बेटियों को अपहरण करने का शक जताया था। पुलिस ने आरोपियों

- झांसी से गिरफ्तार किए गए दो आरोपी

के खिलाफ थाना कल्याणपुर में अपहरण, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से शाकिर खान और अदनान को किशोरियों के साथ झांसी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवकों ने किशोरियों को शादी का झांसा देते हुए बहला फुसलाकर हैदराबाद ले जाने की बात कबूली है। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि किशोरियों के बयान दर्ज कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ पर आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में धार्मिक स्थल के पीछे मीट की दुकान का विरोध करने पर चापड़ मारने व बजरंग दल कार्यकर्ताओं की ओर से हंगामा व तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने दुकान संचालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि चापड़ से घायल हुए युवक की तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

सोमवार को गुरु गोविन्द सिंह चौक के पास एक धार्मिक स्थल के पीछे अलजैन रेस्टोरेंट नाम से मीट

- धार्मिक स्थल के पीछे मीट की दुकान के विरोध में हुआ था हंगामा
- चापड़ मारने के विरोध पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दुकान में की थी तोड़फोड़

की दुकान का इलाके के धीरेन्द्र सिंह यादव ने विरोध किया था। जिस पर दुकान मालिक आसिफ के कर्मी अब्दुल्ला ने धीरेन्द्र पर चापड़ से हमला कर दिया था। चापड़ उनके हाथ में लगा था। इसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दुकान में तोड़फोड़ कर हंगामा शुरू कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया था। पुलिस ने दुकान संचालक आसिफ अलजैन की तहरीर पर बाबू समेत आठ अज्ञात के खिलाफ दुकान में तोड़फोड़, मारपीट करने, बलवा समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। दूसरी तरफ पीड़ित धीरेन्द्र की तरफ से अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि दूसरे पक्ष की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

## एक नजर

### किशोरी को बहला-फुसला कर ले गया युवक

**कानपुर।** खाड़ेपुर की महिला ममता ने विश्वास सिंह नामक युवक पर 16 वर्षीय बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ममता ने बताया कि विश्वास बेटी को 17 मई को अपने साथ बहला फुसला कर ले गया। आरोप है कि बेटी घर से 40 हजार नकद और एक लाख के जेवर ले गई है। हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने बताया कि अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### ट्रिपल इंडोस्कोपी की मिली मंजूरी

**कानपुर।** जीएसवीएसएस पीजीआई के गैस्ट्रो विभाग में करीब 70 लाख रुपये के ट्रिपल इंडोस्कोप की मंजूरी मिली है। इससे पेट से संबंधित सभी मर्ज की जांच आसानी से हो सकेगी। बीमारी पकड़ में आने के बाद उसका इलाज भी विशेषज्ञों द्वारा तुरंत किया जा सकेगा। यह मशीन अत्याधुनिक तकनीकों से लैस होगी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के मुताबिक जून माह के अंतिम सप्ताह तक सुविधा शुरू होगी।

# घुमाने से मना करने पर महिला फंदे से झूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में मंगलवार को घुमाने से मना करने पर दंपति के बीच विवाद हो गया। झगड़े के बाद पत्नी ने छह माह की बेटी को सुला कर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर आरोप लगाए, पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया।

के-ब्लॉक यशोदा नगर निवासी विनोद साहू कपड़ों की सिलाई का काम करते हैं। दो साल पहले उनकी शादी फतेहपुर बिंदकी निवासी अर्पणा (23) के साथ हुई थी। उनकी छह माह की बेटी है। विनोद परिवार के साथ पहली मंजिल पर रहते हैं, जबकि नीचे की मंजिल पर बड़े भाई हरिओम का परिवार रहता है। थाना प्रभारी नौबस्ता के मुताबिक मंगलवार दोपहर हरिओम की पत्नी अपने मायके वालों के साथ घूमने के लिए गई थी। जिस पर अर्पणा ने भी पति से घूमने चलने को कहा, जिस पर विनोद ने मना कर दिया। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। कुछ देर बाद अर्पणा ने साड़ी की कतरन से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने हत्या के आरोप लगाए, जिस पर नौबस्ता पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



अर्पणा।

## आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला तो होगी कार्रवाई

**कानपुर।** भीषण गर्मी व लू देखते 20 मई से 15 जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों में पठन-पाठन के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया कि बच्चों का अवकाश होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र बंद नहीं होंगे। इस दौरान टीएचआर वितरण, लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण, अन्य शासकीय कार्यों का संपादन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों करेंगी। यदि निरीक्षण में केंद्र बंद पाया जाता है तो इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायिका को गैरहाजिर मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। मुख्य सेविकाएं नियमित रूप से अपने निर्धारित भ्रमण, केंद्र के अभिलेखों की जांच, ड्राई राशन के लाभार्थियों का सत्यापन करती रहेंगी। जिलाधिकारी के उक्त आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए।

समीक्षा बैठक

## सिजेरियन और सामान्य प्रसव में पिछले वर्ष की तुलना में कमी पाई गई

# लापरवाही बरतने वाले डाक्टरों पर कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जननी सुरक्षा योजना में 2023 की तुलना में इस वर्ष सिजेरियन व सामान्य प्रसव में कमी पाई गई है। इसलिए प्रभारी डाक्टर की जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्रवाई की जाए। सीएचसी घाटमपुर में तैनात गायनी को चौबेपुर से हटाकर वापस भेजा जाए। सिजेरियन आपरेशन न करने वाले चिकित्सकों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाए। यह निर्देश मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित राष्ट्रीय वेक्टर जनित कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण, पुनरीक्षित क्षय नियंत्रण,



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दिए निर्देश। अमृत विचार

परिवार कल्याण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, नियमित टीकाकरण आदि कार्यक्रमों की डीएम ने मंगलवार को समीक्षा की। मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में साफ-सफाई व मरीजों के बैठने व पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन गाइडलाइन के अनुसार प्रस्तावित करें। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों की सूची अधिकारियों के पास अवश्य होनी चाहिए। घाटमपुर में दूर के इलाकों में विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात किया जाए। बैठक में सीडीओ सुधीर कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी आलोक रंजन, सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर



पत्नी के साथ वितरक मोहनलाल।

### समाचार पत्र वितरक को दी बधाई

**कानपुर।** जरीब चौकी सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक मोहन लाल की शादी की सालगिरह पर समाचार पत्र विक्रेताओं ने बधाई दी। उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

### पोस्टमार्टम में महिला के पेट में मिली गोली

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में मायके में गोली चलने से महिला मनीषा की मौत हो गई थी। मंगलवार को मृतक मनीषा यादव के शव का पोस्टमार्टम किया गया। नाभि के नीचे गोली लगने की पुष्टि हुई है। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशू चौधरी ने बताया कि महिला के पेट में गोली मिली है। मंगलवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया है। इसके चलते पूछताछ नहीं हो सकी। बुधवार को घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डिग्री कॉलेज प्राचार्य पर लगा प्रताड़ना का आरोप

**कानपुर।** शहर के एक डिग्री कॉलेज की शिक्षिका ने अपने प्राचार्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिक्षिका ने जिलाधिकारी के यहां पर अपनी शिकायत दी है। शिकायत पर शिक्षिका ने कहा कि प्राचार्य लगातार उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। जांच शुरू हुई पर कमेटी ने प्राचार्य का पक्ष लेते हुए मामला निस्तारित कर दिया। नाराज शिक्षिका ने इसकी शिकायत प्रशासन के समक्ष की है। शिक्षिका ने कहा कि प्राचार्य अमर्यादित, अभद्र टिप्पणी व अपमानजनक व्यवहार करते हैं। पूरे मामले में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि उनके पास शिक्षिका की शिकायत आई है। जिलास्तर पर बनी कमेटी से इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

# ट्रैफिक पुलिस चुनाव ड्यूटी में गई, शहर जाम

**बढ़ी परेशानी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाम से त्रस्त शहर के आठ महत्वपूर्ण चौराहों की यातायात व्यवस्था पीक ऑवर में नागरिक सुरक्षा के 42 वालंटियर्स संभालेंगे। प्रत्येक चौराहे पर एक प्रभारी रहेगा, साथ ही नोडल प्रभारी भी रहेंगे। जो शहर भर में भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था सुधारने में योगदान देंगे। यह आदेश जिलाधिकारी ने दिए हैं।

लोकसभा चुनाव व अयोध्या में वीआईपी ड्यूटी के मद्देनजर 276 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल व सात टीएसआई शहर से बाहर गए हैं। 144 ट्रैफिक कांस्टेबल व 85 टीएसआई ही शहर की यातायात व्यवस्था को संभाल रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की भारी कमी के कारण रोजाना शहरवासियों को जरीबचौकी, घंटाघर, टाटमिल, कल्याणपुर क्रॉसिंग चौराहा, विजय नगर समेत कई अन्य प्रमुख चौराहों पर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

जिससे निपटने के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार ने नागरिक सुरक्षा के 42 वालंटियर्स को प्रमुख आठ चौराहों पर यातायात सुचारू रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। सभी वालंटियर्स शाम को छह बजे से आठ बजे तक पीक ऑवर के समय चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालेंगे। ड्यूटी के दौरान सभी वालंटियर्स परिचय पत्र व एप्रेन पहनेंगे। चीफ वार्डेन रोहित मल्होत्रा ड्यूटी के प्रभारी होंगे व सतीश अरोड़ा स्टाफ अधिकारी टू चीफ वार्डेन कानपुर नगर नोडल होंगे।



घंटाघर में शाम को हजारों वाहन जाम में फंसे रहे। अमृत विचार

- सुबह-शाम प्रमुख चौराहों पर लगता है जाम
- 42 वालंटियर्स के जिम्मे यातायात व्यवस्था

**इन चौराहों पर रहेगी तैनाती, यह होंगे ड्यूटी प्रभारी**

| चौराहा | प्रभारी |
|---|---|
| जरीब चौकी | संजीव कुमार अग्रवाल |
| विजय नगर | मनोज कुमार |
| रामादेवी चौराहा | सुखवीर सिंह मलिक |
| नौबस्ता चौराहा | राकेश कुमार गौतम |
| टाटमिल चौराहा | दानिश अख्तर |
| कल्याणपुर क्रॉसिंग चौराहा | जितेंद्र सिंह |
| घंटाघर चौराहा | गौरव अग्रवाल |

# 21 सरकारी स्कूलों में बनाए जाएंगे लेक्चर के वीडियो

## छात्रों की सुविधा के लिए वीडियो व्हाट्सएप से भेजे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जुलाई से 21 सरकारी माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक पढ़ाई के वीडियो भी बनाएंगे और छात्र-छात्राओं तक व्हाट्सअप के जरिए पहुंचाएंगे। शिक्षा विभाग के आदेश की शुरुआत जिले के जीआईसी स्कूलों से होगी।

शिक्षा विभाग ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कवायद कर रहा है। प्राइवेट स्कूलों में इस विधि से पढ़ाई हो भी रही है। सरकारी स्कूलों में इसकी शुरुआत राजकीय इंटर कॉलेजों के शिक्षक करेंगे। शिक्षक शिक्षा विभाग को वीडियो भेजने के साथ अपने स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी व्हाट्सएप्स पर वीडियो भेजेंगे। अभी 21 सरकारी माध्यमिक स्कूल चयनित किए गए हैं।

कक्षा नौ से 12वीं तक के पाठ्यक्रम के लिए वीडियो बनाने का लक्ष्य बनाया गया है। खासतौर पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए नवंबर महीने से पहले सभी वीडियो तैयार कर उन्हें छात्रों तक पहुंचाना है।



- नए सत्र से सबसे पहले जीआईसी से होगी इस योजना की शुरुआत

**ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा**

- कोरोनाकाल के बाद से यूपी बोर्ड की ओर से ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ाने के लिए इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों की ई-मेल आईडी बनाना, विषय विशेषज्ञों के लेक्चर के वीडियो बनाना, कक्षा स्तर पर व्हाट्सअप ग्रुप बनाना सहित अन्य गतिविधियां शुरू की जा रही हैं।

> चयनित सभी स्कूलों के शिक्षकों को इस योजना के बारे में बता दिया गया है। इस संबंध में तैयारियां की जा रही हैं। ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा देने के सरकार के उद्देश्य के तहत ऐसा किया जा रहा है।
>
> **अरुण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक**

# गहरी जुताई से भूमि कटाव में 66 फीसदी की कमी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी में खेतों की गहरी जुताई के फायदों से मंगलवार को किसानों को अवगत कराया गया। कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के विशेषज्ञों ने किसानों को गहरी जुताई का प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि अनुसंधान से यह पता चला है कि गर्मी की जुताई से भूमि कटाव में 66.5 फीसदी तक की कमी आती है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने किसानों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि गर्मियों में खाली खेतों में गहरी जुताई जरूर करनी चाहिए। आगामी फसल से अच्छी पैदावार लेने के लिए रबी फसल की कटाई के तुरंत बाद गहरी जुताई कर ग्रीष्म ऋतु में खेत को खाली रखना लाभप्रद होता है। जहां तक संभव हो किसान मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई कर दें। खाली खेत में गहरी जुताई मई माह में जरूर कर लेनी चाहिए। इस गहरी जुताई से जो ढेले बनते हैं वे धीरे-धीरे हवा व बरसात के पानी से टूटते रहते हैं। इसके साथ ही जुताई से मिट्टी की सतह पर पड़ी फसल अवशेष की पत्तियां पौधों की जड़ें व खेत में उगे हुए खरपतवार नीचे तक जाते हैं। जो सड़ने के बाद खेत की मिट्टी में कार्बनिक खादों या जीवांश पदार्थ की मात्रा में बढ़ोतरी करते हैं। इससे भूमि में वायु संचार व जल धारण क्षमता बढ़ जाती है।



जुताई करता किसान। अमृत विचार

- कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दिया प्रशिक्षण, गिनाए गहरी खोदाई के लाभ

# चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगा डीएम से मिले कांग्रेसी



जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में कानपुर सीट पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा। आरोप लगाया कि मतदान के बाद पीठासीन अधिकारी ने अभिकर्ताओं को फार्म 17 सी नहीं दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी राकेश कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि 13 मई को मतदान के बाद बूथ के पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान अभिकर्ता को फार्म 17 सी दिया जाता है, लेकिन अधिकांश बूथों पर अभिकर्ता के फार्म मांगने के बावजूद पीठासीन अधिकारी ने फार्म नहीं दिए। बूथस्तरीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी सामने आई। पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, सोहेल अंसारी, नेकचंद पांडेय, पवन गुप्ता, नरेश चंद्र त्रिपाठी, मनीष बाजपेई, मदन मोहन शुक्ला मौजूद रहे।

- पीठासीन अधिकारी पर फार्म 17 सी न देने का आरोप

# व्यापारियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष विनय द्विवेदी की छठी पुण्यतिथि पर हटिया लोहा बाजार में पुष्पांजलि सभा हुई। व्यापारियों ने विनय कुमार द्विवेदी को जुझारू व्यापारी नेता बताया। कहा कि वे हमेशा व्यापारी हितों के लिए तत्पर रहते थे। व्यापारिक हितों के लिए किए गए उनके संघर्षों को अभी भी व्यापारी याद करते हैं। व्यापारियों ने मट्ठा, जल, बिस्किट, फल, शीतल पेय का बाजार में वितरण किया। सभा का संचालन कानपुर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने किया। पनकी मंदिर महंत कृष्ण दास महाराज, संरक्षक प्रमोद जायसवाल, विधायक अमिताभ बाजपेई, कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अनूप तिवारी, मोहम्मद कलीम, सुशील गुप्ता, आशीष सचान सहित अन्य व्यापारी नेता रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुष्पांजलि सभा में मौजूद कांग्रेसी। अमृत विचार

# संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से मोतीझील स्थित राजीव वाटिका में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को देश में संचार क्रांति का जनक बताया।

पुष्पांजलि सभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नौशाद आलम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने युवाओं को भारत के निर्माण में अग्रिम पंक्ति पर लाने के लिए 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार दिया था। जिसको देश का युवा कभी भुला नहीं सकता। महिला सशक्तिकरण की क्रांति के लिए स्थानीय निकाय व ग्राम पंचायत चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया, जिसकी वजह से आज आधी आबादी प्रधान, पार्षद, महापौर बन पा रही है। पूर्व विधायक सोहेल अंसारी ने कहा कि राजीव गांधी के सपनों के भारत के लिए हर स्तर पर कुर्बानी देकर एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेगा। इस मौके पर शंकर दत्त मिश्र, कृष्णकांत अवस्थी, वीरेंद्र चतुर्वेदी, अतहर नईम, लल्लन अवस्थी मौजूद रहे।

- राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा

## सार-संक्षेप



समर कैंप में पंजीकरण कराने पहुंचे बच्चे। अमृत विचार

### समर कैंप में छह सौ बच्चों ने कराया पंजीकरण

**कानपुर।** फूलबाग स्थित बाल भवन में मंगलवार को कानपुर जिला बाल कल्याण समिति ने 25वें समर कैंप की शुरुआत की। कैंप में सिलाई एवं कटिंग, ब्यूटीशियन, मेंहदी, गायन, ढोलक, कैशियो, पेंटिंग, ताइक्वांडो, गिटार, आर्ट एंड क्राफ्ट, वेस्टर्न डांस, बॉक्सिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, फैशन डिजाइनिंग, कंप्यूटर, नाटक, तीरंदाजी आदि कोर्स के लिए करीब छह सौ बच्चों ने पंजीकरण कराया। बाल भवन के महामंत्री राजीव महाना के मुताबिक बालिकाओं को आत्मरक्षा और स्वाबलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।



बार एसोसिएशन में सम्मानित किए गए अधिवक्ता। अमृत विचार

### विधिक व्यवस्थाओं की जानकारी करें नए अधिवक्ता

**कानपुर।** अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) पास करने वाले 79 अधिवक्ताओं का मंगलवार को बार एसोसिएशन में सम्मान किया गया। बार अध्यक्ष ने नए अधिवक्ताओं को सलाह दी कि नवीनतम विधि व्यवस्थाओं के साथ कोर्ट में जाने से पहले अपने पक्ष की तैयारी कर लेनी चाहिए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने नवांगतुक अधिवक्ताओं का माला और अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। बार अध्यक्ष ने कहा कि सभी नावांगतुक अधिवक्ता नई विधिक व्यवस्थाओं की जानकारी करें और खूब पढ़ें। पूर्व लायर्स अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने कहा कि युवा अपनी संस्था और वरिष्ठजनों का सम्मान करने के साथ पुस्तकालय का उपयोग करें। इस मौके पर शिवम मिश्रा, आकाश यादव, अभिषेक शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, अविनाश पाल, अमित गौतम, सत्यम गुप्ता, श्रवण निषाद, मनीष कटियार, श्याम सिंह, अरुणेश निषाद, अभिषेक यादव मौजूद रहे।



समाजसेवियों ने वितरक संजय मिश्रा को सम्मानित किया। अमृत विचार

### समाचार पत्र वितरक का मनाया जन्मदिन

**कानपुर।** बारादेवी सेंटर पर समाचार पत्र वितरक चिंतक संजय मिश्रा का जन्मदिन सेवा का सम्मान के तौर पर मनाया गया। संजय मिश्रा प्रति वर्ष जरूरतमंदों को कंबल, मोजा, कैप, झोले, वितरक की पुत्री की शादी व गंभीर बीमार वितरक का आर्थिक सहयोग करते हैं। जनप्रतिनिधियों ने वितरक समाज के सर्वोच्च सम्मान क्रान्ति पदक देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी प्रेस जगत प्रबंधक, प्रेस कर्मयोगी व वरिष्ठ वितरक नेता सुरेन्द्र यादव, जय प्रकाश त्रिवेदी, मोनू पंडित, सुरेन्द्र शुक्ला, वरुण शुक्ला, अरविन्द मिश्रा, राम नारायण वर्मा, देशबन्धु तिवारी, संजय सोनकर, दिनेश अवस्थी, सोनू गौतम, चन्द्रभान पाण्डेय, सोनू चन्देल, राम नरेश, कल्लू भैया, प्रदीप चन्देल, पप्पू वर्मा ने संजय मिश्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



समर कैंप में मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने खेल-खेल में सीखे व्यक्तित्व विकास के गुर

**कानपुर।** जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में चार दिन के समर कैंप में बच्चों को खेलों के जरिए व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए गए। इस दौरान बच्चों ने क्विज, म्यूजिक और अंत्याक्षरी में भाग लिया। शिविर में बच्चों ने मोमबत्ती बनाना, कागज के फूल सहित अन्य सामग्रियां बनाना भी सीखा। समर कैंप की थीम बॉलीवुड बोनांजा रखी गई। शिविर के पहले दिन का आकर्षण रैम्प रेडी, सिल्वर स्क्रीन डिलाइट व अंत्याक्षरी रहा। दूसरे दिन सुबह सभी बच्चों को ध्यान व योगासन का अभ्यास कराया गया। उसके बाद सभी बच्चों ने स्विमिंग पूल में स्विमिंग का आनंद लिया। दूसरे दिन के अन्य आकर्षणों में कैनवास आर्ट एक्टिविटी, रोबो वॉर व डीजे नाईट रहा। तीसरे दिन की शुरुआत ध्यान और योगा से हुई। उसके बाद बच्चों ने कैंडल मेकिंग, हैंड प्रिंट एक्टिविटी और टैटू आदि बनाना सीखा। एक बेकिंग वर्कशॉप लगाई गई जिसमें बच्चों ने केक बनाना सीखा। इस दौरान बच्चों ने पतंग भी उड़ाई। इसके बाद सभी छात्र छात्राओं को इस्कॉन मंदिर का भ्रमण कराया गया। शिविर में चौथे दिन की शुरुआत पूल एरिया में जुंबा म्यूजिक के साथ हुई वहीं पूल पार्टी व एक्का स्पोर्ट्स हुआ। समापन के अवसर पर प्रधानाचार्या मलिका अरोरा ने बच्चों को हर क्षेत्र में मेहनत करने का गुर दिया।

## खेल-खिलाड़ी

अंडर-12 फॉर सिग्मा ग्रीपलॉक ट्राफी में मंगलवार को खेले गए दो मुकाबले

# रचित फाइनेंस और आईपीएम करियर्स ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेएनटी स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की अंडर-12 फॉर सिग्मा ग्रीपलॉक ट्राफी में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। जिसमें रचित फाइनेंस व आईपीएम करियर्स ने जीत दर्ज की। कानपुर साउथ मैदान पर हुए मैच में न्यू इंडिया इंश्योरेंस व लिवरपूल टीम को हार का सामना करना पड़ा।

पहले मैच में रचित फाइनेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। टीम से राजवीर मेहरोत्रा ने 57 गेंदों में 11 चौके व एक छक्का लगाकर 86 रन, कृष्णा यादव ने 49 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में दुष्यंत राजपूत ने दो, शौर्य ने एक विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू इंडिया इंश्योरेंस टीम 24.2 ओवर में 165 रन ही बना सकी। प्रिंस यादव ने 54, कृष सिंह ने 23 रन बनाए। विजयी टीम के अमृतांश ने दो, रुद्र सिंह, यर्थाथ गुप्ता, हंजाला, कुबेर तिवारी और आद्विवक सिंह ने एक-एक विकेट लिया। राजवीर मेहरोत्रा मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच आईपीएम करियर्स व लिवरपूल के बीच हुआ। आईपीएम करियर्स टीम ने पहले खेलते हुए 25 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए। टीम के स्वरित वर्मा ने 11 चौके व एक छक्के की मदद से 91 रनों की पारी खेली। आद्यवित और शिवांस सिंह ने 28-28 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में अभिनव राजपूत ने दो, महेश ने एक विकेट झटका।

जवाब में लिवरपूल की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। अभय पटेल ने 26, अशुमान राठौर ने 23, शार्दुल सिंह ने 14 रन बनाए। विजयी टीम के देवेश कुमार तिवारी ने तीन, साव्य गुप्ता और आकर्ष चतुर्वेदी ने दो-दो, नमन ने एक विकेट लिया। स्वरित वर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। इस मौके पर जेएनटी के सचिव संजय शुक्ला, केसीए उपाध्यक्ष संजय तिवारी, अमित मिश्रा, दिनेश आदि रहे।



जीत के बाद पुरस्कार के साथ बैठे आईपीएम करियर्स के खिलाड़ी। अमृत विचार

### नवाबगंज व जेडी क्लब सेमीफाइनल में

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) की ओर से आयोजित केसी अवस्थी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नवाबगंज एथलेटिक्स ने यशराज एकेडमी को व जेडी क्लब ने काउंटी क्लब को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। रामकली स्टेडियम में खेले गए मैच में यशराज एकेडमी ने 16 ओवर में 109 रन बनाए। जवाब में नवाबगंज एथलेटिक्स ने 14.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरा मैच सप्रू मैदान पर खेला गया। जिसमें काउंटी क्लब टीम ने 32.4 ओवर में 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेडी क्लब टीम ने 19.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर अपनी जीत दर्ज कराई। विजेता टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# शतरंज में बच्चों ने की दिमागी कसरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नारामऊ स्थित एमआर जयपुरिया स्कूल में मंगलवार को दो दिवसीय केएसएस जोन-बी की शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के सीबीएसई के 12 स्कूलों के 100 बालकों ने प्रतिभाग किया। दो दिन चलने वाली शतरंज प्रतियोगिता में पहले दिन तीन राउंड के मुकाबले हुए।

बालक वर्ग में पं० दीनदयाल उपाध्याय को 6 अंक, नर्चर इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर को 5 अंक, माउंट लिट्रा उन्नाव, विन्यास पब्लिक स्कूल और सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर को 4-4 अंक मिले। बालिका वर्ग में श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर, नर्चर इंटरनेशनल स्कूल को 5-5 अंक, डीपीएस आजाद नगर को 4 अंक और एलेन हाउस पब्लिक स्कूल खलासी लाइन, गुरु नानक मॉडर्न स्कूल बिठूर रोड, द चिंटल्स स्कूल बिठूर रोड को 3-3 अंक मिले। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल की असिस्टेंट डायरेक्टर इशू कौशिक व प्रधानाचार्य आसिफा रिजवान ने शतरंज खेलकर किया। तीसरे राउंड की समाप्ति के बाद स्कूल के वाइस चेयरमैन देवांगराज तयाल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता की चीफ ऑर्बिटर कुसुम शर्मा, सत्येंद्र सिंह व कमल खेमानी रहे।



शंतरज खेलते बच्चे। अमृत विचार

# पत्नी को मायके में छोड़कर दे दी जान

## शादी के तीन साल गुजरे, मगर 20 दिन भी ससुराल में नहीं रुकी पत्नी, 17 मई को समझाने पर आई थी

संवाददाता, बिधनू

- बिधनू थाना क्षेत्र के सेनिया गांव का मामला
- पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के सेनिया गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक अपनी पत्नी को मायके में छोड़कर लौटा और घर में बाइक खड़ी करने के बाद बगीचे में पहुंचा, फिर फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों का आरोप है कि युवक अपनी पत्नी से इस कदर आजिज आ चुका था कि आत्मघाती कदम उठा लिया।

सेनिया गांव निवासी किसान रामसजीवन के 26 वर्षीय बेटे शिवम कुशवाहा की शादी वर्ष 2021 में नर्वल थाना क्षेत्र के भोगीपुर निवासी भुलई की बेटी रीना से हुई थी। मां माया देवी ने बताया कि शादी के 15 दिन बाद ही रीना मायके चली गई थी। दो साल बाद रिश्तेदारों के समझौता कराने पर वह लौटकर आई थी। दो दिन रुकने के बाद नई बाइक खरीदने की जिद करके फिर से मायके चली गई। अभी 17 मई को फिर से बेटा उसे समझा-बुझाकर लाया था।

मंगलवार की सुबह रीना ने जेवर बनवाने को लेकर बेटे से विवाद शुरू कर दिया। परेशान होकर बेटा उसे मायके छोड़ने गया था। सुबह करीब 10 बजे शिवम ससुराल से लौटकर आया। दरवाजे पर बाइक खड़ी करने के बाद वह बिना कुछ बताए घर से निकल गया। गांव के बाहर एक बगीचे में पहुंचा और नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदे पर लटक गया। भाई परिवार वालों के साथ तलाश करते हुए बगीचे में पहुंचा तो शिवम का शव फंदे पर लटक रहा था। पास में जहरीले पदार्थ की शीशी पड़ी थी।


शिवम कुशवाहा।


महिला पुलिसकर्मी ने बिलखती मां को संभाला। अमृत विचार


आत्महत्या के बाद पहुंची पत्नी रीना।

### पत्नी के नाम बनाया वीडियो, फिर गटका जहर

शिवम गांव के बाहर बब्बू पाल के बगीचे में पहुंचा और पहले एक वीडियो बनाया। वीडियो में उसने पत्नी को बाबू नाम से पुकारते हुए कहा 'मैंने तुम्हारा क्या बिगाड़ा था, जो तुमने ऐसा किया। ऐसा करना था तो बात ही क्यों चलाई'। इसके बाद उसने पहले जहरीला पदार्थ गटका फिर फांसी लगा ली। वीडियो उसने पत्नी के मोबाइल पर भेज दिया। वीडियो देख पत्नी के साथ ससुरालीजन उसे पहले भोगीपुर के आसपास खोजते रहे। इसके बाद शिवम के भाई विपिन को फोन कर जानकारी दी।

### सास-ससुर और पत्नी से थाने में पूछताछ

घटना के बाद पुलिस ने शिवम के ससुर भुलई, सास और पत्नी रीना को हिरासत में ले लिया और थाने में बैठाकर पूछताछ शुरू कर दी। देर शाम शिवम के परिवार की ओर से तहरीर लिखी जा रही थी, जिसमें सास, ससुर और पत्नी की प्रताड़ना से तंग होकर शिवम के आत्महत्या करने का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया का कहना है कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किराएदार बुजुर्ग दंपति का सामान फेंकवाया, महिलाओं से पिटवाया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** कई दिन से किरायेदार और मकान मालिक के बीच लेन-देन को लेकर चल रहा विवाद मंगलवार को दबंगई और मारपीट तक पहुंच गया। रुपये नहीं मिलने पर किरायेदार मकान खाली नहीं कर रहा था, तो मकान मालिक ने कुछ महिलाओं को बुलाकर बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट कराने के साथ उनका सामान निकालकर बाहर फेंकवा दिया। बुजुर्ग दंपति ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी है।

कस्बे के कूष्मांडा नगर निवासी समरजीत मिश्रा की पत्नी हिमांशु मिश्रा ने मंगलवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कूष्मांडा नगर निवासी रामराज यादव के घर पर किराए में रहती है। कई वर्ष पहले रामराज यादव ने उनसे छत डलवाने के नाम पर चार लाख रुपये नकद लिए थे। इसके बाद रामराज यादव ने डेढ़ लाख रुपये वापस कर दिया था। ढाई लाख रुपये के लेन-देन को लेकर मकान मालिक से विवाद चल रहा है। रुपये नहीं मिलने के कारण ही उन्होंने मकान खाली नहीं किया।

आरोप लगाया कि मंगलवार दोपहर मकान मालिक रामराज यादव, उसकी पत्नी विनीता, साथी पंकज श्रीवास्तव करीब 25 महिलाओं को लेकर घर आया। महिलाएं उनके साथ मारपीट करते हुए घर में रखा सामान निकालकर बाहर फेंकने लगीं। बुजुर्ग दंपति ने सामान फेंकने और मारपीट की सूचना अपने बेटे को दी। बेटा मौके पर पहुंचा तो महिलाओं ने चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने कार में भी तोड़फोड़ की, जिससे बेटे रोहित के हाथ में चोट आई हैं। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, घटना की जांच की जा रही है। केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


किराएदार का सामान निकालकर फेंकतीं महिलाएं। अमृत विचार

# आग से पांच बकरियां जिंदा जलीं

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** बिधनू क्षेत्र के तकसीमपुर गांव में मंगलवार की दोपहर मीटर में शार्टसर्किट से किसान के पशुबाड़े में आग लग गई, जिसमें पांच बकरियों की जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने हैंडपंप और सबमर्सिबल पंप से आग पर काबू पाया। आग लगने के दौरान गांव वालों में हड़कंप मचा रहा।

तकसीमपुर गांव निवासी किसान रज्जन राजपूत के घर के बगल में छप्पर और टट्टर का पशुबाड़ा बना हुआ था। मंगलवार की दोपहर पशुबाड़े से सटे हुए कमरे की दीवार पर लगे बिजली के मीटर में अचानक शार्टसर्किट हुआ, जिससे चिंगारी की चपेट में आकर पशुबाड़े का छप्पर धू-धूकर जलने लगा। देखते ही देखते पूरा पशुबाड़ा जलकर राख हो गया।

आग की ऊंची लपटें देखकर गांव वालों हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोग आग की लपटें देखकर दौड़े और हैंडपंपों से पानी भरकर डालने के साथ ही सबमर्सिबल पंप चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पशुबाड़े के अंदर बंधीं पांच बकरियों की जलकर मौत हो गई। थाने के एसआई मुकेश बाजपेई ने बताया कि सूचना मिलने के बाद गांव पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से पांच बकरियां जल गई हैं। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


आग से पांच बकरियां जलने के बाद गम में डूबीं घर की महिलाएं। अमृत विचार

### हड़कंप मचा

- गांव वालों ने सबमर्सिबल पंप से आग पर पाया काबू
- बिजली के मीटर में शार्टसर्किट से भड़क गई आग

## झोपड़ी में धधकी आग, परिजन बचे

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव में मंगलवार की भोर एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। तड़के तीन बजे गढ़ेवा गांव निवासी कमलेश उर्फ भीम अपनी पत्नी व बच्चों के साथ गांव के किनारे एक झोपड़ी में सो रहा था, तभी अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई।

झोपड़ी में मौजूद कमलेश ने पत्नी व बच्चों को फौरन बाहर निकाला। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे और आग पर काबू पाया। इसके बाद नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने गांव पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की और आर्थिक मुआवजा का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि कमलेश की गृहस्थी जल गई है। उसका सात बोरी गेहूं, तीन बोरी चावल और गृहस्थी का सामान जल गया है। चार हजार की नकदी भी जली है। जल्द मदद का आश्वासन दिया गया है।

# नर्वल में सड़क हादसा युवक की छिनी जिंदगी

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** नर्वल क्षेत्र के सगुनपुर मोड़ पर मंगलवार को तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से 35 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई।

नर्वल थाना क्षेत्र के भगुवाखेड़ा निवासी बबलू नागर पुत्र बंशलाल अपने घर से सगुनपुर मोड़ की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस गंभीर रूप से घायल बबलू को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम गईं। मौत की खबर से बबलू के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### कार ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, पांच लोग घायल

**बिधनू।** कानपुर से घाटमपुर जा रहे ई रिक्शा में पेट्रोल पम्प के पास पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। ई रिक्शा चालक के मुताबिक वे कानपुर से ई रिक्शा में बैठकर घाटमपुर जा रहे थे। जैसे ही पेट्रोल पंप के पास ई-रिक्शा पहुंचा, तभी कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा में बैठे प्रीती सिंह, हरिओम, अमरवीर सिंह, दीपक तिवारी और ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### ओवरलोडिंग में तीन डंपर सीज किए गए

**शिवराजपुर।** शिवली-बर्राजपुर मार्ग पर मौरंग और गिट्टी से ओवरलोड तीन डंपरों को पुलिस ने सीज कर दिया। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि अवैध मिट्टी व बालू खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मंगलवार को चेकिंग के दौरान शिवराजपुर-गंगा रोड पर ओवरलोड तीन डंपर पकड़े गए। सभी पर मौरंग ओवरलोड थी। कई डंपरों पर नंबर प्लेट के साथ भी छेड़छाड़ की गई थी। डंपर चालक खनन और वाहन के कागज नहीं दिखा सके। पकड़े गए तीनों डंपरों को सीज किया गया है।

### किशोरी से दुराचार में युवक पकड़ा गया

**शिवराजपुर।** कस्बे के एक युवक ने किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पीड़िता की मां की तहरीर में बताया गया है कि कस्बा निवासी फैजल खान उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और फिर मुकर गया। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि तहरीर पर युवक के खिलाफ दुराचार और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 24 मई से

**बिल्हौर।** ककवन कस्बे के अटल नगर मोहल्ले में प्रतिवर्ष स्थानीय लोगों के द्वारा आयोजित किए जाने वाली श्रीमद् भागवत का कथा का आयोजन इस वर्ष 24 में से प्रारंभ हो रहा है। सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन से आए धनवंतरी महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि 24 मई को ही विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें कस्बे के दर्जनों महिलाएं ,पुरुष ,युवा बुजुर्ग शामिल होंगे इसके अलावा 31 मई को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कथा अटल नगर के लक्ष्य एजुकेशन सेंटर स्कूल के मैदान में आयोजित की जाएगी प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाली भागवत कथा में वृंदावन से आए धनवंतरी महाराज को सुनने क्षेत्र के हजारों लोग पहुंचते हैं।


धनवंतरि महाराज।

### चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**भीतरगांव।** साढ़-जहानाबाद रोड पर गोपालपुर बंबा के पास साढ़ से जहानाबाद की ओर जा रही कार में अचानक आग लग गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। फतेहपुर के जहानाबाद निवासी रुस्तम अली कार से कानपुर गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही वह गोपालपुर बंबा के पास पहुंचे, तभी चलती कर में आग लग गई। रुस्तम ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राहगीरों की सूचना पर साढ़ पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लगभग आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।


गोपालपुर बंबा के पास आग लगने के बाद धू-धूकर जलती रही कार। अमृत विचार

## गर्मी का हाल...


बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल खराब है। खासकर, इस समय भीषण गर्मी में मरीजों की हालत खस्ता है। वार्डों के पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं। कूलर की कोई व्यवस्था नहीं है। तकसीमपुर गांव के गोविन्द की पत्नी सोनाबाई को यहां प्रसव हुआ है। ऊपरी मंजिल पर स्थित वार्ड में इतनी भयंकर गर्मी है कि वह बच्चे को लेकर लॉबी के फर्श में पड़ी रही। गोविंद ने बताया कि वार्ड में कूलर की व्यवस्था नहीं है, जिससे वहां एक घंटे भी गुजारना मुश्किल है। ● ज्ञानप्रकाश त्रिवेदी

# जनसेवा केंद्रों पर कसेगा शिकंजा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** सोमवार को उप जिलाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर का मामला प्रकाश में आने के बाद अब प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। सभी जनसेवा केंद्रों की जांच-पड़ताल शुरू होने के बाद संचालकों में हड़कंप मच गया है। इस बीच एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर करने वाले एक केंद्र संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

आधार कार्ड में नाम संशोधित करने के दौरान केंद्र संचालक द्वारा फर्जी ढंग से उप जिलाधिकारी के हस्ताक्षर स्कैन करने और फिर आधार रिजेक्ट हो जाने के बाद महिला ने जब उप जिलाधिकारी को मामले की जानकारी दी तो पूरा मामला खुलकर प्रकाश में आया। शिकायत के बाद प्रशासन ने छानबीन कराई तो पता चला कि जन सेवा केंद्र संचालक सौ-दो सौ के लाभ के लिए फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। सही तथ्यों को छिपाकर फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं।

### फर्जी हस्ताक्षर केस

- एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर के मामले में एक संचालक गिरफ्तार
- जनसेवा केंद्रों की जांच के बाद होगी प्रशासन की कार्रवाई


पकड़ा गया केंद्र संचालक।

अब तक की छानबीन में पता चला है कि ग्राम पंचायत में जन सेवा केंद्र खोलने के बजाय कस्बों में केंद्र संचालित कर रहे हैं, जबकि शासन के नियमानुसार जिस ग्राम पंचायत के नाम जन सेवा केंद्र दर्ज होगा, वहीं पर संचालन करना होगा।

इतना ही नहीं, आय, जाति और निवास के साथ ऑनलाइन कार्य में मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। ई डिस्ट्रिक के माध्यम से एक प्रमाण पत्र का आवेदक को 20 रुपये शुल्क अदा करना होता है, लेकिन जन सेवा केंद्र संचालक एक प्रमाण पत्र के औसतन 100 से 200 रुपये वसूल रहे हैं। ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई न होने से मनमानी हो रही है।

### केंद्रों की तहकीकात होगी: एसडीएम

सोमवार को उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा की ओर से सुभानपुर गांव के जन सेवा केंद्र संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने कहा कि अब जल्द ही पूरे तहसील क्षेत्र में अभियान चलाकर सभी जन सेवा केंद्रों की पूरी तहकीकात की जाएगी। इसके लिए एडीएम सिटी की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। जल्द ही जांच-पड़ताल शुरू होगी।

**आयोजन** यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के विदाई समारोह में संस्थान के निदेशक व प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को दी नसीहत

# नर्सिंग की छात्राओं ने बिखेरा हुनर का जलवा, गूंजती रहीं तालियां

संवाददाता, चौबेपुर

- नर्सिंग छात्राओं को समझाई गई सेवा भाव की अहमियत
- गणेश वंदना के साथ शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तातियागंज स्थित यशराज इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज में मंगलवार को नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं की विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान संस्थान के निदेशक व प्राचार्य द्वारा छात्रों को नर्सिंग के मूल सिद्धांतों को ध्यान में रखकर कार्य किए जाने की नसीहत दिये जाने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

यशराज इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक यशराज शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात नर्सिंग छात्राओं द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। अपने संबोधन में निदेशक यशराज शुक्ला ने कहा कि पढ़ाई पूरी करने के पश्चात आप सभी नर्सिंग के मूल सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन व ईमानदारी के साथ करें।

उन्होंने कहा कि नर्सिंग कार्य में सेवा भाव की भावना अहम है। अस्पताल में भर्ती किसी भी मरीज के लिए चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी देव तुल्य होते हैं।

संस्थान की प्राचार्या सारा एडविन केलना ने छात्र छात्राओं को नर्सिंग के सिद्धांतों पर चलकर मानव कल्याण में पूर्ण सहयोग देने की अपील की। प्राचार्या ने छात्र छात्राओं को नर्सिंग के सिद्धांतों की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जी एन एम की छात्रा तान्या ने एकल नृत्य, बीएससी नर्सिंग के आकाश, कल्पना, ज्योति और सौरभ ने ग्रुप डांस व छात्राओं रजनी व बेबी ने मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिया। विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राएं एक-दूसरे से फिर मिलने के वादे करते रहे।

अंत में निदेशक द्वारा अंतिम वर्ष के सभी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रवक्ता दिनेश शर्मा, अमित राज, पूजा ,राहुल श्रीवास्तव व मयंक तिवारी आदि के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार


प्रतीक चिह्न के साथ नर्सिंग के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बाजार गई महिला लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी रामबाबू की पत्नी नेहा (30) बीते रविवार की शाम रूरा बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन देर रात तक वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

### ट्रैक्टर चालक को पीटने में मां-बेटी पर एफआईआर

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अंदाया गांव निवासी विवेक ने पुलिस को बताया कि बीते रविवार को वह अपने ट्रैक्टर से गल्ला लेकर जा रहा था। तभी रास्ते में एक घर के बाहर बने चौतरे में हल्की सी टक्कर लगने से वह टूट गया था। जिसपर गांव की शिखा और उसकी मां ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे उसका सिर फट गया और गंभीर चोट आई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मजदूर को धमकाने से मना करने पर मारपीट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के कालिनपुरवा निवासी प्रेमचंद्र ने अपने मकान निर्माण में कार्य कर रहे मजदूर को पास के दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने के भेजा। जिसपर गांव के सीताराम ने मजदूर को काम करने से मना किया। जब मजदूर ने अपने मालिक को बात बताई तो प्रेमचंद्र ने जाकर सीताराम से विरोध किया। इससे सीताराम ने आक्रोशित होकर प्रेमचंद्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

### मारपीट व अश्लील टिप्पणी करने में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 2 मई को वह अपने दरवाजे पर बैठी थी, तभी गांव का विक्की उसके पास आकर अश्लील बातें करने लगा। विरोध करने पर गालीगलौज करने लगा। शोर सुनकर विक्की के परिवार के सूर्य प्रताप, छोटे, दिलीप, राजाबाबू अपने हाथों में लाठी डंडा और धारदार हथियार लेकर आ गए और घर में घुसकर उसे बुरी तरह पीटा। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया की रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सांड़ के हमले से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

**रसूलाबाद।** मंगलवार को कठारा गांव निवासी मोहर सिंह (65) शौच के लिए खेत पर गए थे। तभी पीछे से सांड़ ने आकर उन्हें पटक दिया। शोर मचाने पर लोगों ने बुजुर्ग को बचाया। परिजन घायल अवस्था में वृद्ध को सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उपचार किया।

### खड्ड में गिरकर बाइक सवार गंभीर, रेफर किया गया

**सिकंदरा।** विमला गार्डन के सामने एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। घसमऊ निवासी धर्मवीर किसी काम से सिकंदरा आए हुए थे। वापस घर लौटते समय बिमला गार्डन के सामने बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। जिससे धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर रूप से सीएचसी सिकंदरा लाया गया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दूसरे निकाह का विरोध करने पर पत्नी को पीटा

**रसूलाबाद।** दूसरा निकाह करने जा रहे पति को रोकने पर उसने पत्नी से मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेघन निवादा निवासी एक महिला ने पुलिस बताया कि वह कानपुर अपने मायके में रह रही है। उसकी जेठानी महरूम निशा पत्नी दिलशाद ने फोन कर उसके पति द्वारा दूसरा निकाह करने की सूचना दी गई। उसने कानपुर से अपने ससुराल मेघन निवादा आकर देखा तो पति दूसरा निकाह करने जा रहा है। जिसका उसने विरोध किया। जिसपर पति फिरोज ने उसे बुरी तरह से मारापीटा। जिससे उसको चोट आई है। उसने मायके मे परिजनों को सूचना दी। एसआई देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज

**मंगलपुर।** कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने न्यायालय को पूर्व में दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि 6 दिसंबर 2023 को उसके पति व ससुर जरूरी काम से बाहर गए थे। वह घर में अकेली थी। तभी पड़ोस का ही रहने वाला ईशू उसके घर में घुस आया और उसे बुरी नीयत से दबोच लिया। विरोध करने पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर आंगन में जबरन दुष्कर्म कर वीडियो भी बनाया। किसी से बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी अपने साथ करीब ढाई लाख रुपये के जेवरात व 25 हजार रुपये भी ले गया। न्यायालय ने कार्रवाई के आदेश दिए थे। मंगलपुर थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कैनाल पंप में नहाने गया किशोर पाइप में फंसा, डूबने से गई जान

## पानी के दबाव के कारण ऊपर नहीं आ सका किशोर, पंप बंद कराने के बाद मिला

संवाददाता, सिकंदरा



किशोर की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दोस्तों के साथ अमराहट कैनाल पंप में नहाने गया किशोर पानी के प्रेशर से डूब गया। कैनाल पंप को बंद कराकर लोगों ने तलाश की तो किशोर 67 क्यू पाइप के नीचे फंसा मिला। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।



मधुर यादव।

अमराहट गांव निवासी इंद्रपाल का 16 वर्षीय पुत्र मधुर यादव मंगलवार को अमराहट कैनाल पंप में दोस्तों के साथ नहाने गया था, तभी वह 67 क्यू पाइप के नीचे पहुंच गया। वहां पानी का दबाव इतना ज्यादा था कि मधुर ऊपर नहीं आ पाया और वह पानी में डूब गया। साथ नहा रहे लड़कों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया। इसके बाद कैनाल पंप को बंद कराया गया और किशोर की खोजबीन शुरू की गई। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई।

कड़ी मशक्कत के बाद किशोर 67 क्यू पाइप के नीचे फंसा मिला। परिजन उसे आनन-फानन सिकंदरा के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया गया कि मृतक किशोर परिवार का इकलौता था। अमराहट थाना प्रभारी जीतमल ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### जलाशयों में हादसे रोकने को एडवायजरी जारी

**कानपुर देहात।** भीषण गर्मी में बच्चे, युवा नदी, नहर, तालाब आदि में नहा कर राहत पाने की कोशिश करते हैं। ऐसे में हादसों को लेकर जिला प्रशासन ने एडवायजरी जारी की है। एडीएम वित एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने बताया कि गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे, किशोर, बुजुर्ग नदियों, घाटों व तालाबों में स्नान करते है और थोडी सी चूक पर जान गवां देते हैं। ऐसे में मादक पदार्थ का सेवन न करें। डूबते हुए व्यक्ति को धोती, साड़ी, रस्सी या बांस की सहायता से बचाएं। पानी में न जाएं और सहायता के लिएं अन्य लोगों को पुकारें। किसी नए स्थान पर नदी में जाने से पहले उसकी गहराई का ध्यान अवश्य रखें। डूबे व्यक्ति को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने के लिए डायल 112 पर कॉल करें। बच्चों को पुल, तालाब, नदी, गड्ढों व तेज पानी के बहाव में स्नान करने से रोंके।

## बिना सलाह के दवा खाने से पड़ते छाले

**कानपुर देहात।** जिला अस्पताल में वायरल फीवर के साथ मुंह में छाले व गले में दर्द वाले मरीज पहुंच रहे हैं। फिजीशियन उन्हें ईएनटी के पास रेफर कर देते हैं। चिकित्सक इसकी वजह मौसम में बदलाव, पेट साफ न होना, अधिक एंटी बायोटिक दवाओं के साथ अन्य दवाओं का सेवन, फास्ट फूड ज्यादा खाना, पानी कम पीना व मौसमी फलों का न खाना बता रहे हैं।

जिला अस्पताल अस्पताल के ईएनटी डॉ. आरके चौबे की ओपीडी में मुंह में छाले और गले में दर्द होने की समस्या लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। इसमे कुछ लोग होंठ सूखने और दर्द होने से परेशान हैं। ईएनटी ने बताया कि वायरल फीवर से पीड़ित होने के बाद लोग चिकित्सीय सलाह के बिना ही दवा खाना शुरू कर देते हैं। दवा के दुष्प्रभाव से मुंह में छाले निकलते हैं। मरीज के शरीर में विटामिन की कमीं ज्यादा देखी जा रही है। इसका कारण मौसमी फलों का सेवन कम करना है। वहीं हर समय गुटखा, तंबाकू आदि मुंह में रखे होने से मुंह की सफाई करने में भी समस्या होती है। लोग कुछ सावधानी बरतकर समस्या से बचाव कर सकते हैं।

# छोटी बहू के नाम जायदाद लिखने पर की थी हत्या

संवाददाता, मूसानगर

- भरतौली में रिटायर्ड दरोगा पिता की हत्या का मामला

**अमृत विचार।** भरतौली गांव में पिता द्वारा छोटे पुत्र की पत्नी-बच्चों के नाम ग्यारह बीघा जमीन व मकान नाम लिख देने से नाराज बड़े पुत्र ने गले में अंगौछा कसकर हत्या की थी। इसका खुलासा पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर किया है।

मूसानगर थाना क्षेत्र के भरतौली गांव निवासी रिटायर्ड दरोगा खुशीराम (72) अपनी छोटी बहू प्रेमलता के साथ मूसानगर के मंडी समिति स्थित मकान में रहते थे। सोमवार की सुबह वह गांव में वोट डालने की बात कहकर घर से निकले थे। दोपहर बाद छोटी बहू को फोन से सूचना मिली थी कि ससुर का शव गौशाला के पास पड़ा है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने छानबीन की थी। बहू प्रेमलता ने आरोप लगाया था कि खेती को लेकर खुशीराम की बड़े पुत्र हेमंत कुमार से अनबन चल रही थी। सोमवार को खेती बेचने को लेकर गांव वाले घर में विवाद हो गया था। इसी खुन्नस में वोट डालकर आते समय जेठ ने ससुर की हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नामजद अभियुक्त हेमंत कुमार को भरतौली गांव की गौशाला के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पिता के पास गांव में कुल 11 बीघा जमीन व कस्बा मूसानगर में एक मकान था। जिसे पिता ने छोटे भाई की पत्नी व उनके बच्चों के नाम कर दिया था और उसे कुछ भी नहीं दिया। इसी बात को लेकर उसने पिता खुशीराम की गौशाला के पास गले में अंगौछा से गला कसकर हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



पकड़ा गया हत्यारोपी।

# बनीपारा जिनई में करोड़ों रुपये से बनी पानी टंकी सिर्फ शोपीस

संवाददाता, रूरा



बनीपारा जिनई में तैयार पानी टंकी।

- जल जीवन मिशन के तहत एक साल पहले बनी थी टंकी, फिर भी जलापूर्ति नहीं

**अमृत विचार।** शासन की चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी टंकी बनवाई गई है। लेकिन बनीपारा जिनई ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपये की लागत से बनकर तैयार पानी टंकी महज शोपीस बनकर रह गई है। जिससे लोगों को घर की टोंटी से शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

झीझक ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीपारा जिनई में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 2.81 करोड़ रुपये की लागत से बनवाई पानी टंकी फरवरी 2023 में बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। गांव के लोगों का कहना है कि पानी टंकी का निर्माण जब शुरू हुआ था। तो ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई थी और घर की टोंटी से पानी मिलने की उम्मीद जगी थी।

एक साल बीतने के बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोग भीषण गर्मी में हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हैं। इस बावत जल जीवन मिशन के डिस्ट्रिक कोआर्डिनेटर शशांक यादव ने बताया कि जहां सोलर पैनल लगना है। वहां पर दो पेड़ खड़े हैं। जिसका एक माह पूर्व टेक्निकल टीम द्वारा सर्वे कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। वहां डीएम के पास रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। चुनाव संपन्न होते ही सोलर पैनल स्थापित कर जलापूर्ति शुरू करा दी जाएगी।



टंकी बनने के तुरंत बाद घरों में जलापूर्ति होने की बात कही गई थी, लेकिन एक साल बीतने के बावजूद पानी नहीं मिल सका है। अधिकारी समस्याओं को गिनाकर चले जाते हैं, लेकिन जल्द निस्तारण नहीं कराते हैं। **-सूरज पाल**



सरकार की ओर से टंकी बनाकर जलापूर्ति के लिए पूरा बजट समय पर दिया गया। टंकी बनने के एक साल बाद भी जलापूर्ति शुरू न होना जिम्मेदारों की लापरवाही है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। **-बल्लू सविता**



टंकी निर्माण पूरा होने के बावजूद लोगों को भीषण गर्मी में एक-एक बाल्टी पानी के लिए हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे अधिक समस्या मवेशियों को पानी पिलाने में होती है। निराकरण पर ध्यान देना चाहिए। **-परमान सिंह**



गांव में टंकी बनने पर घर की टोंटी से पानी मिलने की उम्मीद जगी थी। करीब एक साल पहले टंकी पूरी तरह बनकर तैयार हो गई, लेकिन जलापूर्ति अब तक शुरू नहीं हो पाई है। जिससे पानी की समस्या है। **-प्रताप पाल**

## सार-संक्षेप



महिला की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

### संदिग्ध हालत में पड़ा मिला महिला का शव

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी रसिया (45) दोपहर में खेत पर अपने ट्यूबवेल पर बड़े बेटे पियूष के पास गई थी और खाना लेकर थोड़ी दूर पर खड़े कटहल के पेड़ के नीचे बैठ गई। बेटा पियूष ट्यूबवेल पर सो गया। शाम को जब वह उठा तो देखा कि मां लेटी हुई है। जब वह करीब आया तो मां रसिया मृत अवस्था में मिली। पास में जहरीले पदार्थ की छोटी सी बोतल पड़ी थी। बेटे ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। मृतका के दो बेटे और तीन बेटियां हैं। थाना प्रभारी सिकंदरा महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# जायद में रोग से बचाव के लिए करें छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को सावधानी बरतने की दी सलाह
- मौजूदा समय में जायद की फसलों में पीला मोजेक रोग लगने की संभावना

**अमृत विचार।** जायद की फसलों में पीला मोजेक रोग से बचाव के लिए किसान लगातार निगरानी करें। किसी भी तरह का लक्षण दिखे तो तत्काल दवाइयों का छिड़काव करें।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जायद की मूंग, उड़द की फराहा में पीला चित्तवर्ण रोग (पीला मोजेक) का प्रकोप हो सकता है। पीला मोजेक दिखाई देने पर नियंत्रण के लिए फसल में डाईमिथोएट 30 प्रति ईसी की एक लीटर मात्रा अथवा ईमीडाक्लोप्रिड 17.8 प्रति एसएल की 250 से 300 एमएल छिड़काव करें। फंफूदी नाशक रसायन कार्बेडाजिग 12 प्रतिशत व मंकोजेब 639 प्रतिशत एक किलोग्राम मात्रा को 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टयेर में छिड़काव करें।

उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों की बुआई का समय आने वाला है। किसान मई-जून में खेत की गहरी जुताई करें। रबी फसलों की कटाई के बाद डंठल न जलाएं। बल्कि जुताई कर इसे भूमि में मिला दें। रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई आगामी खरीफ फसल के लिए अनेक प्रकार से लाभकारी होती है। मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है, जो फसलों की बढ़वार के लिए उपयोगी होती है। मृदा के अंदर छिपे हुए हानिकारक कीड़े-मकोड़े, उनके अंडे, लार्वा, प्यूपा एवं खरपतवारों के बीज नष्ट हो जाते हैं। जमीन में वायु संचार बढ़ जाता है, जो लाभकारी सूक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास में सहायक होता है।

## आंधी में टूटी एचटी लाइन, टला हादसा

**रूरा।** क्षेत्र के मझपटिया गांव में रात को आई आंधी में ग्यारह हजार वोल्टेज की मेन लाइन का तार टूट कर गिर गया। गनीमत रही कोई इसकी चपेट में नहीं आया। जिससे हादसा होते टल गया।

मझपटिया गांव में राजू अग्निहोत्री के दरवाजे से गांव के मुख्य मार्ग पर ग्यारह हजार वोल्टेज की लाइन निकली है। सोमवार रात में आई जोरदार आंधी के चलते मेन लाइन का तार टूट कर गिर गया। उस दौरान कोई नीचे नहीं था। जिससे हादसा होते बच गया।

मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने मामले की जानकारी विद्युत अधिकारियों को दी, लेकिन कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा और न ही विद्युत आपूर्ति बंद की गई। जिससे टूटे तार में करंट आता रहा। इस बावत जूनियर इंजीनियर करन सिंह ने बताया कि लाइनमैन को मौके पर भेजा गया है। जल्द ही टूटी लाइन दुरस्त कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि लाइन टूटने से किसी तरह का कोई खास नुकसान नहीं हुआ है।

# पाइप लाइन फटने से पानी का संकट

संवाददाता, मूसानगर



फटी पाइप लाइन की मरम्मत करते नगर पंचायत कर्मी। अमृत विचार

- शनिवार रात प्रेशर अधिक होने से वार्ड नंबर दस में फटी थी पेयजल पाइप लाइन

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस बालाजी धाम स्थित नलकूप की मेन पाइपलाइन प्रेशर से फटने के चौथे दिन जिम्मेदारों ने मरम्मत कराई। जिससे लोग पेयजल को लेकर परेशान रहे। हालाकि नगर पंचायत की ओर से टैंकरों से जलापूर्ति कराई गई।

बता दें कि शनिवार देर रात बालाजी मंदिर मार्ग पर नलकूप से वॉटर टैंक तक जाने वाली मेन लाइन अचानक प्रेशर से फट गई थी। जिससे जलापूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई थी। वहीं पाइपलाइन फटने से सड़क धंस गई थी और गड्ढा हो गया था। जबकि कस्बे के अशोकनगर, कृष्णानगर, बालाजी धाम, आंबेडकर नगर, गौसगंज, अब्दुल कलाम नगर में इसी नलकूप से पेयजल की आपूर्ति होती है। जिसकी मेन लाइन से पानी टंकी तक पहुंचता था। जलापूर्ति नहीं होने के कारण लगभग दस हजार आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

लोगों का कहना था कि पाइपलाइन फटने के बाद लोगों ने नगर पंचायत अधिकारियों से शिकायत की थी। बताया कि डेढ़ महीने के अंतराल में तीसरी बार प्रेशर से मेन लाइन फटी है। पाइपलाइन बरसों पुरानी पड़ी है, जो अब क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। बार-बार मरम्मत के बाद कुछ ही दिन चलती है।

वहीं पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के चौथे दिन मंगलवार को नगर पंचायत अधिकारी नींद से जागे और कर्मचारियों को मरम्मत के लिए भेजा। नगर पंचायत ईओ संजय कुमार ने बताया कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई है। पाइपलाइन दुरस्त होने के बाद शाम तक सप्लाई बहाल करा दी जाएगी।

## हाईवे पर ट्रैक्टर से भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत

**रनियां।** हाईवे पर ट्रक व ट्रैक्टर की भिड़ंत से ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अमेठी जिले के थाना मुंशीगंज के निधान सिंह का पुरवा निवासी रामलखन पाल (50) ट्रक चालक था। वह मंगलवार को कानपुर से दिल्ली ट्रक से समान लेकर जा रहा था। तभी कानपुर नगर के सचेंडी थाना अंतर्गत नायरा पंप के पास ट्रैक्टर से ट्रक की भिड़ंत हो गई, जिसमें ट्रक चालक राम लखन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पतान भेजा। जहां ईएमओ ने चालक को मृत घोषित कर दिया। जब भाई राकेश पाल को सूचना मिली तो कानपुर में पता करते रहे। काफी समय तक जानकारी करने के बाद रनियां थाना आए तो घटना की सूचना मिली। रनियां एसओ रनियां महेंद्र पटेल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**मौसम की मार** | चिलचिलाती धूप से सड़कें रहीं सूनी, बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

# घर से बाहर निकलते ही लू के थपेड़ों ने झकझोरा

संवाददाता, राजपुर



गर्मी से राहत पाने के लिए नहर में छलांग लगाते बच्चे। अमृत विचार



गर्मी से राहत पाने के लिए पेड़ की छांव में बैठे किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार को गर्म हवा और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। दोपहर के समय सड़कें और बाजार सुनसान रहे और वाहनों की आवाजाही भी कम रही। दोपहर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कुछ अधिक था।

चिलचिलाती और तन को झुलसाने वाली धूप में लोग बिलबिलाते हुए नजर आ रहे हैं। इन दिनों मौसम की तल्खी ने जनजीवन बेहाल कर दिया है। सुबह से ही गर्मी पड़नी शुरू हो जाती है और दस बजे के बाद तो सूर्य देव आग उगलने लगते हैं। जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। मई के महीने में जून जैसी गर्मी से लोग त्रस्त दिखाई दे रहे हैं।

मंगलवार को भी तापमान चढ़ा रहा। ऐसे में गर्मी से बचने के लिए लोग मुंह पर कपड़ा और सिर को ढककर चलने को मजबूर रहे। दुपहिया वाहनों पर भी लोग गर्मी से बचाव के इंतजाम के साथ जाते नजर आए। दोपहर के समय तापमान सबसे अधिक होने के कारण अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे और जरूरी होने पर ही निकले।

आवाजाही कम होने के कारण सिकंदरा के सराफा बाजार, बैलाही बाजार, नया बाजार समेत कस्बे के सभी बाजार सूनी पड़ी रही। सड़कों पर भी वाहनों की आवाजाही सुबह-शाम के मुकाबले कम रही। शाम के समय धूप का असर कम होने पर लोग घर से बाहर निकले। जिससे बाजारों में रौनक लौटी। कानपुर सीएसए के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन तापमान में बढ़ोत्तरी जारी रहेगी। फिलहाल मौसम की तल्खी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है।

## अस्पतालों में उमड़ रहे मरीज



हवासपुर सीएचसी में मरीजों का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

**संदलपुर।** बढ़ती गर्मी के साथ ही हवासपुर सीएचसी में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार को उल्टी, दस्त, बुखार व आंख में इंफेक्शन के तमाम मरीज पहुंचे। इनमे सबसे अधिक संख्या बच्चों और बुजुर्गों की रही। ओपीडी में 110 से ज्यादा मरीजों का चेकअप कर दवा दी गई। सीएचसी में सुबह से पर्चा काउंटर के बाहर मरीजों की कतार लगी रही। डॉक्टर ओआरएस का घोल और शीतल पेय पदार्थ पीने की सलाह दे रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ मुनीश कुमार ने बताया कि बढ़ते तापमान के चलते मरीजों की संख्या बढ़ी है। सीएचसी में सभी इंतजाम हैं। लू का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसे में जरूरी होने पर ही लोग दोपहर में घरों से निकलें। इस दौरान डॉ. वैभव कटियार, मनीष चौधरी, गुलफाम, विनोद कटियार, शुभम कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# 84 टेबल पर 336 कार्मिक करेंगे मतों की गिनती

## कार्मिक प्रभारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी तैयार करा रहे सूची

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी के मार्गदर्शन में कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना व उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र सिंह मतों की गिनती कराने के लिए कार्मिकों की तैनाती को अंतिम रूप दे रहे हैं।

मतदान के सातवें चरण के बाद चार जून को ईवीएम में कैद मतों की गिनती होगी। इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती के लिए 14-14 टीमें लगाई गई हैं। संसदीय क्षेत्र की गिनती के लिए कुल 84 टीमें वोटों की गिनती करेंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दही चौकी स्थित मतगणना स्थल बनाए गए एफसीआई वेयरहाउस में जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए 14-14 मतगणना टेबल लगाई जाएंगी। इस तरह संसदीय क्षेत्र के मतों की गिनती 84 टेबल पर होगी। हर टेबल पर चार मतदान कार्मिक तैनात किए जा रहे हैं। इसमें गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, गणना सहायक चतुर्थ श्रेणी और गणना माइक्रोआब्जर्वर शामिल होंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की काउंटिंग में 56 कार्मिक तैनात किए जाने को लेकर मतों की गिनती 336 कार्मिकों के कंधे पर होगी।



### रिजर्व में रहेंगी 18 टीमें

मतों की गिनती के दौरान अपरिहार्य परिस्थितियों में उपयोग के लिए अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत प्रत्येक विधानसभा पर तीन-तीन टीमों को रिजर्व में रखा जाएगा। इस तरह जिले में 18 मतगणना टीमें रिजर्व रखी जाएंगी। इसके अलावा एआरओ टेबल के लिए 12 टीमें गठित की जा रही हैं।

### 28 से दिया जाएगा प्रशिक्षण

कार्मिक प्रभारी सीडीओ ने बताया कि मतगणना कार्मिकों को 28 मई से संत पूरनदास नगर स्थित एसवीएम इंटर कालेज में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें प्रत्येक ईवीएम में दर्ज मतों की गिनती की जानकारी दी जाएगी। वहीं एनआईसी के माध्यम से कार्मिकों को (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमीटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) ईटीबीपीएस मतों की गिनती करने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी, जिसमें कंप्यूटर के जरिए ईटीबीपीएस मत गिनना सिखया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों को मतदान करने के लिए 3103 ईटीपीबीएस मत पत्र जारी किए गए हैं, जिनमें प्राप्त होने वाले मतों की गणना कराई जाएगी।

## मतगणना स्थल पर गर्मी व मच्छरों से सुरक्षाकर्मी बेहाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- केंद्रीय सुरक्षा बल सहित पुलिसकर्मियों की भी है तैनाती
- खाने-पीने की सामग्री भी दूर से लानी पड़ती है

**अमृत विचार।** मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की सुरक्षा को तैनात जवानों सहित अधिकारियों को ड्यूटी के घंटे बिताना काफी मुश्किल हो रहा है। दिन में जहां प्रचंड गर्मी चैन नहीं लेने देती है। वहीं रात के समय मच्छरों का प्रकोप हालत खराब किए रहता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम की निगरानी में जहां जिला स्तरीय अधिकारियों को अलग-अलग शिफ्टों में तैनात कर रखा है। वहीं केंद्रीय सुरक्षा बल सहित पुलिसकर्मियों की भी तैनाती है। वेयरहाउस स्थित मतगणना स्थल पर तैनात स्टाफ को जहां पूरे दिन पीने के ठंढ़े पानी की व्यवस्था साथ लेकर जानी पड़ती है। वहीं आसपास एकमात्र दुकान पर चाय व समोसा-पकौड़ा तो उपलब्ध मिल जाता है, लेकिन आबादी न होने से अधिकारियों सहित पुलिसकर्मियों के खाने-पीने की सामग्री खासकर फल व खीरा आदि दूर से लाना पड़ता है।

प्रशासन की ओर से पानी का टैंकर पहुंचाया जाता है, लेकिन मौसम की मार पानी को इतना अधिक गर्म कर देती है कि दोपहर बाद हाथ लगाना मुश्किल हो जाता है। हालांकि यहां तैनात सुरक्षाकर्मी चार दिन की बात कह कर सवाल टाल जाते हैं। उन्होंने बताया कि पीने का ठंडा पानी भी आ जाता है।



दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित मतगणना स्थल। अमृत विचार

## करंट की चपेट में आकर झुलसा लाइनमैन, भर्ती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मोती नगर फीडर का शटडाउन लेकर इंद्रा नगर फीडर के आपूर्ति वाले पोल पर चढ़ने से हुआ हादसा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत हाईवे के पीछे फाल्ट ठीक करने गया लाइनमैन करंट की चपेट में आकर झुलसने के बाद नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मी की सूचना पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां बर्न वार्ड में उसका इलाज चल रहा है।

सदर कोतवाली के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी विनय शुक्ला (35) पुत्र दुर्गा शंकर सिटी पावर हाउस में संविदा पर लाइनमैन पद पर कार्यरत है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एक गेस्ट हाउस के पीछे वह फाल्ट बनाने गया था। उसके साथ सहकर्मी मोनू भारती भी था। शटडाउन लेकर पहले मोनू सीढ़ी से चढ़ा तो उसे करंट आने का आभास हुआ। इस पर विनय ने उसे नीचे उतारकर दिया और जैसे ही वह ऊपर पहुंचा करंट की चपेट में आकर झुलसकर नीचे गिर गया। बताते हैं कि सहकर्मी ने उसे नीचे पकड़ने का प्रयास किया जिससे वह सीधे सड़क पर नहीं गिरा। मोनू की सूचना पर अन्य कर्मी पहुंचे और घायल कर्मचारी को जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाए। जहां से उसे बर्न वार्ड में शिफ्ट किया गया।

इसी दौरान परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। जानकारी पर जेई शिवांश दुबे ने अस्पताल जाकर परिवार को बेहतर इलाज कराने का भरोसा देते हुए आर्थिक मदद भी की। जानकारी के अनुसार विनय ने ओल्ड मोती नगर फीडर का शटडाउन लिया था। जबकि वह इंद्रा नगर फीडर के आपूर्ति वाले पोल पर चढ़ गया था। इसी से हादसा हो गया।

## झगड़े के बाद जामुन के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बलभद्र खेड़ा गांव निवासी युवक का प्रेमप्रसंग के चलते विवाद हो गया था। इसके बाद देररात युवक घर से निकला था। मंगलवार सुबह सुखलाल खेड़ा गांव स्थित बाग में जामुन के पेड़ में फंदे पर उसका शव लटका मिला। जिस पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी। वहीं सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

बलभद्र खेड़ा निवासी हाल पता बाबाकुटी निवासी हीरालाल का 22 वर्षीय बेटा आकाश निषाद वॉटर प्लांट में लोडर चलाता था। उसका पास के गांव में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसी को लेकर सोमवार को आकाश का विवाद हुआ था। जहां कुछ लोगों ने उसे बेल्टों से मारा पीटा था। वह अपने घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद रात करीब बारह बजे वह घर से निकला और पूरी रात घर वापस नहीं आया। जिस पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जहां मंगलवार सुबह ग्यारह बजे सुखलाल खेड़ा स्थित अपने ही बाग में जामुन के पेड़ में अंगौछे के सहारे आकाश का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव मिलने की सूचना पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटकाये जाने का आयोजन लगाते हुये पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को फंदे से नीचे उतरवाया। जिसके बाद शव का पंचनामा भर शव को पीएम के लिये भेजा है। वहीं आकाश की मौत पर मां बेला देवी, बहन गुड़िया, पिंकी, कोमल, पूजा, सूरज, सोनू, संजय का रो रो कर बुरा हाल हो गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के पिता ने तहरीर दी है। जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं ऑडियो भी वॉयरल हुआ है। पूछताछ की जा रही है। उसी के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।



आकाश की मौत पर रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार



आकाश निषाद।

### मौके से गायब मिले मोबाइल

परिजनों ने बताया कि आकाश के पास दो मोबाइल थे। मंगलवार जब उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला तो उसके दोनों मोबाइल और लाइसेंस गायब मिला। जिस पर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### युवती के परिजनों ने की थी शिकायत

आकाश का पास गांव में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, उसी को लेकर युवती के परिजन आकाश के घर पहुंचे थे और अंजाम भुगतने की धमकी देते हुये वापस चले गये थे।

### बातचीत का ऑडियो वॉयरल

आकाश की मौत के बाद एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। जिसमें आकाश कह रहा है कि पहला नंबर विशाल, दूसरा नंबर सुनील अमित के भाई ठीक, तीसरा नंबर रामबाबू छेदी का लड़का, मैं मर जाऊं या कुछ भी मैं बयान देकर जा रहा हूं और चौथा नंबर महेन्द्र थे, महेन्द्र कुछ बोल नहीं रहा था, महेन्द्र की कोई गलती नहीं थी, वह छुड़ा रहा था। सुनील गाली दे रहे थे, विशाल ने बेल्ट उतार कर मारा पीटा। हालांकि वॉयरल ऑडियो की पुष्टि आपका अमृत विचार नहीं करता है।

## 22 से 25 मई तक दिन में नौ घंटे नहीं आएगी बिजली

**नवाबगंज।** उपखण्ड अधिकारी रुद्र प्रताप ने बताया कि भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लाइनों का सुदृढ़ीकरण कार्य कराना प्रस्तावित है। जिसमें 220 केवी उपकेंद्र सोनिक से 33 केवीए लाइन जोकि अजगैन तक आती है। इसके तार व पोल बदलने का कार्य 22 से 25 मई तक किया जाना है। जिसके चलते 33 केवी लाइन वृंदावन बटलर, 33/11 केवी उपकेंद्र अजगैन व 33/11 केवी उपकेंद्र सोहरामऊ के नवाबगंज, रायपुरगढ़ी, नवई, अजगैन, बनी, आशा खेड़ा, बजेहरा, सोहरामऊ, सीहॉक, ई स्पेस, आनंदी मैजिक वर्ड, कत्था फैक्ट्री आदि फीडर की सप्लाई सुबह 7 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।





पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को आतंकवाद से लड़ने की शपथ दिलातीं सीओ सिटी सोनम सिंह।। अमृत विचार

## पुलिस कर्मियों को दिलाई गई आतंकवाद से लड़ने की शपथ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन उन्नाव के अलावा जिले के सभी थाना-कोतवाली में मंगलवार पुलिस कर्मियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया। इसमें सीओ सिटी सोनम सिंह ने पुलिस लाइन मैदान में पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। वहीं थाना-कोतवाली में एसओ व चौकियों में प्रभारियों ने आतंकवाद से लड़ने की शपथ दिलाई।

एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने पुलिस लाइन में कहा कि हर साल 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य यह है कि युवाओं को आतंकवाद से दूर रखा जा सके। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि इसी दिन सन-1991 में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई थी। तभी से यह दिन आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान सदर कोतवाली के अलावा गंगाघाट, बांगरमऊ, अजगैन, पुरवा, हसगंजन, बीघापुर, सफीपुर कोतवाली के साथ बेहटा मुजावर, फतेहपुर चौरासी, माखी, अचलगंज, सोहरामऊ, असोहा, मौरावां, बारासगवर, दही, आसीवन, औरास के अलावा महिला थाना में भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का अयोजन हुआ।

## लुटेरों ने मां-बेटे से लूटे 50 हजार रुपये

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- बेटी की शादी का सामान लेने को बैंक से पैसे निकालकर बेटे के साथ घर जा रही थी महिला

**अमृत विचार।** बेटी की शादी की तैयारियों के लिये बैंक से रुपये निकालकर बेटे के साथ साइकिल से घर जा रही महिला को लुटेरों ने अपना शिकार बना लिया। बदमाशों ने थैले में रखे 50 हजार रुपये छीन लिये और भाग निकले। लूट की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव ककरहा पथरहा निवासी श्यामा पत्नी स्व. श्यामलाल बेटे हरीश के साथ सोहरामऊ स्थित एसबीआई शाखा से रुपये निकालने गई थी। वहां से 50 हजार रुपये निकालकर मां-बेटा देरशाम साइकिल से गांव जा रहे थे। तभी वे असोहा-सोहरामऊ मार्ग स्थित गांव दतौली के पास ही पहुंचे थे कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने श्यामा के हाथ से झोला छीन लिया और वहां से भाग गए।

लोगों की सूचना पर सोहरामऊ एसओ कमल दुबे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। पीड़ित महिला ने बताया कि उनकी बेटी गीता की 4 जुलाई को शादी होनी है। पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही लुटेरों को दबोचने का दावा किया है।

## फ्रॉड कर निकाली गई रकम वापस मिली तो खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर फ्राड के माध्यम से तीन पीड़ितों के खाते से निकाली गई धनराशि उनके खाते में रिफंड कराई गई।




खाते में रकम वापसी का प्रमाणपत्र लेता पीड़ित। अमृत विचार

- साइबर फ्रॉड करके खातों से पार की गई थी रकम
- रकम वापस मिलने पर पुलिस को सराहा

**केस 01** शशांक श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला एबी नगर कोतवाली सदर ने 9 मई को 88 हजार रुपये फ्राड से निकाले जाने की शिकायत की थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके खाते फ्राड हुए 68 हजार रुपये होल्ड कराये। साथ ही 3000 रुपये उसके खाते में रिफण्ड कराए। बचे रुपयों को उसके खाते में रिफण्ड कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**केस 02** सूर्यकान्त द्विवेदी निवासी मोहल्ला कल्याणी देवी कोतवाली सदर ने भी 9 मई को पुलिस को दिये प्रार्थनापत्र में उसके खाते से 24 हजार 999 रुपये फ्राडकर निकाले जाने की शिकायत की थी। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते फ्राड किये गए 10 हजार रुपये उसके खाते में रिफण्ड कराए।

- तीन पीड़ितों के खातों से निकाली गई रकम पुलिस ने कराई वापस

**केस 03** अंशू गौतम पुत्र अशोक कुमार निवासी सिकंदरपुर सरोसी कोतवाली सदर ने 14 मई को पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उसके खाते से 4000 रुपये फ्राड कर निकाल लिये गए हैं। कोतवाली पुलिस ने फ्राड किये गए 4000 रुपये उसके खाते में रिफण्ड कराए।

### साइबर फ्रॉड से गये 67 हजार रुपये वापस मिले

उन्नाव। हसीन खां पुत्र इस्लाम खां निवासी-51 सिंगरौसी कोतवाली सदर ने साइबर क्राइम थाना में दिये प्रार्थनापत्र में बताया था कि रिमोट एप (क्विक सपोर्ट एप) के माध्यम से उसके खाते से अनधिकृत रूप से ओटीपी पाकर 67,836 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गयी थी। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी पूरी धनराशि उसके खाते में रिफण्ड कराये गये। इस कार्य में अश्वनी कुमार मिश्रा प्रभारी साइबर क्राइम थाना, निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार, दरोगा अयोध्या प्रसाद, मुख्य आरक्षी तरुण सिंह, आरक्षी शमसुद्दीन, मोनू यादव, महिला आरक्षी कुन्ती अग्रवाल व श्रुति मिश्रा का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा आगे भी कार्रवाई करते हुए लोगों की रकम दिलाई जायेगी।

## फैक्ट्री प्रबंधन पर इलाज न कराने का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मुर्गी दाना फैक्ट्री में काम करते समय गिरने से टूट गई थी रीढ़ की हड्डी

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत गांव ऐरा भदियार निवासी अंकित सिंह (35) मगरवारा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक मुर्गी का दाना बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। उसने बताया कि बीते जनवरी माह में वह फैक्ट्री में सीढ़ी पर चढ़कर काम कर रहा था। तभी नीचे गिरने से उसकी रीढ़ की हड्डी में चोट आ गई थी। घटना होने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से उसका इलाज कराए जाने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद से परिजन कानपुर के हैलट अस्पताल में उसका इलाज करा रहे थे। पहले तो आयुष्मान कार्ड से उसका इलाज चलता रहा। लेकिन, पांच लाख की सीमा समाप्त होने पर परिजनों ने 2.50 लाख रुपये तक का खर्च अपने पास से किया। लेकिन, फैक्ट्री प्रबंधन ने उनकी कोई मदद नहीं की। शिकायत करने पर मगरवारा चौकी इंचार्ज ने प्रबंधन पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था लेकिन, वहां से भी कोई सहायता नहीं मिली। मंगलवार शाम परिजन घायल को एंबुलेंस से डीएम आवास लेकर पहुंच गए। डीएम के मौजूद न मिलने पर एसडीएम ने उनकी बात सुनी और उनके साथ आए चौकी इंचार्ज को प्रबंधन से कहकर उसका इलाज कराने के निर्देश दिए।

## घर में अचेत होकर गिरी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** राशन लेकर लौटी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अचानक घर में गिर पड़ी। आनन-फानन परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव निवासी श्रीपाल ने बताया कि उसकी पत्नी नन्ही (50) गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर कार्यरत है। मंगलवार को बच्चों को राशन वितरण के बाद दोपहर में वह घर लौटी और अपना राशन लेने कोटे पर चली गई। जहां से राशन लेकर घर पहुंची तो वह अचानक गिरकर अचेत हो गई। वे लोग तत्काल उसे लेकर नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन कानूनी कार्यवाही से इनकार कर शव लेकर घर चले गये। बताया कि उसके दो बेटे नीरज व बउआ हैं।

**सेहत की बात** | उदर रोग संबंधी संक्रमण के प्रति इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है पना

## लू के थपेड़ों ने बढ़ाई नींबू-पानी व पना की मांग

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** हाल के दिनों में लगातार गर्म शुष्क हवाएं (लू) ने रात की अपेक्षा दिन के तापमान में काफी वृद्धि कर रखी है। सूरज चढ़ने के साथ ही बढ़ती गर्मी का एहसास लोगों को नींबू पानी, गन्ने का रस व कच्चे आम-पुदीना के इस्तेमाल से तैयार होने वाले पना की मांग करने को मजबूर कर रही है।

इन दिनों कस्बे में जगह-जगह पना की दुकानें सजी दिख रही हैं। वहीं शिकंजी व नींबू पानी बेचने वाले भी राहगीरों को आकर्षित करते रहते हैं। शिकंजी-नींबू पानी बेचने वाले जहां खूब कमाई कर रहे हैं। वहीं अंबिया (कच्चे आम) व पुदीने से तैयार होने वाला मसाला युक्त मिक्चर (पना) की भी जबर्दस्त मांग देखने को मिल रही है। जगह-जगह ठेलियों पर पना की चलती-फिरती दुकानें दिख रही हैं। शुगर के मरीज गन्ने का रस और शिकंजी के बजाए स्वास्थ्य रहने के लिए पना का ही इस्तेमाल करते हैं। कस्बे में पना का छोटा गिलास 10 और बड़ा 20 रुपये में उपलब्ध हो रहा है। हालांकि यहां आम की बहुतायत रहती है, क्योंकि यह ब्लाक आम फल पट्टी क्षेत्र में प्रमुखता से शामिल है।




सड़क पर नींबू-पानी व पना-पुदीना बेचता दुकानदार। अमृत विचार

### कैसे बनता है पना

सड़क पर पना बेचते मिले रामकुमार के मुताबिक कच्चे आम को सबसे पहले भूनते या उबाल लेते हैं। इसके बाद अच्छे ढंग से मथानी द्वारा मथकर आम के गूदे को पानी में मिक्स कर लेते हैं। साथ ही पिसा हुआ हरा पुदीना, काला नमक, हींग, अजवाइन, जलजीरा व बालम खीरा आदि पचानवर्धक सामग्रियों को ठंडे पानी मे मिलाकर परिवार के बीच सर्व किया जा सकता है।

- 10 से 20 रुपये में जगह-जगह मिल रहा है पना

### पना के ये हैं फायदे

पना पीने से न सिर्फ शरीर को ताजगी प्राप्त होती है, बल्कि अंबिया, पुदीना व नीबू मिलाकर इसे पीने से तेज धूप व लू से बचाव होता है। पुदीना जहां शीतलता प्रदान करता है। वहीं आम सहित इसमें इस्तेमाल होने वाले मसाले व्यक्ति का इम्यून सिस्टम मजबूत करता है। यह बैक्टीरियल व वायरल संक्रमण को समाप्त करता है। कच्चे आम में प्रचुर मात्रा में विटामिन-ए पाया जाता है। जो आखों को सेहतमंद बनाए रखता है। नियमित रूप से आम पन्ना का सेवन करने से मोतियाबिंद, रतौंधी व आंखों के लाल होने की समस्या से बचाव होता है। हालांकि अधिक प्रयोग समस्या भी बढ़ा सकता है।

## गर्मी और लू से बचाव के लिए बरतें जरूरी एहतियात : एडीएम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अधिक तापमान होने पर बिना एहतियात बरते घरों से बाहर निकलना जानलेवा हो सकता है। इसलिए दोपहर के समय बहुत जरूरी होने पर ही धूप में आवागमन करना चाहिए। एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ की एडवाइजरी में शामिल एहतियात बरतते हुए लू व धूप से बचाव किया जा सकता है।

एडीएम के मुताबिक दोपहर 12 से तीन बजे तक विशष सजगता बरने की सलाह है। इस दौरान आवश्यक होने पर बाहर निकलते समय गमछा, चस्मा, टोपी या छाते का इस्तेमाल अवश्य रूप से करना चाहिए। साथ ही पर्याप्त मात्रा में छाछ, लस्सी, नींबू पानी व आम पना आदि तरल पेय पदार्थों का इस्तेमाल करना चाहिए। आवागमन के दौरान अपने साथ पीने का साफ पानी जरूर रखना चाहिए। इस विपरीत मौसम में गहरे रंग के कपड़ों को इस्तेमाल कष्टकारी साबित होता है। इसलिए सफेद कपड़े पहनना संभव न होने पर हल्के रंग के वस्त्र पहनने चाहिए। घर की छत पर चूना या सफेद रंग का पेंट करना चाहिए, जिससे कमरे के तापमान में गिरावट आती है। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों व पालतू पशुओं को नहीं छोड़ना चाहिए। पक्षियों के प्रति हमदर्दी रखते हुए घरों की छतों व आसपास पेड़ों पर उनके लिए पानी और दाना रखना चाहिए। इसी तरह दुधारू पशुओं को छाया में बांधकर एक तय समय के बाद पीने का पानी उपलब्ध कराते रहना चाहिए।



- दोपहर 12 से तीन बजे तक होता है अधिक प्रभाव
- जरूरी है छाता, गमछा, टोपी और चश्मे का उपयोग

### ऐसे करें पीड़ित की सहायता

लू से पीड़ित होते ही उसे छांव वाले स्थान पर ले जाकर लेटाकर सूती गीले कपड़े शरीर पोछते हुए पानी का स्प्रे करना चाहिए। लू का प्रभाव कम होने पर प्रभावित व्यक्ति को नहलाया भी जा सकता है। लू व गर्मी की वजह से कमजोरी महसूस होने, सर दर्द, उल्टी आने या मांसपेशियों में ऐंठन होते ही तत्काल प्राथमिक सहायता चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

# सड़क हादसों में युवक व रिटायर्ड होमगार्ड की मौत

## बेहटा मुजावर गांव स्थित डेयरी में कर्मचारी था युवक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक युवक व रिटायर्ड होमगार्ड की मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किये।

**केस 01**

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के तकिया निगोही गांव के मजरा अतरी निवासी प्रताप पाल (20) पुत्र गुड्डू पड़ोसी गांव निगोही में एक दूध डेयरी में काम करता था। सोमवार रात डेयरी का लोडर चालक करन दूध नपवाने कन्हई खेड़ा गांव गया था। वहां उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया। इसकी जानकारी पर प्रताप रात करीब आठ बजे अपने गांव के चालक संजीत को लेकर दूध से लदा खड़ा लोडर लेने गया था। संजीत को वहां छोड़कर प्रताप बाइक से घर लौट रहा था। तभी गौरिया कलां-तकिया मार्ग पर कन्हाई खेड़ा गांव के बाहर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे प्रताप सड़क किनारे बाइक सहित गिर गया। बाइक उसके ऊपर गिरने के साथ ही कुछ मिट्टी भी उसी पर गिर गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और परिजनों को घटना की सूचना दी। उन्होंने पहले युवक, फिर बाइक व उस पर मिट्टी पड़ी देख हत्या का आरोप लगाया। एसओ फूल सिंह ने बताया कि शव सड़क किनारे बाइक के नीचे दबा पड़ा था। परिजनों के आरोप के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है




● सफीपुर में लोडर की टक्कर से गई रिटायर्ड होमगार्ड की जान

**केस 02**

**सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बम्हना गांव निवासी राम किशोर (60) पुत्र स्व. केवल उर्फ कव्वल इसी साल सफीपुर कोतवाली से होमगार्ड पद से रिटायर हुआ था। सोमवार शाम करीब चार बजे वह जमलुउद्दीनपुर बाजार गए थे। उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित सालेह नगर करौंदी गांव के पास पीछे से आए लोडर ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर घायल होने पर परिजन उसे सीएचसी लाये। जहां डाक्टर ने इलाज के बाद गम्भीर हालत को देखते ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

## सड़क हादसे में एक की गई जान और एक घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत हुए सड़क हादसों में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसका शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। वहीं, बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे दंपती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**नवाबगंज।** कस्बा के पछियांव मोहल्ला निवासी भगौती अपने भाई लक्ष्मी व रिस्तेदार छेदी के साथ बाइक से अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। तभी अजगैन कोतवाली अंतर्गत हाईवे स्थित पक्षी विहार के सामने दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग घायल हो गये थे। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां भगौती व लक्ष्मी को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान भगौती की मौत हो गयी। वहीं लक्ष्मी जिंदगी मौत से जूझ रहा है। दूसरे दिन जैसे ही पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों मे कोहराम मच गया। भगौती अपने पीछे पत्नी वसुधा व पांच बच्चों शिवानी, सचिन, देवा, शिवा, गौरी को रोता छोड़ गया है।

### अंतिम संस्कार से लौटते समय दुर्घटना में तीन गंभीर

**बांगरमऊ।** हरदोई जिला के थाना कासिमपुर अंतर्गत गांव भवानी खेड़ा निवासी सोनेलाल उसकी पत्नी निर्मला व उसका रिश्तेदार नीरज निवासी गांव अकोहरी नेवादा थाना कासिमपुर बाइक से रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने क्षेत्र के नानामऊ घाट गए थे। लौटते समय नगर के संडीला मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी गेट के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पलट गई और तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने सोने लाल को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि, अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### अनियंत्रित कार हाईवे पर पलटी, तीन जख्मी

**नवाबगंज।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव आशाखेड़ा तिराहे पर अयोध्या से कानपुर जा रही कार बाईं ओर से ओवरटेक करते समय अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार राजकुमार, सचिन व सुरेश निवासी काकादेव कानपुर गंभीर घायल हो गए। घटना देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को कार से निकालकर ऑटो से उपचार के निजी अस्पताल भिजवाया।



मनोहर नगर में नाले की साफ-सफाई करने पहुंचे सफाई कर्मी। अमृत विचार

## राहत : मनोहर नगर में चला साफ-सफाई अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पालिका प्रशासन की ओर से इन दिनों वार्डों में साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये मंगलवार को मनोहर नगर में पालिका कर्मियों ने साफ सफाई की। इसके साथ ही नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

मंगलवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी मनोहर नगर मोहल्ले में पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्र की सभी गलियों में साफ सफाई की। इसके साथ ही नाले-नालियों की सिल्ट साफ कराई गई। जिसके बाद मच्छरों की भरमार को देखते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। वहीं सफाई कर्मियों ने अपने आस पास जलजमाव न होने के लिये भी लोगों को जागरूक किया। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर पालिका के 28 वार्डों में साफ सफाई की जायेगी।

## एक नजर

### महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव घूरखेत निवासी प्रकाश की 35 वर्षीय पत्नी रीना ने मंगलवार शाम पारिवारिक विवाद के बाद घर के कमरे में धन्नी में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। बेटे शिवा ने अपनी मां को फंदे से लटका देखा तो पिता व अन्य परिजनों को सूचना दी। इसके बाद वह मां को फंदे से उतारकर आनन-फानन सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल पहुंचते ही डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति प्रकाश ने बताया कि रीना की कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका इलाज चल रहा था।

### रॉड मारकर महिला का फोड़ा सिर, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आसाम बंगाल मोहल्ले में रहने वाली महिला को सोमवार को मामूली बात को लेकर लखनऊ में रहने वाले पांच लोगों ने मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मूलरूप से बिजनौरी निवासी महेन्द्र की पत्नी रिशिका ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह वर्तमान समय में गंगाघाट के आसाम बंगाल कॉलोनी में रहती है। सोमवार दोपहर वह घर के बाहर बैठी थी तभी लखनऊ के थाना हुसैनगंज के छेदवापुर निवासी गौरी, वर्षा, लक्ष्मी देवी, जितेन्द्र, सरोज ने गाली गलौज करते हुये उसके सिर पर लोहे की राड मार दी। जिससे उसका सिर फट गया।

### मतदान कार्मिकों को मिलेगी ई-पेमेंट

**उन्नाव।** जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने मतदान कार्मिकों को यात्रा भत्ता व हल्के नाश्ते का भुगतान आनलाइन ई-पेमेंट से कराना तय किया है। इसके लिए उन्होंने प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, बीएसए व वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

## दस वॉटर कूलर लगने का काम शुरू अब राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका गंगाघाट की ओर से गर्मी में दूर दराज से आने जाने वाले मुसाफिरों की प्यास बुझाने के लिये दस चिह्नित स्थानों पर वॉटर कूलर लगवाये जाने हैं। जिसको लेकर काम शुरू हो गया है। वॉटर कूलर से लोगों को ठंडा पानी मिल सकेगा।

शुक्लागंज के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। जिसे देखते हुये पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने पालिका क्षेत्र में शुद्ध और शीतल पानी मुहैया कराने के लिये नगर पालिका की ओर से सार्वजनिक स्थानों व प्रमुख मार्गों पर वॉटर कूलर लगाये जाने की बात कही थी। जिससे गर्मी में लोगों को ठंडा पानी मिल सके। वॉटर कूलर लगाये जाने का काम पालिका ने शुरू करा दिया है। जलकल प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पहला वॉटर कूलर पालिका परिसर में लगाया गया है। जिससे शुद्ध और ठंडा पानी लोगों को मिल सकेगा। इसके अलावा मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट, गंगापुल चौराहा, थाना चौराहा, पालिका, आखिरी पेट्रोल पंप, टेलीफोन एक्सचेंज, मरहला चौराहा समेत दस स्थानों पर वॉटर कूलर लगेंगे।



फोरलेन के किनारे वॉटर कूलर लगाने के लिये रखा गया लोहे का जाल।

## रात में बूंदाबांदी से राहत, दोपहर में गर्मी ने रुलाया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार रात नौ बजे तेज हवाएं चल रही थी, जिससे मौसम में बदलाव हुआ। रात के समय बूंदाबांदी होने से लोगों ने राहत की सांस ली। जिसके बाद मंगलवार सुबह से ही मौसम का तेवर बदला रहा, चटक धूप के साथ चल रहे लू के थपेड़ों ने आने जाने वाले लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं धूप को लेकर जिला प्रशासन ने चेतावनी जारी की है।

सोमवार रात बूंदाबांदी होने के साथ ही तेज हवायें चलने से मौसम सुहावना हो गया। वहीं मंगलवार सुबह सात बजे से ही सूरज तल्ख रहा। जिससे आने जाने वाले लोग परेशान दिखे। दोपहर के समय चल रही लू के थपेड़ों से राहगीर बिलबिला उठे। जिस कारण दोपहर के समय प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिला। वहीं अत्यधिक तापमान को होने से हीट वेव लू की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिसे देखते हुये जिला प्रशासन ने तेज धूप में न निकलने की अपील की है। जिसमें कहा गया है कि दोपहर के समय 12 बजे से 3 बजे तक विशेष ध्यान रखें। यदि कोई जरूरी काम हो तो ही बाहर निकले अगर निकलना भी हुआ तो गमछा, चस्मा, टोपी या छाते का उपयोग करें। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ जैसे छास, लस्सी, नींबू पानी, आम के पना का सेवन करें कमजोरी, सिर दर्द, उल्टी आने पर या मांसपेशियों में ऐंठन हो या चक्कर आए तो तुरंत प्राथमिक सहायता लें एवं चिकित्सक से सम्पर्क करें।



गर्मी से बचाव के लिये आम का जूस पीतीं युवतियां और महिला। अमृत विचार

● धूप व गर्मी को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी

## प्रचंड गर्मी से बच्चे हो रहे डायरिया का शिकार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मई माह में पड़ रही प्रचंड गर्मी के कारण शरीर से बराबर पसीना निकल रहा है। जिस कारण शरीर में पानी की कमी होने के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्ग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। मंगलवार को ओपीडी के दौरान पीएचसी में मरीजों की लाइनें लगी रही। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी।

मंगलवार सुबह नौ बजे से ही न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में दवाइयां लेने के लिये मरीज पहुंच गये। जहां मौजूद अस्पताल कर्मियों से अपना पर्चा बनवाया। जिसके बाद सुबह करीब दस बजे पहुंचे डॉक्टरों ने अपना परीक्षण कराया। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण अस्पताल में मरीजों की लाइनें लगी रही। जहां सर्दी, जुकाम, बुखार, त्वाचा संबंधित, डायरिया, हीट स्ट्रोक के अलावा अन्य मरीज पहुंचे। डॉक्टरों ने सभी का परीक्षण करते हुये उन्हें दवाइयां दी। इसके साथ ही मरीजों को बचाव के तरीके बताये। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रवि प्रकाश सचान ने बताया कि हर रोज कम से कम आठ से दस बच्चे डायरिया के पाये जा रहे हैं। उन्हें बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं। जिससे दोपहर बारह बजे से तीन बजे के बीच धूप में निकलने से बचाव करें। इसके साथ ही बच्चों से लेकर बुजुर्गों पर बराबर ओरआरएस, नमक पानी के अलावा अन्य पेय पदार्थ दें। जिससे पानी की कमी न हो सके। वहीं धूप से आने के तुरंत बाद पानी न पीयें नहीं तो सर्दी, जुकाम, बुखार की चपेट में आ सकते हैं।



मरीजों को देखतीं डॉ. रश्मि वर्मा। अमृत विचार

## ताबड़तोड़ फाल्ट से बेपटरी हुई नगर की विद्युत व्यवस्था

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी में एक बार फिर नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जिससे नगर के रहने वाले लोगों को गर्मी में बिना बिजली के समस्या उठानी पड़ रही है। घंटों बिजली गुल होने से लोग बिलबिला उठे। नगर के अंबिकापुरम में एबीसी केबिल डालने के दौरान पांच घंटे तक बिजली गुल रही।

चंपापुरवा मोहल्ले में मंगलवार को ओवरलोड होने के कारण ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिससे एक फेस उड़ गया। जिस कारण सुबह ग्यारह बजे से तीन बजे तक एक सैकड़ा घरों की बिजली गुल रही। इसी तरह पोनी रोड रविदास पार्क के पास एक पोल में करंट उतरने के कारण दिन करीब साढ़े 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक दर्जनों घरें की सप्लाई बंद रही। शाम करीब चार बजे के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हुई। वहीं विष्णुपुरी में फाल्ट होने के कारण फीडर तीन की लाइन ट्रिप करती रही। दोपहर से शाम तक आपूर्ति बंद रही। इसके अलावा सोमवार की रात में कई बार ओवरलोड होने के कारण फीडर 2, 4, 5 की सप्लाई को एक-एक घंटा से अधिक समय तक बंद रखा गया। वहीं नगर के अंबिकापुरम मोहल्ले में एबीसी लाइन बदलने के लिये दोपहर बारह बजे शट डाउन लिया गया। शाम पांच बजे तक तार बदलने का काम हुआ। जिस कारण पांच घंटे तक बिजली नहीं आई।



धू-धूकर जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### धू-धूकर जला ओवरलोड ट्रांसफार्मर, मचा हड़कंप

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के राजधानी मार्ग स्थित सरस्वती टाकीज के पास लगा ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण मंगलवार रात धू-धूकर जलने लगा। लपटें देख स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया। राजधानी मार्ग स्थित सरस्वती टाकीज के पास रखा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार रात ओवरलोड होने के कारण धू-धूकर जल गया। लपटें देख आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी गई। जिस पर आपूर्ति बंद कराई गई। आपूर्ति बंद होने के बाद क्षेत्रीय लोगों व दुकानदारों ने किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान सैकड़ो घरों की बिजली गुल हो गयी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कर शुरू किया है।

## चेतावनी: पालिका जल्द हटाएगी अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर की सड़कों, फुटपाथों व नालों पर अतिक्रमण करने वालों की शामत आने वाली है। नगर पालिका परिषद ने कूड़ा गाड़ियों पर लगे लाउडस्पीकर से अतिक्रमणकारियों व प्रतिबंधित पॉलीथिन इस्तेमाल कर रहे कारोबारियों को चेतावनी दिलाना शुरू किया है।

शहर में पिछले काफी समय से अवैध कब्जेदारों के खिलाफ अभियान नहीं चलाया गया है। अब अतिक्रमणकारियों को निरोधात्मक कार्रवाई के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने की जानकारी दी जा रही है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सत्तारूढ़ भाजपा को राजनैतिक क्षति से बचाने के लिए कई माह से अभियान नहीं चलाया जा रहा था। शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए बारिश से पहले हर साल नालों की सफाई कराई जाती है।

इस बार चुनावी व्यस्तता के चलते अब तक नालों की सफाई का बड़ा अभियान नहीं चलाया गया है। लखनऊ बाईपास तिराहा से एक ओर नहर तक तो दूसरी ओर जिला अस्पताल तक जबर्दस्त अवैध कब्जे दिखाई देते हैं। न सिर्फ लकड़ी व लोहे की गुमटियां रखकर लोग नालों व फुटपाथों पर कारोबारी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, वहीं ठेलों पर रखकर सामान बेचने वाले पूरे-पूरे दिन सड़क पर ही कब्जा जमाए रहते हैं।

### स्थाई दुकानदार भी नहीं हैं पीछे

फुटपाथों व नालों पर आर्थिक रूप से कमजोर लोग ही अतिक्रमण नहीं किए हैं। हकीकत यह है कि पक्की दुकान वाले स्थाई दुकानदार भी अपना बारदाना नाला-नाली के आगे फुटपाथ सजाकर बैठ जाते हैं। बड़े हनुमान मंदिर से कोतवाली तक राहगीर फुटपाथ का इस्तेमाल कर ही नहीं पाते हैं। अधिकांश स्थाई दुकानदार फुटपाथ कब्जियाए रहते हैं, जिससे फेरी लगाकर सामान बेचने वालों को सड़क पर सामान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है।




समर कैंप में मस्ती करते यूरो किड्स के बच्चे। अमृत विचार

## समर कैंप में बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के विष्णुपुरी स्थित यूरो किड्स स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। जहां नन्हे मुन्ने बच्चों ने समर कैंप में खूब मस्ती की। विष्णुपुरी स्थित यूरोकिड्स स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप के दौरान मंगलवार को स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जहां बच्चों ने खूब मस्ती की। विद्यालय के डायरेक्टर शांतनु पाठक ने बताया कि बच्चों ने कैंप में ताइक्वांडो, म्यूजिक, मेंटल मैथ्स, डांस, कैलीग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट के अलावा अन्य एक्टिविटी में भाग लिया है। इस दौरान स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

**उफ ! ये गर्मी** | ईओ के आदेश के बाद भी गौशाला में नहीं लगे कूलर, वर्तमान समय में 254 गोवंश संरक्षित हैं इस गौशाला में

# कान्हा गौशाला में कूलर व पंखा न लगने से परेशान हो रहे गोवंश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मई माह में पड़ रही शरीर झुलसाने वाली गर्मी में जहां हर कोई बेहाल है। वहीं गर्मी के चलते बेजुबान भी व्याकुल हो रहे हैं। गर्मी को देखते हुये ईओ ने दस दिन पहले गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में कूलर और पंखे लगवाने के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद अभी तक कूलर नहीं लगे। जिससे बेजुबान गर्मी से परेशान हो रहे हैं।

चंपापुरवा नेतुआ मार्ग स्थित गगनी खेड़ा में बने कान्हा गौशाला में वर्तमान समय में 254 गोवंश संरक्षित हैं। जिनकी देखभाल पालिका प्रशासन की ओर से की जाती है। इधर पड़ रही प्रचंड गर्मी के कारण टिनशेड़ के नीचे रहने वाले गोवंश गर्मी में बेहाल हो रहे हैं। जिसे देखते हुये ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बीते 10 मई को गौशाला में चार बड़े कूलर व छह पंखा लगाये जाने का आदेश दिया था, मगर समय बीतने के बाद ईओ का आदेश हवाहवाई हो गया। गौशाला में कूलर न लगने के कारण गर्मी में गोवंश व्याकुल हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की इस ओर नजर नहीं पड़ रही है। जबकि वर्तमान समय में 42 डिग्री के ऊपर पारा पहुंच गया है। ऐसे में आमजनमानस के अलावा बेजुवान भी परेशान हैं।



कान्हा गौशाला में चारा खाते गोवंश। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

कान्हा गौशाला में पंखा और कूलर लगाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। एक या दो दिन में गौशाला में कूलर और पंखा लग जायेगा। जिससे गौवंशों को गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

–मुकेश मिश्रा, ईओ, नगर पालिका गंगाघाट, उन्नाव

## तालाबों में पानी न होने से पशु-पक्षी बेहाल

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नहर में पानी न छोड़े जाने से तहसील क्षेत्र की सभी माइनर सूखे पड़े हैं। नहरों व माइनर में पानी न होने से इस बार अब तक तालाबों को नहीं भरा जा सका है। इससे लोगों को जहां अपने पालतू पशुओं को पानी पिलाना मुश्किल साबित हो रहा है।

हमेशा मई के पहले पखवाड़े में नहरों में पानी छोड़ा जाता रहा है। इससे नहर व माइनर के तटवर्ती तालाबों को भर लिया जाता था, जिससे पशु-पक्षी आसानी से प्यास बूझा लेते थे। इस बार मौसम अधिक गर्म होने के बाद भी अब तक नहरों में ऊपर से पानी नहीं छोड़ा गया है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के चलते अधिकारी नहरों में पानी का प्रबंधन नहीं कर सके हैं। ग्रामीण पशुहानि रोकने के लिए तुरंत पानी उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र के बागान मालिकों ने बताया कि पूरे दिन कड़ी धूप रहने से आम के पेड़ों की सींचाई जरूरी होती जा रही है। पानी न मिलने पर आम की फसल पर विपरीत असर होगा। ज्यादातर बाग मालिक इसी एक फसल से अपनी आर्थिक जरूरतें पूरी करते हैं। समदपुर भावा निवासी राजू सिंह, कौशल सिंह, दीपू सिंह, जीतेंद्र यादव, टिंकू यादव, राहुल पंडित, लिटिल सिंह व प्रभात यादव आदि ने नहर विभाग के अधिकारियों को शीघ्र ही नहरों में पानी छुड़वाना चाहिए, तालाब-पोखरों को भरकर पशुओं को पेयजल संकट से निजात दिलाई जा सके।



सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# रईसी के बाद ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत से पश्चिम एशिया सदमे में है। राष्ट्रपति की मौत ईरान के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में हुई है। ईरान पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से त्रस्त अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए जूझ रहा है और सामाजिक तनाव को शांत करने की कोशिश कर रहा है। परमाणु समझौता खत्म हो चुका है। गाजा युद्ध में हालिया वृद्धि ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है और कई साजिश सिद्धांतों को हवा दी है। ईरान और इज़राइल के बीच तनाव बहुत बढ़ा हुआ है और ईरान, अपने रूस और चीन जैसे साझीदारों के साथ सत्ता की खेमेबंदी के नए दौर में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश के रूढ़िवादी हलकों में रईसी के व्यापक प्रभाव ने उन्हें ईरान के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया था। ईरान के सवाल को लेकर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के बावजूद, इब्राहिम रईसी का निधन, इस क्षेत्र में ईरान की अपनी नीतियों से कहीं ज्यादा उसकी अंदरूनी सियासत पर असर डालने वाला है। इब्राहिम रईसी की अचानक मौत के बाद, अगले 50 दिनों के दौरान जब तक ईरान नया राष्ट्रपति चुनेगा, वो ईरान की राजनीति के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण होंगे।

नए चुनाव होने तक उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर कार्यवाहक राष्ट्रपति रहेंगे। आगे चलकर ईरान की सियासत में सत्ता के तमाम केंद्र अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए आपस में खींचतान करेंगे। भू-राजनैतिक तनावों के मद्देनजर, रईसी की मौत से साजिश के सिद्धांतों को भी बढ़ावा मिल सकता है जिससे इस इलाके में आग और भड़क सकती है। इस हादसे का असर पश्चिम एशिया की राजनीति पर गहराई से पड़ेगा। ईरान और भारत के बीच गहरे संबंध हैं। रईसी की मौत भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर हुए समझौते के बाद हुई है। इस समझौते के बाद भारत को चाबहार के संचालन का अधिकार अगले 10 सालों के लिए मिल गया है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि यह बंदरगाह पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और अमेरिका को इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। हो सकता है कि रईसी की मौत की वजह से होने वाले सत्ता परिवर्तन का उसकी भू-सामरिक योजनाओं पर बहुत व्यापक या सीधा असर न पड़े। घरेलू, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों की पृष्ठभूमि के बीच हुई रईसी की मौत के सदमे से ईरान को उबरने में वक्त लगेगा। रईसी की मौत से क्षेत्र में और अस्थिरता पैदा होने का खतरा है, ऐसे में ईरान के सामने भी नाजुक स्थिति से निपटने की चुनौती है।

# कोवैक्सीन और स्यूडो-साइंस की मनोवृत्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी।

'कोवैक्सीन' का टीका मनुष्य को लगाने के बाद स्वास्थ्य पर दीर्घकाल में होने वाले विपरीत प्रभावों पर 'लांग टर्म सेफ्टी एनालिसिस ऑफ़ बीबीवी-152 कोरोना वायरस वैक्सीन इन एडोलिसेंट्स एंड एडल्ट्सः फाइंडिंग्स फ्रॉम ए वन-इयर प्रोस्पेक्टिव स्टडी इन नार्थ इंडिया' शीर्षक से एक अध्ययन को 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के 13 मई 2024 के अंक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संबद्ध इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में कार्यरत दस विज्ञानियों ने प्रकाशित किया है। उक्त टीका ग्रहण करने के बाद के दुष्प्रभावों का अध्ययन किशोर, युवा और वयस्कों पर किया गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में इस अध्ययन को इस आधार पर खारिज किया कि इस शोध की प्रक्रिया दोषपूर्ण है। भारत और विदेश के मीडिया हलकों में इसे बहुत गंभीरता से देखा गया है। शोध की गुणवत्ता पर आरोप लगने के बाद लेखकों ने संदर्भ हेतु परिषद् का नाम इस्तेमाल करने पर खेद व्यक्त किया है।

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी। कोवैक्सीन को 78 प्रतिशत तक प्रभावी पाने के बाद आपातकालीन उपाय के रूप में 3 जनवरी सन 2021 को भारत सरकार ने और नवंबर सन 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे आमजन के लिए प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की थी। कोवैक्सीन टीका विकास में लगे हुए शोधकर्मियों ने बड़ी संख्या में पहले तो कोरोना वायरस प्रयोगशाला में पैदा किया, फिर बीटा-प्रोपिओलेक्टोन का इस्तेमाल करके इन्हें निष्क्रिय किया गया। निष्क्रिय किए गए इस वायरस में वायरस की रचना और वृद्धि के जरूरी प्रोटीन्स और 'स्पाइक्स' (वायरस की सतह पर मौजूद रिसेप्टर्स) को क्षति नहीं पहुंची। इन विषाणुओं की खेप को एल्युमीनियम के एक कंपाउंड से लेप दिया गया ताकि इसे शरीर में इंजेक्ट करने के बाद हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाएं इनके विरुद्ध सक्रिय होकर आवश्यक संख्या में प्रतिपिंडों का निर्माण करके हमारी रक्त वाहिकाओं के जरिये कहीं भी सर्कुलेट कर सकें और संक्रमण से रक्षा हो सके।

ड्रग्स और वैक्सीन्स को तत्परता से आपातकाल में इस्तेमाल करने के प्रोटोकॉल और तकनीक पिछले दसेक साल से बदल गई हैं। पुरानी पद्धति में क्षीण किए हुए (इटेन्युएटेड) या मृत (किल्ड होल वायरस) विषाणु का इस्तेमाल करके टीका विकसित किया जाता था जैसे कि वैक्सिनिया वायरस का इस्तेमाल करके चेचक के विरुद्ध प्रतिरक्षा किए जाने के लिए विकसित किया गया टीका। इसमें कई वर्ष लगते थे। टॉक्सिसिटी स्टडीज के बाद फेज़ 2 से फेज़ 4 तक मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण के लिए सेफ्टी प्रोटोकॉल, एथिकल कमेटी की क्लीयरेंस और स्टडी का 'डबल ब्लाइंड' होना जरूरी समझा गया। डबल ब्लाइंड स्टडी में न तो ह्यूमन सब्जेक्ट्स को और न ही शोधकर्मियों को मालूम होता है कि किसे वास्तविक दवा या टीका लगाया गया है और किसे 'प्लेसिबो' दिया गया है। इसके लिए 'एक्सपेरिमेंटल' और 'कंट्रोल' दो ग्रुप बनाए जाते हैं। कंट्रोल ग्रुप के व्यक्तियों को प्लेसिबो और एक्सपेरिमेंटल ग्रुप को वास्तव में ही सही दवा दी जाती है। दवा और प्लेसिबो पर कोडमार्किंग होती है। बाद में एनालिसिस होती है जिसमें मेडिकल स्टेटिस्टिशियंस जांच करके दवा की एफिकेसी अर्थात प्रभावोत्पकता को प्रतिशत में अभिव्यक्त करके स्टडी को वेलिडेट करते हैं। यह डाटा 'स्टेटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' होना चाहिए जिसका अर्थ गहरा होता है और यह निर्णय करने में महत्वपूर्ण होता कि ड्रग या वैक्सीन को आमजन में इस्तेमाल करने के लिए जारी करना उपयुक्त है या नहीं। भारत में मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण करने से पहले क्लिनिकल परीक्षण रजिस्ट्री में ट्रायल से संबंधित डाटा जमा करके अनुमति लेनी होती है। देखा जाता है कि एथिकल कमेटी ने किस आधार पर क्लिनिकल परीक्षण की अनुमति दी है। ऐसा करते हुए स्टडी डिजाईन को देखना बहुत जरूरी है जो ड्रग डेवलपमेंट और बायो-सेफ्टी एक्सपर्ट्स देख लेते हैं। इसका पालन करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की सन 2005 में जारी 'हैंडबुक फॉर गुड क्लिनिकल रिसर्च प्रैक्टिस' को न केवल फॉलो करना होता है बल्कि भारत में आईसीएमआर द्वारा अप्रैल 2020 में जारी की गई कोविड संबंधी शोध के लिए विशेष तौर से तैयार 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर एथिक्स कमेटीज़ रिवियुइंग बायोमेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च ड्यूरिंग कोविड-19 पैंडेमिक' के साथ-साथ सन 2017 में जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल रिसर्च इन्वोल्विंग चिल्ड्रन' एवं इसी साल संशोधित रूप से जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च इन्वोल्विंग ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को अनिवार्य रूप से नियमपूर्वक मानना जरूरी किया गया।

कोवैक्सीन के विकास के तुरंत बाद इस पर भारत में ही सन 2021 में बहुत से क्लिनिकल परीक्षण इसकी इम्यूनोजेनेटिसिटी और सेफ्टी एंड एफिकेसी को लेकर हुए। इस बारे में इन्टरनेट रिसोर्सेज पर काफी साहित्य उपलब्ध है। यह खेद की बात है कि मीडिया के अपने अधिकतर लोग और अनेक शोधकर्मी देश के सबसे पुराने, भरोसेमंद और नियमित रूप से प्रकाशित विख्यात बायो-मेडिकल जर्नल'इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च' के अंक नहीं देखते-पढ़ते और ऐसी सूचनाओं के लिए विदेशी मीडिया पर निर्भर करते हैं जो कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित होती हैं। ऐसे बहुत से भारतीय पत्रकारों को मैं जानता हूं जो विदेश के साइंस मीडिया के लिए काम करते हैं और पहली रिपोर्ट उन्हें ही देते हैं। इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (बीएचयू) के शोधकर्मियों ने टीकाकरण होने के बाद 1023 व्यक्तियों को एक साल तक निगरानी में रखने की सहमति ली। हम इस अध्ययन को पूरे तौर से क्लिनिकल परीक्षण नहीं कह सकते क्योंकि शोधकर्मियों ने इसे खुद ही 'प्रोस्पेक्टिव ओब्सेर्वेशनल स्टडी' अर्थात एक 'संभावना की जांच हेतु अध्ययन' कहा है। इससे पहले निश्चित रूप से इन्होंने ख्याति प्राप्त मेडिकल और बायो-मेडिकल जर्नल्स में से वे अधिकतर अध्ययन जरूर देखे-पढ़े होंगें जिनमें कोरोना वायरस और इसके विभेदों के कारण उत्पन्न हुए संक्रमण के प्रभावों के अलावा टीकाकरण के उपरांत उत्तर भारत में टीकाकृत व्यक्तियों में हुए शारीरिक विषमताओं की बाबत रिपोर्ट हुई। इनके बारे में मेडिकल जर्नल्स में अध्ययन भी प्रकाशित हुए। आईसीएमआर ने तो इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च में कोविड-19 के बारे में अनेक पहलुओं से अनेक लेखों का प्रकाशन सन 2020 के बाद से किया है। ये सभी अध्ययन भारतीय लोगों पर किए गए हैं और इनमें महामारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा है। इन अध्ययनों का प्रकाशन विद्वत्त समीक्षा के उपरांत ही किया गया है। बीएचयू के अध्येताओं उपिन्दर कौर, आकांक्षा जायसवाल और साथियों ने टीकाकरण के उपरांत जनवरी 2022 से अगस्त 2023 के बीच 1023 सभी रेक्रुइट्स में से इन्हें कुल 926 व्यक्तियों का रेस्पोंस मिला जिनसे सिर्फ टेलीफोन पर बातचीत की गई थी। अर्थात, इनके मेडिकल रिकाड्र्स नहीं देखे गए, क्लिनिकल जांच की व्यवस्था नहीं की गई और डाटा एनालिसिस का क्या तरीका अपनाया गया इसकी कोई जानकारी भी दर्ज नहीं है। हो सकता है मौखिक बताए गए शारीरिक दोषों की वजह कुछ और रही हो। वेरिएबल्स को या और स्टैटिस्टिकल दोषों को किस पद्धति को अपनाकर निरस्त किया गया यह स्पष्ट नहीं किया गया।

'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' से संबंधित स्पष्टीकरण इस शोध अध्ययन में दिया गया। इस अध्ययन के डिजाईन में अगर खोट था तब इस बात को लेकर ताज्जुब है कि इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज की आचार संहिता कमेटी ने इसकी एप्रूवल 'डीन/2021/ईसी /2526' और 'डीन/2022/ईसी/3210' की मार्फ़त कैसे दी? दूसरी प्रमुख बात यह कि अध्ययन को प्रकाशित करने वाले 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के जिन सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स को यह पेपर रिव्यु के लिए भेजा गया था इनकी कमेंट्स के बारे में कोई सूचना उपलब्ध क्यों नहीं है। क्या विद्वत्त समीक्षकों ने लापरवाही की है? ऐसे पेपर्स स्यूडो-साइंस के दायरे में आते हैं। इससे जर्नल की ख्याति पर ही नहीं भारत बायो-टेक, आईसीएमआर की प्रतिष्ठा, भारत में बायो-मेडिकल अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता पर अंगुली उठाए जाने का मौक़ा मिलने के अलावा देश की फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री की कार्य प्रणाली और ड्रग रेगुलेटर पर भी पर शक होने का ख्याल किसी के मन में आ सकता है। इससे हमारे देश में औषधि और टीका विकास एवं निर्माण और इनकी मार्केटिंग पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जाहिर है शोध अध्ययन की प्रक्रिया में सतर्कता नहीं बरती गई।

## प्रसंगवश

# बेपरवाही और आत्ममुग्धता

भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है।

इतना मौन तो मतदाता कभी न था। दरअसल वह एक उलझनभरी मनःस्थिति का शिकार है। एक तरह की किंकर्तव्यविमूढ़ता! क्या करे? कहां जाय? एक ओर मोदी मैजिक है दूसरी ओर खड़े किए गए प्रत्याशियों का नकारापन। एक तीसरा पहलू है विकल्पहीनता की स्थिति। विपक्ष धराशायी सा है। ऐसे हालात में मतदाता त्रिशंकु की बेबसी लिए अगले चरण के मतदान की तारीख को पास आता देख रहा है। अनिश्चय में है।

प्रत्याशियों के नकारेपन के अनवरत फीडबैक के चलते एक हालिया इन्टरव्यू में मोदी जी को स्पष्ट करना पड़ा कि उनका प्रत्याशी और कोई नहीं केवल कमल है और मतदाता बस कमल पर मुहर लगाएं। यह एक पावरफुल संदेश है किंतु कितना कारगर होगा नतीजे बताएंगे।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मगर कई प्रत्याशियों का नकारापन इस बार हावी होता दिख रहा है। ऐसे प्रत्याशी जो जीते तो कभी जनता के बीच नहीं गए। ये ऐसी शख्सियतें हैं कि इनकी नकारात्मकता मोदी मैजिक पर भी भारी पड़ रही है। यह मोदी युग के इस तीसरे चुनाव का एक उल्लेखनीय ऐंगल है। दूसरी ओर विपक्षी खेमा चुनाव के बढ़ते चरणों में उत्तरोत्तर उत्तर प्रदेश में हावी होता दिख रहा है। संविधान बदलने का खतरा और कोविड वैक्सीन की मारकता। और भी अल्ल बल्ल फैलाया जा रहा है। कमल ही प्रत्याशी है यह वाक्य कितना कारगर होगा? यह मंत्र कितने मतदाताओं तक पहुंचा है? और यह जिम्मेदारी किसकी है कि मोदी का यह संदेश घर घर तक जा पहुंचे। समर अभी शेष है। भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है। जैसे मुतमईन हों भाजपा प्रत्याशी कि मोदी जी इस बार भी चुनावी वैतरणी पार करा ही देंगे। क्यों पसीना बहाना? लू के लपेटे में क्यों आना? ऐसी बेपरवाही, आत्ममुग्धता के परिणाम क्या अच्छे होने हैं?

# बढ़ता तापमान आर्थिकी के लिए घातक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

वर्ष 2023 भारत के लिए अब तक का दूसरा सबसे गर्म वर्ष था। अब तक का सर्वाधिक गर्म साल 2016 रहा है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें तो पिछले बारह महीनों (अप्रैल 2023 - मार्च 2024) में वैश्विक औसत तापमान 1991-2020 के औसत से 0.70 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है। वर्ष 2024 में वैश्विक सतह का तापमान 20 वीं सदी के औसत तापमान से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है। एक शोध के अनुसार इस बात की 55 फीसदी आशंका है कि 2024 इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में रिकॉर्ड हो सकता है। वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) और जलवायु परिवर्तन का किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर मूलतः दो तरीकों से प्रभाव पड़ता है।

बढ़ते तापमान और बेमौसमी बारिश से फसलों को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे उपज कम हो जाती है और बाजार में मांग बढ़ती है। जिसका सीधा संबंध महंगाई से है। उसके अलावा ऐसे नुकसान से निपटने के लिए राहत और बुनियादी ढांचे पर जो खर्च होता है उसका नतीजा तमाम लोगों के लिए करों में वृद्धि के रूप में निकलता है। फिर फसलों की कम पैदावार हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को भी प्रभावित करती है। क्योंकि सरकार उन फसलों के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है जिनकी उपज कम होती है। साल 2022 में बढ़ते तापमान की वजह से गेहूं का उत्पादन कम हुआ था और इस कारण से भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जनवरी 2024 तक भारत में चीनी उत्पादन 5.28 प्रतिशत कम आंका गया है। जिसका प्रमुख कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपज का कम होना माना गया है। भारत पिछले छह वर्षों से चीनी का निर्यातक रहा है। लेकिन अब विश्लेषक कयास लगा रहे हैं कि शायद अगले साल तक भारत को चीनी आयात भी करनी पड़ सकती है। बढ़ती गर्मी और विभिन्न चरम मौसमी घटनाओं का सीधा असर श्रम प्रधान क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा पड़ेगा। इससे खेती-बाड़ी निर्माण गतिविधियों परिवहन और पर्यटन कारोबार खासे प्रभावित हो सकते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर हो सकता है। 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' का अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का सबसे अधिक सामना कृषि और निर्माण श्रमिकों को करना पड़ेगा। भारत में बढ़ती गर्मी के परिणामस्वरूप 2030 तक काम के घंटों में 5.8 प्रतिशत तक की गिरावट आने का अनुमान है। जो करीब 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के नुकसान के बराबर होगा। इससे जीडीपी में अनुमानित 2.50 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। बढ़ता तापमान कच्चे माल यानी कृषि उपज और श्रम पर प्रभाव डालने के साथ औद्योगिक विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक बुनियादी ढांचे को प्रत्यक्ष नुकसान मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव और कच्चे माल के भंडारण से सम्बंधित परिचालन लागत में वृद्धि शामिल है। उद्योगों को पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में अधिक निवेश करना पड़ सकता है। जिससे उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त समुद्र का बढ़ता स्तर बाढ़ चक्रवाती तूफ़ान भूस्खलन आदि सड़क रेलवे और समुद्री मार्गों जैसे परिवहन साधनों को सीधे प्रभावित करेंगे। जिससे भी आपूर्ति श्रंखला बाधित हो सकती है। पिछले वर्ष 4 अक्टूबर को सिक्किम के चुंगथांग में 1200 मेगावाट की तीस्ता जलविद्युत परियोजना का 60 मीटर ऊंचा कंक्रीट बांध हिमानी झील के फटने से आई बाढ़ में ढह गया था। इस तरह की घटनाओं की आशंका और भी बढ़ेगी जिसका असर समग्र विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः किसी भी गंभीर समस्या का समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति के बगैर संभव नहीं है। हमारे देश की राजनीतिक चेतना में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान का मुद्दा कितने हाशिये पर है इसे समझने के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर नजर डाली जा सकती है। सत्तारूढ़ भाजपा ने पर्यावरण को अपने घोषणा पत्र में पेज नंबर 71 पर जगह दी है। यह उसके घोषणा पत्र का समापन बिंदु है। वहीं कांग्रेस ने इसे अपने घोषणा पत्र में पेज 41 पर जगह दी है। जो उसका आखिरी अध्याय है।

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। और 2050 तक 20 फीसदी देश जल संकट से घिर सकते हैं। इसके साथ ही 2030 तक बढ़ते तापमान के कारण 2,50,000 लोगों की मौतें हो सकती हैं। वस्तुतः गर्मी बढ़ने से ऊर्जा की मांग बढ़ेगी जिससे वायु प्रदूषण फैलेगा। एक और अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग से 20 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो सकता है। कृषि पैदावार में गिरावट आने से भुखमरी बढ़ेगी और अकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

## सोशल फोरम

# सत्तर के दशक तक

गांव के इक्का दुक्का लोग या तो फौज में भर्ती हो जाते थे या मास्टर हो जाते थे। नौकरी के पीछे भागने का चलन 1970 के आसपास शुरू हुआ और इसने पलायन की गति बढ़ा दी। इसका कारण रोजगार की कमी भी थी। कल गेहूं की उपज का अनुमान लगा रहा था और जैसा कि गणित के मास्टर की आदत होती है कि लाभ हानि का हिसाब भी लगा रहा था। उप्र सरकार की प्रांतीय सिविल सेवा में ज्वाइन करने से पहले मल्ला डौणू, तल्ला डौणूं, दशौली और भदीना के चारों गांव की अपनी जमीन आबाद करना एक चुनौती थी और इसे बखूबी निभाया जाता था। धीरे-धीरे सब छूटता गया।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

2006 (मां के देहान्त) तक दूध, दही घी और सब्जी या आटा चावल दाल शायद ही कभी बाहर से खरीदना पड़ा हो। मेरे बाहर निकल जाने के बाद दशौली के खेत द्वारी की जमीन और तल्ला डौणूं के खेत पिता श्री ने अपने हिसाब से सौंप दिए। आज तो मैं यह भी नहीं पूछता कि इन जमीनों पर कब्जा किसका है क्योंकि तल्ला डौणूं के खेत पिछले नवंबर में अथक प्रयास के बाद भी मुझे बंजर ही छोड़ने पड़े। लुब्बो लुबाब यह है कि जितनी जमीन दशावली (पाठकों की दशौली) में सिविल सेवा में जाने से पहले खेती बाड़ी में थी आज उसका दसवां भाग भी आबाद कर पाना मुश्किल हो रहा है। मौद्रिक लाभ को शून्य मान लिया जाए तो भी गांव में कामकाजी महिलाओं के लिए इतनी छोटी सी खेती में पंद्रह दिन का रोजगार सृजन हुआ ही है और मुझे शुद्ध आर्गेनिक गेहूं छः सात महीने के लिए मिल गया है। आगे लगभग पंद्रह बीस दिन तक खेती बाड़ी की गतिविधियां कम हैं इसलिए कल खेतों में घूम रहे आवारा छोकरों को कहा है कि सप्ताह में एक दिन हर परिवार से एक आदमी कुदाल फावड़ा बेलचा लेकर आए और ऊपर जंगल में जाकर जलसंचय के लिए खाईयां बनाने में योगदान करे। इस बार जाड़ों में बर्फबारी न होने के कारण जल स्रोतों का निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। यह व्यवस्था आगामी वर्षों के लिए करनी है।पशु पक्षी के लिए भी जल का अभाव होने लगा है।

**-फेसबुक वॉल से**

# यादें राजीव गांधी की शव यात्रा की



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं।

सच में मुट्ठी में पकड़ी रेत की तरह से निकल जाता है वक्त। राजीव गांधी की दर्दनाक मौत को 33 साल हो गए। 21 मई 1991 को हुई हत्या से सारी दुनिया हिल गई थी। पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और संजय गांधी की शव यात्राओं में भी जनता की भागीदारी बहुत थी। पर राजीव गांधी की शवयात्रा को बहुत बड़ी शवयात्रा के रूप में याद किया जाता है। हालांकि इस लिहाज से दिल्ली में महात्मा गांधी से बड़ी शव यात्रा किसी ने नहीं देखी।

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं। पाकिस्तान से प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी राजनीतिक विरोधी बेनजीर भुट्टो भी आए। ये दोनों हमवतन तब एक दूसरे से दूर-दूर रहे। पर अब शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं और बेनजीर भुट्टो के पति देश के राष्ट्रपति हैं। यानी गुजरे दौर के शत्रुओं ने अपनी राजनीतिक अदावत को भुला दिया है। वे अब साथ-साथ हैं।

राजीव गांधी का पार्थिव शरीर जनता के दर्शनों के लिए तीन मूर्ति भवन में रखा था। राजीव गांधी की अंत्येष्टि 24 मई, 1991 को हुई थी। उसमें बांग्लादेश की तब की प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया और फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासरअराफात ने भी भाग लिया था। अराफात तो बार-बार फफक कर रो भी पड़ते थे। उनके गांधी परिवार से व्यक्तिगत संबंध थे। 24 मई से पहले ही राहुल गांधी अमेरिका से वापस भारत आ चुके थे। राहुल उन दिनों अमेरिका में ही पढ़ते थे। राजधानी में शक्तिस्थल पर अंत्येष्टि की तैयारियां पूरी हो गईं थी।

राजीव गांधी ने 20 मई,1991 को दिल्ली के निर्माण भवन में अपना लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाला था। अब भी देश को वह तस्वीर याद है, जब राजेश खन्ना कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी और सोनिया गांधी को उनका वोट डलवाने में मदद कर रहे हैं। वह राजधानी में राजीव गांधी की अंतिम तस्वीर थी। उसके अगले ही दिन यानी 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की एक बम धमाके में हत्या कर दी गई थी। घटना तमिलनाडू के श्रीपेरम्बदूबर में हुई थी। देश ने इस जगह का पहले कभी नाम भी नहीं सुना था। धमाके में राजीव गांधी का शरीर छलनी हो गया था। उसके आसपास कुछ और शव भी पड़े। राजीव गांधी की मौत से सारा देश सन्न था। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और परिवार के मित्र सुमन दूबे वगैरह चैन्नई (तब मद्रास) से राजीव गांधी के शव को लेकर दिल्ली आ गए थे। तय हुआ कि उनका अंतिम संस्कार 24 मई, 1991 को होगा।

और अब वक्त आ गया था राजीव गांधी को अलविदा कहने का। शाम सवा पांच बजे अपार जनसमूह के सामने अंत्येष्टि वैदिक मंत्रोचार के बीच शुरू हुई। सोनिया गांधी काला चश्मा पहने अपने पुत्र राहुल को अपने पिता की चिता पर मुखाग्नि देने के कठोर काम को सही प्रकार से करवा रहीं थीं। जो भी उस मंजर को देख रहा था, उसका कलेजा फट रहा था। अमिताभ बच्चन भी वहां पर थे। तब तक उनके गांधी परिवार से मधुर संबंध थे। अंत्येष्टि के दौरान बनारस से खासतौर पर आए पंडित गणपत राय राहुल गांधी और अमिताभ बच्चन को बीच-बीच में कुछ समझा रहे थे। राजेश खन्ना लगातार रो रहे थे। करीब डेढ़ घंटे तक चली थी अंत्येष्टि। राजीव गांधी को अंतिम विदाई देने के कई दिनों के बाद भी देश में उदासी छाई रही थी।

# अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं

भारतीय राजनीति में ज्यों-ज्यों लोकतंत्र पुराना होता जा रहा है, व्यक्ति पूजा और चाटुकारिता बढ़ती जा रही है। पहले कांग्रेस सत्ता में रही है, तो रीतिकालीन दरबारी कवियों की भांति मुख्य नेता के इर्द गिर्द रहने वाले मुसाहिब उसके नवनीत लेपन करते थे। कवियों को राजे महराजे पुरस्कार देते थे और लोकतांत्रिक सत्ताधारी चाटुकारों को पद, प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं। एमरजेंसी खत्म होने के बाद हुए चुनावों में जनता पार्टी सत्ता में आ गई थी, जो 27 महीने सरकार चला पाई। बाद में फिर चुनाव हुए, तो कानपुर के फूलबाग (गणेश उद्यान) की एक सभा में पं.कमलापति त्रिपाठी ने कहा था कि माफी इंदिरा जी को नहीं, जनता को उनसे मांगनी चाहिए, जिसने विगत में उन्हें अपदस्थ किया। मालूम हो कि जनतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

काग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने "इंदिरा इज़ इंडिया" का नारा बुलंद किया था। यूपीए शासन काल में सोनिया गांधी को दुर्गा के रूप में चित्रित और मूर्तिमन्त किया गया तथा एक वैश्विक फुटबाल प्रतियोगिता में इटली और फ्रांस के बीच होने वाले मैच के समय भारत में इटली के पक्ष में हवन किए गए और कहा गया कि वह राहुल की ननसाल है। ज्ञातव्य है कि भारत इस प्रतियोगिता में पहले ही हार चुका था। खैर! अब भारतीय जनता पार्टी भी इस कार्य में कांग्रेस को पीछे छोड़ रही है। नरेंद्र मोदी के दूसरे सत्ता-काल में यह ज्यादा ही बढ़ गया है। कभी अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मोदी को प्रधानमंत्री पद पर प्रतिष्ठित करने वाले राजनाथ सिंह कहते हैं कि 'मोदी जी ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक करने का निर्णय 10 मिनट में ले लिया था'और कभी कहते हैं, 'देश की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है'। शासन में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव के पीएम प्रत्याशी के रूप में अभी से प्रोजेक्ट कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी( ओडिसा) से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संवित पात्रा ने कहा कि 'भगवान जगन्नाथ भी मोदी जी के भक्त हैं'।

बताते चलें कि हिरण्यकशिपु, महिषासुर, कंस आदि भगवान की सत्ता को न मानकर अपने को ही भगवान घोषित करते और पूज्य मानते थे, लेकिन भगवान द्वारा अपने को पूजनीय और उनका आराध्य नहीं बताते थे, किन भाजपाई अब इससे आगे बढ़कर चाटुकारिता की सभी हदें पार कर रहे हैं। इस कथन की तीखी आलोचना हो रही है और गाढ़े समय में भाजपा के मददगार बनते रहे ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संवित पात्रा के कथन की कड़ी निंदा की। लोकतंत्र के लिए अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं है।

# बर्ड फ्लू की आहट, निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां पूरी

## झारखंड राज्य में बीमारी फैलने से बढ़ी सतर्कता, दूसरे विभागों को भी किया गया अलर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पक्षियों में एवियन इंफ्लुएन्जा बर्डफ्लू बीमारी के सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग कभी भी दिशा-निर्देश जारी कर सकता है। अन्य प्रांतों में फैल रही बीमारी के चलते स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। जिससे किसी भी आपातकाल स्थिति में इस बीमारी से लड़ा जा सके। अगर कहीं पर भी इस तरह का मामला मिलता है तो वहां घेराबंदी करके कई तरह की चीजों पर रोक लगाई जाएगी।

हालांकि पशु पालन विभाग, लोक निर्माण, सिंचाई, वन विभाग, पंचायती राज, राजस्व, स्वास्थ्य व पुलिस विभाग को उनके कार्यों के मुताबिक मौखिक निर्देश दिए गए हैं। सभी को अलर्ट रहने को कहा गया है। लोक निर्माण विभाग गड्ढा



खोदने के साथ संक्रमित क्षेत्र की घेराबंदी कराएगा। वन विभाग वन क्षेत्र में जंगली माइग्रेटरी पक्षियों से सम्बन्धित सघन निगरानी कार्य योजना बनाएगा। पंचायती राज विभाग ब्लॉक स्तर पर विभाग से सम्बन्धित कर्मचारियों व स्वयं सेवी-संस्थाओं की बैठक आयोजित कर एवियन इन्फ्लूएन्जा के प्रभाव को कम करने के लिय तैयारी करने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र में नए पक्षियों को लाने व ले जाने पर प्रतिबंध जब तक उस क्षेत्र को विसंक्रमित घोषित न कर दिया जाए, गाड़े गए पक्षियों के गड्ढों की सुरक्षा करना, जन जागरूकता, संक्रमित क्षेत्र की घेराबंदी कराना पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी होगी।

### विभाग को करना होगा सूचित

सिंचाई विभाग नहरों पर नजर रखते हुए कहीं एक साथ कई पक्षी मृत मिलने पर सम्बंधित विभाग को सूचित करेगा। स्वास्थ्य विभाग मेडिकल आरआरटी का गठन करने के साथ टीकाकरण सैनिटाइजेशन, नियंत्रण व रोकथाम से सम्बन्धित जागरूकता अभियान चलाएगा। मनुष्यों में एवियन इन्फ्लूएन्जा से प्रभावित लोगों के लिए प्रबंधन व जरूरत पड़ने पर पीपीई किट की व्यवस्था करानी होगी।

### पुलिस को भी निभानी होगी जिम्मेदारी

पुलिस विभाग प्रतिबंधों को लागू कराने के साथ नियंत्रण एवं रोकथाम की कार्रवाई में कानून व्यवस्था बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी निभाएगी। साथ ही बर्ड फ्लू से प्रभावित पड़ोसी प्रान्तों से पक्षियों व सम्बन्धित उत्पाद के आने पर रोक लगाएगी।

### अलर्ट जारी करने का होगा यह आधार

बर्डफ्लू से जुड़ा मामला झारखण्ड राज्य के रांची जिले के राजकीय कुक्कुट फार्म में सामने आया है। झारखण्ड राज्य की सीमा यूपी के सोनभद्र जिले से मिलती है। इसलिए ऐहतियात के तौर पर सभी विभागों को तैयार रहने के निर्देश दिए जाने की तैयारी चल रही है। इसके साथ ही निर्देश दिए गए है कि कहीं पर भी पक्षियों में बीमारी की जानकारी मिले तो तत्काल मामले की जांच कराएं।

# प्रख्यात संगीतज्ञ मीरा माथुर का निधन

**लखनऊ।** भातखंडे संगीत विद्यापीठ की रजिस्ट्रार और प्रख्यात संगीतज्ञ मीरा माथुर (74) का मंगलवार को लखनऊ के न्यू हैदराबाद स्थित आवास पर निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार थीं। उनकी संगीत साधना के मद्देनजर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2011 में उन्हें कला उन्नयन सम्मान से अलंकृत किया था। मुरादाबाद में 16 अप्रैल 1950 को जन्मी मीरा माथुर ने एमए(संगीत) के अलावा कम्प्यूटर साइंस में एमएससी व एलएलबी की डिग्री भी हासिल की । उन्होंने संगीत की शिक्षा उस्ताद शराफत हुसैन खां, पं. जगदीश मोहन, सुजीत देवघरिया और प्रोसेनजीत देवघरिया से ली। उन्होंने बंदिशों की धरोहर, फोक डांसेज ऑफ़ इंडिया, संगीत शास्त्र परामर्श, कथक अ कम्प्रेहेन्सिव स्टडी समेत 13 पुस्तकें लिखीं। हंसध्वनी के नाम से वह एक यूट्यूब चैनल भी चलाती थीं।



मीरा माथुर।

# मैनेज करके कराया गया चुनाव बहिष्कार

संवाददाता, रायबरेली



पत्रकारवार्ता में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी।

- भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस और सपा पर साजिश रचने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** मैनूपुर गांव में चुनाव का बहिष्कार राहुल गांधी की हताशा का परिणाम था। राहुल गांधी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर बहिष्कार का प्रायोजित कार्यक्रम करवाया। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि मैनूपुर में जिस सड़क का बहिष्कार हुआ वह बन रही है। वहां पर गिट्टी गिरी है। नालियां बनाई जा रही है। कांग्रेस व सपा के कुछ कार्यकर्ता द्वारा मैनेज करके यह कार्यक्रम कराया गया। किसी भी तरह जब राहुल गांधी मेहनत परिश्रम करके रायबरेली का वोट नहीं पा सके तो तिकड़म किया। लेकिन वह सफल नहीं होगा।

भाजपा प्रत्याशी ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि रायबरेली के पहले सांसद उनके दादा थे। इनका नाम राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने लेना उचित नहीं समझा। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी का नाम लिया, लेकिन रायबरेली के पहले सांसद फिरोज गांधी का नाम इन्होंने नहीं लिया। जिसके नाम से वोट नहीं मिलता राहुल उसको दादा मानने से इन्कार कर देते हैं। रायबरेली की जनता कैसे भरोसा करेगी, जो अपने दादा का नहीं हो सकता, वह रायबरेली का कैसे हो सकता है। उन्होंने जिले की जनता का मतदान करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पांचों विधानसभा क्षेत्र में जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के मतदाता व कार्यकर्ताओं ने इतिहास रचा वैसा कभी नही हुआ। कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास का नतीजा है कि जो लोग वोट मांगने नहीं आते थे वो चुनाव के दिन गांव की गलियों में घूमते दिखाई दिए। अगर पोलिंग के दिन गांव गली में घूम रहे हैं तो उनके यहां से जाना तय है। प्रियंका गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोग प्रियंका गांधी के भरोसे चुनाव लड़ने आए थे। प्रियंका गांधी यहां से बिस्तर समेट के भाग चुकी हैं। रायबरेली में रोड शो के लिए परमिशन लिया। पैसा लेकर के यहां के श्रमिकों के घरों में गए। एक-एक हजार रुपए मिलेंगे कहा गया, लेकिन कोई प्रियंका गांधी के रोड शो में जाने को तैयार नहीं हुआ। प्रियंका गांधी को अपना रोड शो करके कुछ औपचारिकता करके रायबरेली को छोड़ना पड़ा।

# भीषण गर्मी में झुलसी मूंगफली की फसल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने की वजह से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। हालात यह है कि लोगो को घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में जहां डाक्टर आम जनता को लू से बचाव के उपाय बता रहे है। वही जिला कृषि अधिकारी फसलों के बचाव के तरीके बता रहे है। जिले के जाने माने डाक्टर केएम द्विवेदी ने आम जनता से कहा है कि धूप में न निकले नहीं तो लू के शिकार हो सकते है । उन्होंने कहा कि धूप में निकलने से वैसे तो हर व्यक्ति को बचना चाहिए विशेष कर रोगी तथा बच्चे लू लगने का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में धूप के समय रोगियों और बच्चों को पूरी तरह से बचाव करना चाहिए।

डाक्टर द्विवेदी ने बताया कि बच्चे फूल की तरह होते हैं जिस तरह से एक बार फूल के मुरझा जाने पर उसे उसकी वास्तविक स्थिति में नहीं लाया जा सकता। इसी तरह से बच्चों को लू लगने के बाद उन्हें ठीक करना मुश्किल हो जाता है।



खेतो में सूख रही मूंगफली । अमृत विचार

उनके अंदर बहुत जल्दी पानी की कमी हो जाती है ।इस वजह से इस भयंकर गर्मी से बच्चों और रोगियों तथा वृद्ध लोगों को बचना चाहिए वैसे हर आयु पर के व्यक्ति के लिए गर्मी हानिकारक है। इसका पूरा ध्यान रखना चाहिए ।जिला कृषि अधिकारी वीके सिंह ने कहा कि बढ़ रही सूरज की तपिश में मूंगफली,उर्द, मूंग, गन्ना और मक्का की फसलों को सिंचाई करते रहना चाहिए। इन फसलों के खेतों की नमी नहीं दूर होना चाहिए। नमी दूर होने से मक्का तथा गन्ना की फसल सूख सकती है। बताते चले की जिले में तकरीबन 1000 हेक्टेयर भूमि पर आलू खोदने के बाद मूंगफली की फसल तैयार की गई थी। यहां चल रही गर्म हवाओं और आसमान से बरस रही आग की वजह से मूंगफली की फसल सूख कर गिरने लगी है। और खेतों में ही सूखने लगी है। आलू किसानों को उम्मीद थी की मूंगफली की फसल से उन्हें खासा मुनाफा होगा। लेकिन भीषण गर्मी ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। और मूंगफली खेतों में ही सूखने लगी है। पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने की वजह से खेतों में ही मूंगफली सूख गई है। आज पारा 44 डिग्री अधिकतम और 29 डिग्री न्यूनतम रिकॉर्ड किया गया। जबकि मौसम विभाग के अनुसार 21 मई को पारा 44 डिग्री और 22 मई को 44 डिग्री रहेगा ।इन दो दिनों में भीषण गर्मी रहेगी23 मई को पारा नीचे गिरकर 42 डिग्री पर पहुंच जाएगा तब तक लोगों को अपनी फसलों को बचाने के लिए उनमें पानी लगाते रहना चाहिए और हर व्यक्ति को इस भीषण गर्मी से बचाव करना चाहिए। भीषण गर्मी में बाहर नहीं निकले।

# टोल देने के बाद भी हाईवे गड्ढायुक्त

**महोबा।** वाहन चालकों को सड़कों पर सुविधाएं देने की गरज से राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में महोबा से बांदा तक जगह जगह उखड़ा रोड और कई स्थानों पर गड्ढे वाहन चालकों के लिए मौत का सबब बने हुए हैं। हालत यह है कि टोल टैक्स देने के चक्कर में वाहन चालक भी वाहनों को सरपट दौड़ाते चलते हैं कि इस मार्ग पर सड़क अच्छी होगी। बांदा मार्ग पर टोल टेक्स लेने के बाद भी कई स्थानों पर गड्ढे और ऊबड़ खाबड़ सड़क को दुरुस्त नहीं किया जा रहा हैसड़क की मरम्मत न होने से वाहन चालकों में आक्रोश है।

जिन हाईवे पर टोल लगा हुआ है वह हाईवे भी सरपट और गड्ढामुक्त रहते हैं। अगर बांदा हाईवे पर यात्रा कर रहे हैं तो सतर्क हो जाईए। इस हाईवे में टोल टैक्स तो लिया जाता है, लेकिन राजमार्ग पर न तो गड्ढे ठीक किए गए और न ही उखड़े पड़े मार्ग को दुरुस्त कराया जा रहा है, इससे टोल टेक्स देने वाले वाहन चालकों में खासा आक्रोश पनप रहा है।

# प्रेम प्रसंग में बाधक पिता का किशोरी ने गला रेता

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिवार प्रेम प्रसंग में बाधा बना तो किशोरी ने भयानक योजना बना डाली। इसके तहत रात के समय जब पिता सो रहे थे उसने धारदार हथियार से उनका गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद भाई पर भी जानलेवा हमला कर दिया लेकिन वह समय रहते जाग गया इसलिए जान बच गई। शोरशराबा सुनकर परिवार के और लोग दौड़ पड़े और हमलावर हुई किशोरी को किसी तरह से काबू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया।



अजय पाल।

कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के करमुल्लापुर निवासी अजय पाल राजपूत पुत्र मुंशीलाल राजपूत (50) सौरिख विकासखंड में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह पत्नी मोनी (48), बेटों सिद्धार्थ (18),अमन (14) और बेटी (17) के साथ गांव में ही रह रहे थे। सोमवार की शाम परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर गहरी नींद में सो गए। रात करीब दो बजे बेटी जो कक्षा 12 की छात्रा है, ने धारदार हथियार से पिता की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके कुछ देर बाद भाई के पास पहुंच उसकी गर्दन पर पैर रख कर हथौड़े से प्रहार करना चाहा लेकिन वह जाग गया और बहन की गर्दन पकड़कर दबोच लिया। इस पर किशोरी ने भाई के पैर और हाथ में काट लिया। चीखपुकार सुन पड़ोस में रहने वाले परिजन दौड़े और किशोरी को काबू कर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों को सूचना देने के साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया। फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और किशोरी को कोतवाली भेज दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



घटना की सूचना पर पहुंचे एसपी अमित आनंद ने मौका मुआयना किया। अमृत विचार

- सोमवार की देर रात सोते समय दिया घटना को अंजाम

### भाई को मारने के इरादे से खाने में दी नशे की गोलियां

करमुल्लापुर में हुई दिल दहला देने वाली वारदात में आरोपी किशोरी का असल मकसद भाई को ठिकाने लगाना था। इसके लिए पूरी योजना बनाई थी। सोमवार की रात पूरे परिवार को खाने में नशे की गोलियां दे दीं। इसके बाद जब सभी सो गए तो यह जांचने के लिए कि नशा गहरा है या नहीं पिता की गले पर आरी के ब्लेड से कट लगाया। उनके हरकत न करने पर अगला लक्ष्य भाई पर साधा लेकिन उसके जागने से योजना फेल हो गई। यह बातें हत्यारोपी बेटी ने पुलिस को पूछताछ में बताईं हैं। बताया कि मुख्य उद्देश्य भाई सिद्धार्थ की हत्या करना था। परिवार के सदस्यों को खाने में नशीली गोलियां खिला दीं। परिवार के सभी लोग जब गहरी नींद में थे तो दो बजे उसने पहले पिता की गर्दन पर आरी की ब्लेड चलाई। उन्होंने कोई हरकत नहीं की। वह आश्वस्त हो गई कि गोलियों ने ठीक असर कर दिया है। वह हथौड़ा लेकर भाई के पास पहुंची और दो वार सिर पर किए। शरीर से ठीक होने के कारण भाई ने उसकी गर्दन पकड़ली और हथौड़ा छीन लिया।

# फर्जी कागज से बैनामा कराया पूर्व प्रधान समेत तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने के आरोप में पूर्व प्रधान मुफीद खान सहित तीन लोगों को एसओजी टीम और थाना मऊ दरवाजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फर्जीवाड़े में पकड़े गए तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि वर्ष 2017 में रामपाल भास्कर निवासी गांव अमेठी जदीद थाना कादरीगेट को जमीन रामपाल भास्कर निवासी गांव चांदपुर ने फर्जी आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र बनवा लिया और उसकी जमीन का बैनामा सुमन के द्वारा करा दिया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की थी। कूटरचित साजिश रचने में सुमन पत्नी रामऔतार निवासी खानपुर, पूर्व प्रधान मुफीद खान निवासी अमेठी जदीद, रामपाल निवासी धर्मनगरिया, रामऔतार निवासी खानपुर, जाहिद खां निवासी हाथाशरीफखां भीकमपुर, ने पडयंत्र रचा। पीड़ित की जमीन का विक्रय अनुबंध पत्र सुमन निवासी खानपुर के नाम बनवा लिया गया। पीड़ित रामपाल ने इस बात की शिकायत की। मंगलवार को थाना मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार, एसओजी टीम प्रभारी जितेंद्र पटेल, सर्विलांस प्रभारी विशेष कुमार व उनकी टीम ने रामपाल भास्कर, जिआउल रहमान उर्फ मुफीद व सियाराम पाल को दबोच लिया।

# चार युवक सरयू में डूबे, एक लापता

**अयोध्या :** सरयू नदी का जलस्तर भले ही घट गया हो, लेकिन आए दिन डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मंगलवार सुबह नदी में स्नान करने गए चार युवक गहरे पानी में डूबने लगे। जल पुलिस ने युवकों को बचाने की कोशिश की, जिसमें तीन युवक आकाश सिंह, एस श्रीवास्तव और राहुल को बचा लिया गया, जबकि प्रिंस साहनी (19) निवासी कौशलपुरी को बाहर नहीं निकाल पाए।

जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही है। जल पुलिसकर्मी नित्यानंद ने बताया सुबह जल पुलिस गश्त कर रही थी कि अचानक गुहार मची। तीन युवक को बाहर निकाल लिया। अभी एक युवक लापता है।

# पहली बार अयोध्या में होगी प्री स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय

- भवदीय शूटिंग रेंज में 10 जून से जुटेंगे शूटर्स

**अमृत विचारः** उप्र स्टेट रायफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 22 वीं प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता जिले की भवदीय शूटिंग रेंज में आयोजित होगी।

वरिष्ठ शूटिंग कोच शनि कुमार वर्मा ने मंगलवार को बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में सैकड़ों शूटिंग खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। महिला व पुरुष वर्ग के विभिन्न कैटेगरी में होने वाली प्रतियोगिता में एयर रायफल व एयर पिस्टल के उप्र के अलावा अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे। इसमें यूपीएसआरए की ओर से नियुक्त ऑफीसियल, निर्णायक व रेफरी प्रतियोगिता में निष्पक्ष निर्णय देंगे। इसके लिए यूपीएसआए के निर्देशन में प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार होने वाली प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता से क्वालीफाई खिलाड़ी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे। अभी तक दिल्ली, नोएडा, पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर आदि में ही प्री-स्टेट प्रतियोगिता होती रही है। भवदीय ग्रुप के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने कहा कि हर्ष का विषय है कि राम नगरी अयोध्या में यह प्रतियोगिता होगी। जिसमें देश के तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों के प्रतिभागिता की संभावना है।

# दोआबा की सहायक नदियों में पानी नहीं, सूख रही जायद की फसल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- गिरते जलस्तर को लेकर किसानों में बेचैनी
- कई क्षेत्रों की सिंचाई नदियों के ही भरोसे

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी की तपिश के बीच पानी का संकट भी गहराने लगा है। दोआबा में बहने वाली सहायक नदियों में पानी की जगह धूल उड़ने लगी है। जिससे इन क्षेत्रों के किसानों को जायद की फसलों की सिंचाई करने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। साथ ही पशुओं को पानी पिलाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

जिले में गंगा एवं यमुना जैसी बड़ी नदियों के अलावा, रिंद नदी, पांडु नदी, ससुर खरेदी नदी समेत अन्य नदियां बहती हैं। जिनसे जुड़े दर्जनों गांवों की पानी की जरुरत पूरी होती रहती है। भीषण गर्मी में गंगा- यमुना नदी खुद प्यासी नजर आने लगी हैं। वहीं सहायक नदियों में तो पानी की जगह धूल उड़ने लगी है। जिससे नदियों के किनारे बसे गांवों में जायद की फसल सूखने लगी हैं।

जाफरगंज, देवमई, खखरेरु आदि गावों के किसानों का कहना है कि नदी में पानी न होने से दिक्कतहो रही है। निजी नलकूप से सिंचाई करना महंगा पड़ता है। ज्यादातर सहायक नदियां सूखने की कगार पर हैं। कई स्थानों पर पानी समाप्त हो चुका है, जहां है भी वह इस लायक नहीं कि उसे प्रयोग किया जा सके।

### पशुओं को भी नहीं मिल रहा पीने का पानी

आसपास के गांवों के ग्रामीण काफी हद तक पानी पर आश्रित हैं। पालतू जानवरों को पानी पिलाने ग्रामीण अभी भी वह नदियों की ओर ही जाते हैं। इसके अलावा जायद की फसल के लिए सिंचाई की निर्भरता भी नदी पर ही है। नदी तट पर स्थित गांवों के ग्रामीण तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी आदि की फसल नदी के भरोसे ही बोते हैं। नदियों के गिरते जलस्तर से यह फसलें पैदा करने वाले किसानों में बेचैनी है। किसानों का कहना है कि नदी के सहारे ही फसल ठीक-ठाक होने की उम्मीद लगा रखी थी।

कवायद | सरकारी के अलावा प्राइवेट हास्पिटल भी यू विन पोर्टल से जोड़े जाएंगे

# पोर्टल पर बच्चों, गर्भवती के टीकाकरण का रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यू विन पोर्टल पर बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। पूरे परिवार के टीकाकरण की जानकारी अब मोबाइल एप पर होगी। कब टीका लगा और कब लगना है, इसकी जानकारी मिलेगी। नर्सिंगहोम को भी इसी पोर्टल से जोड़ा जायेगा।

यू विन पोर्टल पर प्रग्नेंट महिलाओं को बच्चों के टीकाकरण को आसानी से किया जा सकेगा। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों को इस पोर्टल से जोड़ा जायेगा। जिले में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जायेगा। सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि जिले में यू विन पोर्टल पर वैक्सीन के लिये रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने जा रही है। इससे बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को आसान किया जायेगा। इसके लिये स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस एप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं व 0 से 12 वर्ष तक के बच्चों वैक्सीनेशन के लिये जोड़ा जायेगा।




- मोबाइल एप पर देखेंगे कब लगना है टीका और कब लगा
- शासन से जारी किये पत्र पर स्वास्थ्य विभाग ने की तैयारी

### यू-विन पोर्टल एप को ऐसे करें डाउनलोड

यू-विन पोर्टल पर या एप को मोबाइल में डाउनलोड कर आप खुद या परिवार के सदस्यों को रजिस्टर कर इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिये मोबाइल पर प्लेस्टोर से यू- विन एप डाउनलोड करें। इसके बाद अपने मोबाइल नंबर को एप पर रजिस्टर करें। इसके बाद नाम, पता, आधार नंबर आदि डिटेल भरनी होगी। बच्चे की जन्मतिथि भरते ही वैक्सीनेशन की पूरी जानकारी मिल जायेगी कि वैक्सीन कब लगी थी और अगली कब लगनी है, यह भी पता लग जाएगा।

### मोबाइल पर मिलेगी अपडेट

बच्चों व महिलाओं को अगला वैक्सीन कब लगना है और पहले कब लगी, कितने दिन के अंदर कौन सा वैक्सीन परिवार के किस सदस्य को लगना है ये सभी जानकारियां पोर्टल पर मिलेंगी। मोबाइल पर भी इसका अपडेट अलर्ट के तहत मिलता रहेगा। देश के किसी भी कोने में आप हों वहीं पर आप वैक्सीन का डोज समय पर लगवा सकते हैं। कोविड वैक्सीन की तरह अन्य वैक्सीन के लिये ऑनलाइन स्लाट बुक कर सकते हैं।

### ये दस्तावेज हैं जरूरी

गर्भवती महिलाओं के लिये आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन बुक, स्मार्ट कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, दिव्यांग कार्ड, या फोटो युक्त राशन कार्ड से रजिस्ट्रेशन हो सकेगा।

सरकारी व निजी हास्पिटल को पोर्टल से जोड़ने की कवायद चल रही। महिलाओं व बच्चों का आसानी के वैक्सीनेशन हो सकेगा। यह व्यवस्था जिले में जल्द शुरू की जायेगी।

-डॉ. विनोद कुमार (सीएमओ कन्नौज)

# आर-वॉलेट से रिचार्ज पर तीन प्रतिशत बोनस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** रेलवे ने अनारक्षित टिकट प्रणाली की ऑनलाइन सुविधा का विस्तार किया है। यात्री आर-वॉलेट के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक करेंगे तो उन्हें तीन प्रतिशत का बोनस दिया जाएगा। खास बात यह है कि यदि टिकट कैंसिल करनी पड़ी तो धनराशि भी वापस खाते में आ जाएगी। टीटीई को मोबाइल फोन में टिकट डाउनलोड कर दिखाने पर भी मान्य की जाएगी। इसके अलावा यूपीआई से भी भुगतान किया जा सकता है।

रेलवे ने पेपरलेस टिकट के लिए 31 मई तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया है, जिसके अंतर्गत सभी स्टेशनों पर यूटीएस ऑन मोबाइल, एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिग मशीन) तथा आर-वॉलेट के माध्यम से टिकट लेने के बारे में यात्रियों को जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को प्रवर वाणिज्य अधीक्षक विश्वनाथ भदौरिया ने छात्रों को इस विषय में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर बनी टिकट विंडो पर लंबी लाइन न लगे और यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए इस व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। आर-वॉलेट को रिचार्ज करने पर रेलवे ने तीन प्रतिशत का बोनस भी दिया है अर्थात 100 रुपये की टिकट बुक करने पर 97 रुपये ही भुगतान करना पड़ेगा। इसी प्रकार यूटीएस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन से स्टेशन परिसर की 200 मीटर परिधि में यात्री मोबाइल से ही टिकट खरीद सकते हैं और इसका भुगतान यूपीआई (यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) जैसे गूगल पे, भीम, फोन पे, पेटीएम, अमेजन पे आदि से भी किया जा सकता है। यदि यात्री यूपीआई का उपयोग नहीं करता है तो वह ऑर-वॉलेट से भुगतान कर सकता है, जिसमें तीन प्रतिशत का बोनस भी मिलेगा।

यूटीएस ऑन मोबाइल एप न होने पर स्टेशन पर लगे एटीवीएम में क्यूआर कोड को स्कैन कर भुगतान किया जा सकता है। इस प्रकार से टिकट खरीदने में सिर्फ एक मिनट लगता है।

### इन स्टेशनों पर लगाई गई एटीवीएम

पूर्वोत्तर रेलवे ने पीलीभीत, लालकुआं, बरेली सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद जंक्शन, काशीपुर, इज्जतनगर रेलवे स्टेशनों पर दो-दो तथा काठगोदाम, बीसलपुर, पूरनपुर, हल्द्वानी, रुद्रपुर सिटी, खटीमा, रावतपुर, कन्नौज, गुरसहायगंज, बदायूं, किच्छा, मथुरा छावनी, हाथरस सिटी, कल्याणपुर, बहेड़ी व फतेहगढ़ में एक-एक एटीवीएम लगवाया है।

रेलवे ने पेपरलेस टिकट की जानकारी के लिए 31 मई तक विशेष अभियान चलाया है, जिसके माध्यम से लोगों को यूटीएस व आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग व भुगतान के लिए जागरूक किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए एटीवीएम को भी लगाया गया है, जिससे वह आसानी से अनारक्षित टिकट ले सकें।

-राजकुमार वर्मा, मंडल वाणिज्य निरीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे



# आधी सीटों पर सीधी, एक तिहाई में त्रिकोणीय लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। प्रदेश में अब जिन 27 सीटों पर अगले दो चरणों में लोकसभा चुनाव होना है, उसे पूर्वांचल का रण कहा जा रहा है। यहां जातीय गोलबंदी के बीच आधी सीटों पर सीधी तो एक तिहाई में तिकोनी लड़ाई की तस्वीर उभर रही है। 2019 के परिणाम के मुताबिक इन 27 सीटों में भाजपा ने 18, अपना दल ने दो यानी एनडीए गठबंधन ने 20 सीटें जीती थीं। आजमगढ़ की सीट भाजपा ने उपचुनाव में सपा से छीन ली थी। इस तरह एनडीए के पास वर्तमान में 21 सीटें हैं, जबकि छह सीटें बसपा के पास हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। इस बार सपा ने कांग्रेस से गठबंधन किया है, जबकि बसपा अकेले चुनाव मैदान में है। बसपा ने 2019 के चुनाव में जौनपुर, घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज लोकसभा सीटों पर सफलता पाई थी।

अंतिम दो चरणों में मतदान वाली 27 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 24 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। दो सीटों पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) और एक सीट पर ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में है। इसके मुकाबले सपा ने 22 सीटों पर उम्मीदवार उतार रखे हैं। चार सीटों पर गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ हैं। एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार मैदान में है। बसपा के प्रत्याशी सभी 27 सीटों पर ताल ठोंक रहे हैं।

भाजपा के सामने मिशन-80 की कामयाबी के लिए इन 27 सीटों पर क्लीन स्वीप करने की चुनौती है, तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने आजमगढ़ सीट भाजपा से वापस लेने के साथ अपने पीडीए फॉर्मूले की सफलता सुनिश्चित करनी है। बसपा प्रमुख मायावती की सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी का सियासी आधार कायम रखना है, तो कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली के बाहर अपना वजूद तलाशने की चुनौती से जूझना है।

**25 मई को14 सीटों पर पड़ेंगे वोट:** प्रदेश में छठे चरण में 14 सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर व भदोही लोकसभा सीट पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। सातवें चरण का मतदान एक जून को 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज में होगा।

## अगले दो चरणों में 27 लोकसभा सीटों पर पूर्वांचल का रण जीतने की जंग






**27** लोकसभा सीटों पर प्रदेश में चुनाव रह गया शेष

**14** सीटों पर छठे चरण में 25 मई को होगा मतदान

**13** सीटों पर अंतिम चरण में पहली जून को वोटिंग

### 2019 का परिणाम




(आजमगढ़ की सीट सपा उपचुनाव में भाजपा से हार गई थी)

### इंडिया ब्लॉक

- 22 – सीटों पर सपा ने उम्मीदवार उतारे
- 04 – सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव
- 01 – एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार
- 27 – सभी सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

### कौन कितनी सीट पर मुकाबले में (एनडीए)

- 24 – लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी
- 02 – सीटों पर अपना दल (एस) के उम्मीदवार
- 01– सीट पर सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में

### चुनावी चक्रव्यूह का छठा द्वार भाजपा पांच सीटें गई थी हार

- छठे चरण की अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज और जौनपुर सीट साल 2019 के चुनाव में बसपा ने जीती थी तो आजमगढ़ में सपा ने जीत दर्ज की थी, हालांकि अब इस सीट पर उसका कब्जा नहीं है। ऐसे में इस बार भाजपा के लिए इन पांच सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, जो आसान काम नहीं है। इसकी वजह, पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जातीय समीकरणों का मकड़जाल है। यहां आधी से ज्यादा सीटों पर पिछड़ों का प्रभाव है। वही हार जीत तय करते हैं। इसके कारण ही अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी जैसे छोटे दल पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में खास जाति के आक्सीजन पर ही चल रहे हैं। इसी तरह करीब एक तिहाई सीटों पर सवर्ण विशेष रूप से ब्राह्मण और ठाकुर मतदाता प्रभाव रखते हैं। इसे देखते हुए सभी दल अपने आधार वोट बैंक को जातीय वोटों के साथ जोड़कर प्रत्याशी उतारते रहे हैं।

## पहले जाति-बिरादरी फिर पार्टी : पूर्वांचल में छठे चरण की वे छह सीटें जिन पर आर-पार का मुकाबला

### लालगंज में सात चुनावों में एक बार जीती भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की है। इससे पहले 2009 में बसपा जीती थी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन में जीत हासिल की थी। बसपा की संगीता आजाद को 54.01 तो भाजपा की नीलम सोनकर को 37.19 प्रतिशत मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी लगभग दो प्रतिशत वोट ही हासिल कर पाया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीत ली थी। इस बार भाजपा ने फिर से नीलम सोनकर पर ही भरोसा जताया है। सपा ने पुराने समाजवादी दरोगा सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है, तो बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

2019




### जौनपुर में आठ चुनावों में भाजपा तीन बार जीती

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन–तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3.67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2.20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मतों मिले थे। इस मर्तबा यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा से कृपाशंकर सिंह, सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा मैदान में हैं।

2019




### आजमगढ़ में बीते नौ चुनावों में दो बार ही खिल पाया कमल

- आजमगढ़ लोकसभा पर 1996 से अब तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में चार बार सपा, तीन बार बसपा और दो बार भाजपा को जीत मिली है। 2019 के चुनाव में समाजवादी पारेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को 2.60 लाख मतों से हराया था। अखिलेश के इस्तीफा देने पर 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा से दोबारा उतरे निरहुआ आठ हजार वोटों से जीत गए थे। इस चुनाव में सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को 2.66 लाख वोट मिलना था। इस बार सपा ने धर्मेंद्र यादव, भाजपा ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को उतारा है, तो बसपा से मशहूद सबीहा अंसारी चुनाव मैदान में हैं।

2019




### पिछली बार सिर्फ 181 मतों से ही मिली थी जीत

- मछलीशहर लोकसभा सीट पर नजर डालें तो तीन दशक के चुनाव में भाजपा ने चार बार, सपा ने दो बार और बसपा ने बार जीत हासिल की है। 2019 के चुनाव में यहां दिल की धड़कनें रोक देने वाला मुकाबले में भाजपा के बीपी सरोज ने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 मतों से हरा दिया था। 2014 में भाजपा से रामचरित्र निषाद वोटों का बंटवारा होने से जीत गए थे। राम चरित्र को 4.38 लाख, बसपा के बीपी सरोज को 2.66 लाख, सपा के तूफानी सरोज को 1.91 लाख, कांग्रेस के तूफानी निषाद को 36 हजार और भाकपा के सुभाष चंद्र को 18 हजार से ज्यादा मत मिले थे। इस बार भाजपा से सांसद बीपी सरोज, सपा ने अपने तीन बार के सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज, बसपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया है।

2019




### श्रावस्ती में जीत का आधार बना ब्राह्मण कार्ड

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण–मुस्लिम बहुल है। 2008 में बनी इस सीट पर तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक–एक बार जीती है। 2019 में बसपा के रामशिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। बसपा ने इस बार मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा है। 2014 में जीते भाजपा के दद्दन मिश्रा को मिले 3.45 लाख मतों के मुकाबले सपा के अतीक अहमद को 2.60, बसपा के लालजी वर्मा को 1.94 लाख, पीईसीपी के रिजवान जहीर को 1.01 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र को उतारा है। सपा से सांसद रामशिरोमणि वर्मा और बसपा से मुइनुद्दीन अहमद हैं।

2019




### अंबेडकरनगर में आठ में छह चुनाव बसपा ने जीते

- अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से बसपा सुप्रीमो मयावती 2019 में बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे 4.32 लाख वोट पाकर जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2.92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2.34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने बसपा से आए सांसद रितेश पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। रितेश के पिता 2009 में बसपा से यहां से सांसद चुने गए थे, 2014 में हार गए थे। बसपा ने जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात तो सपा ने छह बार के विधायक लालजी वर्मा पर भरोसा जताया है।

2019




गुरुग्राम लोकसभा सीट पर रोचक हुआ चुनावी संग्राम

## हरियाणवी खून और 'बब्बर शेर' के बीच 'कर गई चुल्ल'


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।


राहुल फाजिलपुरिया।

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** देश का प्रमुख आईटी व इनोवेशन केंद्र गुरुग्राम इस समय रोचक चुनावी संघर्ष का नजारा देख रहा है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सिने अभिनेता राज बब्बर जिन्हें कांग्रेसी 'बब्बर शेर' बता रहे हैं, का मुकाबला 2019 में जीत की हैट्रिक लगा चुके भाजपा के केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से हो रहा है। राव इंद्रजीत सिंह ने 2009 में कांग्रेस से चुनाव जीता था और 2014 के चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा से मतभेद के चलते भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा यहां राजबब्बर को बाहरी बताकर 'हरियाणवी खून' के लिए वोट मांग रही है। लेकिन इन दोनों के मुकाबले में तीसरी कड़ी बनकर तेजी से उभरे हैं, जेजेपी के प्रत्याशी बॉलीवुड रैपर हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया। वह 2016 में आई फिल्म 'कपूर एंड संस' के गाने 'कर गई चुल्ल' में आवाज देकर मशहूर हुए थे। इन तीनों प्रत्याशियों के बीच चौथा कोण भी है, इंडियन नेशनल लोकदल ने यहां मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी तादाद देखते हुए हाजी सोहराब खान को मैदान में उतार रखा है।

गुरुग्राम 25,78,523 मतदाताओं के साथ हरियाणा का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। शानदार चमक-दमक वाले इलाकों के साथ मेव मुस्लिम बहुल पिछड़ा नूंह क्षेत्र भी इस लोकसभा सीट का हिस्सा है। यहां 19% के साथ सबसे बड़ा वोट बैंक मेव मुस्लिम हैं। अहीरों की आबादी 17% है, जाट यहां आबादी का 8% हिस्सा हैं और सामान्य श्रेणी में सबसे बड़ा समुदाय हैं। इनके बाद पंजाबी करीब 7% हैं। दलित आबादी 15% है।

भाजपा प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह अपनी चौथी जीत के लिए चुनाव को मूल बनाम बाहरी लड़ाई बता रहे हैं। उनकी बेटी आरती सभाओं में हरियाणवी खून के लिए वोट मांग रही हैं। लेकिन राव इंद्रजीत सिंह की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। उन्हें इस भाजपा की गुटबाजी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के बड़े नेता भी उनके प्रचार में सिर्फ खानापूरी के लिए ही आते-जाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में राव इंद्रजीत ने अपने प्रचार अभियान में मोदी का गारंटी के साथ विकास पर फोकस कर रखा है। वह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण, एम्स रेवाड़ी की आधारशिला रखने और कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देकर वोट मांग रहे हैं। 2019 में राव इंद्रजीत सिंह ने लगभग चार लाख वोटों से कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन अजय यादव को हराया था। इसके मुकाबले कांग्रेस के राज बब्बर अपने पंजाबी समुदाय के साथ मुस्लिम मतों पर भरोसा करते हुए स्टारडम का फायदा उठाते हुए अन्य वर्गों को साधने में मेहनत कर रहे हैं।

## भोजपुरी गीत और बदलाव को कसी मुट्ठियां

चुनाव डेस्क

- **दिल्ली की नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला**

**अमृत विचार।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों में नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट लगातार सबसे हॉट बनी हुई है। यहां भोजपुरी गीतों की धूम के बीच बदलाव के लिए कसी मुट्ठियों का जोश टकराता नजर आ रहा है। जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे कन्हैया कुमार जो राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा करके उनके भरोसेमंद बन चुके हैं, इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी का समर्थन मिला हुआ है। कन्हैया का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद भोजपुरी सिनेमा के गायक और सुपरस्टार मनोज तिवारी से हो रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी भले ही बिहार से हैं, लेकिन इनकी राजनीति दिल्ली में ही शुरू हुई है। इस कारण मुकाबला और रोचक हो गया है। इस सीट पर अधिकतर मतदाता पूर्वांचल से जुड़े हैं। ऐसा माना जाता है कि पूर्वी यूपी और बिहार के लोग ही यहां चुनाव का नतीजा तय करते हैं। इन लोगों की मुख्य मांगों में कॉलोनियों का नियमितीकरण, नौकरी की सुरक्षा, किफायती आवास और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता शामिल है। पूर्वांचल और बिहार के इन मूल निवासियों का कहना है कि राजधानी में कई साल बिताने के बाद भी उनके साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता है। वे ज्यादातर छोटे आवासों में रहते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। लेकिन इन सारी समस्याओं के बावजूद ये मतदाता बड़ा वोट बैंक हैं, जिन्हें लुभाने के लिए मनोज तिवारी की चुनावी सभाओं में 'रिंकिया के पापा' जैसे भोजपुरी गानों की धूम सुनी जा सकती है। दिल्ली की इस लोकसभा सीट पर पूर्वांचल और बिहार के मतदाताओं के साथ ही महिला वोटर के हाथ में जीत की कुंजी मानी जाती है। इसकी वजह इस लोकसभा सीट पर महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा होना है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र में 10 विधानसभा सीटें हैं। इनमें अधिकतर पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है, जो कांग्रेस से गठबंधन के चलते कन्हैया कुमार के साथ खड़ी है।



**जीत का भरा जोश** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के समर्थन में बोकारो जिले में चुनाव प्रचार किया।

सुल्तानपुर सीट से दूसरी जीत दर्ज करने पर नौ बार सांसद चुने जाने का रिकार्ड बना देंगी भाजपा नेता

## मेनका गांधी पिछली बार जैसे संघर्ष में ही उलझी दिख रहीं

सुल्तानपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** आठ बार की सांसद मेनका गांधी सुल्तानपुर से दूसरी बार चुनाव जीतने के साथ ही डीबी राय के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। राय भी नौ बार सांसद बने थे। वैसे सबसे ज्यादा बार लोकसभा में पहुंचने का रिकार्ड इंद्रजीत गुप्ता के नाम है, जो 11 बार चुनाव जीते थे। 10 बार सांसद बनने वालों में अटल बिहारी वाजपेई, सोमनाथ चटर्जी और पीएम सईद का नाम है। 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए सुल्तानपुर में भाजपा की प्रत्याशी मेनका गांधी को खासा संघर्ष करना पड़ा था। कांटे के मुकाबले में उन्होंने बसपा उम्मीदवार चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोटों से हराया था। इस जीत के साथ ही मेनका गांधी सुल्तानपुर की पहली महिला सांसद भी बन गई थीं। उनसे पहले यहां से कोई महिला उम्मीदवार जीत नहीं हासिल कर पायी थी।


मेनका गांधी।

भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में इस बार का चुनाव भी आसान नहीं नजर आ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में निषाद मतदाता बड़ी संख्या में हैं। सपा ने इसी जातीय समीकरण को साधने के लिए तमाम आंतरिक कलह के बाद राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा है। वह पहले बसपा फिर भाजपा में रह चुके हैं।

2007 में बनी बसपा सरकार में मत्स्य राज्य मंत्री थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़े थे। बसपा से इस बार नए और युवा चेहरे के रूप में उदराज वर्मा क्षेत्र में मेहनत करते नजर आ रहे हैं। पिछले तीन चुनावों में यहां बसपा दूसरे नंबर पर रही है, ऐसे में बसपा की चुनौती को कमजोर करके नहीं आंका जा सकता है। जानकार इस बार त्रिकोणीय संघर्ष होना मान रहे हैं। दरअसल, बसपा ने यहां कुर्मी समाज पर दांव खेला है, जिनकी मतदाता संख्या एक लाख से ज्यादा है। बसपा की रणनीति कुर्मी और करीब साढ़े तीन लाख दलित मतों के सहारे मुकाबले में आकर मुस्लिम मतों को भी अपनी झोली में डालना है। उधर, सपा ने भी लोकसभा क्षेत्र में दो लाख से अधिक गिने जाने वाले निषाद मतदताताओं के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग और एम वाई समीकरण के तहत यादव और मुस्लिम मतों के सहारे जीत की उम्मीद लगा रखी है।

**कांटे के मुकाबले में 2019 में 14,526 मतों से मिली थी जीत:** 2019 के चुनाव में मेनका गांधी को 4,59,196 वोट मिले थे। बसपा के चंद्र भद्र सिंह ने 4,44,670 मत पाए थे। मेनका गांधी चुनाव 14,526 वोटों के अंतर से जीतने में सफल रही थीं। इससे पहले 2014 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी यहां से भाजपा के सांसद चुने गए थे। वरुण ने बसपा के पवन पांडेय को 1,78,902 वोटों से हराया था। सपा के शकील अहमद तीसरे और 41 हजार वोट पाकर कांग्रेस की अमिता सिंह चौथे स्थान पर पिछड़ गई थीं। 2009 का चुनाव कांग्रेस के डॉ. संजय सिंह ने जीता था, तब बसपा के मोहम्मद ताहिर दूसरे स्थान पर थे। भाजपा से उतरे सूर्यभान सिंह 44 हजार वोटों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए थे।

### अकेले ही संभाल रखी है प्रचार की कमान

- मेनका गांधी सुल्तानपुर के गांवों में लगातार प्रचार में जुटी हैं। वह प्रतिदिन सैकड़ों लोगों से संपर्क कर रही है। अभी भाजपा के किसी बड़े नेता की सभा उनके समर्थन में नहीं हुई है। सुल्तानपुर लोकसभा में सुल्तानपुर, जयसिंहपुर सदर, लम्भुआ, कादीपुर और इसौली विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से इसौली को छोड़कर जहां से सपा के मो. ताहिर खान विधायक हैं, बाकी चार विधानसभाओं में भाजपा का कब्जा है। जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के चेयरमैन पद पर भी भाजपा काबिज है। मेनका गांधी के साथ सीधे तौर पर कोई जातीय समीकरण नहीं है, लेकिन विधायकों और संगठन के माध्यम से भाजपा सभी वर्ग के मतदाताओं तक मोदी की गारंटी, विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के साथ राष्ट्रवाद का संदेश पहुंचा रही है।

## एक नजर

### सपा विधायक मनोज पांडेय पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऊंचाहार के समाजवादी पार्टी विधायक मनोज कुमार पांडेय के शुक्रवार को भाजपा में शामिल होने के बाद अब उनकी विधानसभा से सदस्यता पर खतरा मंडराने लगा है। सपा अब दलबदल विरोधी कानून के तहत मनोज की विधायकी खत्म कराने की कार्रवाई करेगी। मनोज पांडेय ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। भाजपा में विधिवत न शामिल होने पर भी वह पर्दे के पीछे से लगातार भाजपा के लिए ही काम कर रहे थे। मनोज के भाजपा में शामिल होते ही सपा ने उनकी नैतिकता पर सवाल उठाया। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि मनोज पांडेय को त्यागपत्र देकर ही भाजपा में जाना चाहिए था। बिना त्यागपत्र दिए दूसरी पार्टी में जाना नैतिक व कानूनी दोनों रूप से गलत है। मनोज पर अब सपा अध्यक्ष विधिक कार्रवाई करेंगे। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि पूर्व में घोसी से सपा विधायक दारा सिंह चौहान विधायकी से इस्तीफा देकर ही भाजपा में शामिल हुए थे।

# कमिश्नरेट से बेहतर जिला पुलिस, सबसे फिसड्डी राजधानी

## प्रयागराज और कानपुर कमिश्नरेट दूसरे व तीसरे स्थान पर, चंदौली और महराजगंज की स्थिति संतोषजनक

विनय सिंह, लखनऊ

- जनवरी 2024 से अब तक लखनऊ कमिश्नरेट से 358 पीड़ित पहुंचे डीजीपी कार्यालय
- डीजीपी कार्यालय से शिकायतों के निस्तारण के लिए 15 दिन में मांगी जाती है आख्या

**अमृत विचार।** अपराध को रोकने और पीड़ितों की त्वरित सुनवाई करने के उद्देश्य से प्रदेश के कई जिलों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई थी। इन जिलों में पुलिस अधीक्षक के स्थान पर पुलिस कमिश्नर को अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली बनाकर बैठाया गया। लेकिन पीड़ितों को संतुष्ट करने में कमिश्नरेट अभी भी जिला पुलिस से पीछे चल रहे हैं।

डीजीपी कार्यालय के लोक शिकायत विभाग में दर्ज आंकड़ों पर गौर किया जाए तो डीजीपी कार्यालय तक शिकायत लेकर पहुंचने वाले सर्वाधिक पीड़ितों वाले जिलों में टॉप पर तीन कमिश्नरेट हैं। उसमें भी सबसे बुरा हाल राजधानी यानी लखनऊ कमिश्नरेट का है। जनवरी 2024 से अब तक यहां से 358 पीड़ित फरियाद लगाने डीजीपी कार्यालय पहुंचे हैं। प्रयागराज और कानपुर कमिश्नरेट क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। संतोषजनक स्थिति चंदौली और महराजगंज जिले की है। यहां से विगत पांच महीने में कुल पांच-पांच फरियादी डीजीपी कार्यालय तक पहुंचे हैं।

| जिला | पीड़ित |
|---|---|
| लखनऊ कमिश्नरेट | 358 |
| प्रयागराज कमिश्नरेट | 95 |
| कानपुर कमिश्नरेट | 90 |
| उन्नाव | 80 |
| हरदोई | 70 |
| सीतापुर | 68 |
| बाराबंकी | 67 |
| आगरा | 60 |
| गोंडा | 59 |
| प्रतापगढ़ | 53 |

### जिलों में उन्नाव की स्थित सबसे बदतर

कमिश्नरेट को छोड़ दिया जाए तो पुलिस कप्तानों वाले जिले में उन्नाव जिले का हाल सबसे बदतर है। राजधानी से लगा जिला है, फिर भी यहां से सर्वाधिक फरियादी डीजीपी कार्यालय पहुंच रहे हैं। टॉप टेन फिसड्डी जनपदों पर अगर गौर किया जाए तो बाराबंकी भी कुछ कम नहीं है। सर्वाधिक फरियादी पहुंचने वालों जिलों में बाराबंकी का नाम सातवें स्थान पर है।

### 10 से कम शिकायत वाले जिले

जिन जिलों से सबसे कम फरियादी पहुंच रहे हैं उन जिलों में चंदौली, महराजगंज, चित्रकूट, मिर्जापुर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, सोनभद्र, कुशीनगर, देवरिया और रामपुर हैं। इन जिलों से जनवरी 2024 से अब तक 10 से कम फरियादी पहुंचे हैं। जाहिर सी बात है कि इन जनपदों की पीड़ितों की सुनवाई जनपद स्तर पर ही हो जा रही है। सर्वाधिक अच्छी स्थित चंदौली और महराजगंज की है।

### डीजीपी कार्यालय से मिलती है राहत

दूर-दराज के पीड़ित थक हार कर डीजीपी कार्यालय पहुंचते हैं, तो यहां पर पीड़ितों की सुनवाई होती है। शिकायतों को तत्काल डाक से भेजी जाती है और 15 दिनों के अंदर निस्तारित करने के निर्देश के साथ आख्या मांग ली जाती है। 15 दिन बीतने के बाद आख्या उपलब्ध न होने की स्थिति में फॉलोअप शुरू कर दिया जाता है। लगातार रिमाइंडर भेजा जाता है, ताकि जिलों में सुनवाई करते समय कोई लापरवाही न हो। ज्यादातर मामलों में उच्चाधिकारियों को जांच करने को कहा जाता है, ताकि झूठी शिकायत का भी पता लग सके। अधिकारियों के मुताबिक 90 फीसदी मामलों में फरियादियों को डीजीपी कार्यालय से संतुष्टि मिल जाती है।

# पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश भाजपा में हुए शामिल



पार्टी मुख्यालय पर प्रेम प्रकाश को सदस्यता ग्रहण कराते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व मंत्री रीता बहुगुणा के विरोध के बावजूद भी बनाया गया था आईजी
- मुख्तार अंसारी को रोपण जेल से बांदा लाने की दी गई थी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चहेते आईपीएस अधिकारी कहे जाने वाले पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश ने आखिरकार भाजपा का सदस्यता ले ली। प्रेम प्रकाश बसपा प्रमुख मायावती के भी करीबी रहे हैं। हालांकि पूर्व की कल्याण सिंह की सरकार में भी उन्हें महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी मिलती रही है। एक समय आईजी मिर्जापुर बनते समय पूर्व कैबिनेट मंत्री रीता बहुगुणा जोशी ने विरोध किया था, फिर भी प्रेम प्रकाश को आईजी बनने से कोई नहीं रोक पाया था। सेवानिवृत्त होते ही योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए पंचम तलब पहुंचने के कारण एक फिर प्रेम प्रकाश चर्चा में आए थे।

मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं उप्र. के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रेमप्रकाश को पार्टी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे सकती है। प्रेम प्रकाश भाजपा की सदस्यता लेने के बाद पुलिस मुख्यालय में भी चर्चा के विषय बने रहे। अफसरों ने बताया कि पुलिस विभाग के प्रति वफादारी और समर्पण की भावना हमेशा प्रेम प्रकाश को अलग करती थी। 2017 में जब प्रेम प्रकाश को आईजी रेंज बनाया जा रहा था, तब तत्कालीन कैबिनेट मंत्री रीता बहुगुणा जोशी ने विरोध किया था। रीता बहुगुणा जोशी का आरोप था कि उनके घर पर प्रेम प्रकाश के निर्देश पर ही आग लगवाई गई थी। हालांकि इस आरोप के बाद भी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सरकार में शामिल लोगों ने प्रेमप्रकाश का साथ दिया था। बाद में प्रेम प्रकाश को एडीजी बरेली, कानपुर और इसके बाद प्रयागराज की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्तार अंसारी को पंजाब के रोपड़ जेल से बांदा लाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने प्रेम प्रकाश को दी थी। जनवरी 2023 में सेवानिवृत्त होते ही प्रेमप्रकाश मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान चर्चाएं शुरू हो गई थी कि प्रेमप्रकाश जल्द ही भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं।

### कर्ज उतारने का मिला मौका: प्रेम प्रकाश

भाजपा में शामिल होते ही पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश ने कहा कि देश का जो कर्ज मुझ पर है, उसे उतारने का मौका मिला है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देश के लिए पूरी तरह समर्पित है। 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित करने के मिशन में जुटी है। अब मैं भी उसका हिस्सा हूं।

# राम मंदिर के साथ दूसरे मुद्दों का भी किया परीक्षण

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



- अनुच्छेद 370, तीन तलाक, आरक्षण, जातीय राजनीति के साथ आवास भी बना मुद्दा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन राम मंदिर संग दूसरे मुद्दे भी कदमताल में थे। अनुच्छेद-370, तीन तलाक, जातीय राजनीति तो थी ही, आरक्षण, आवास, राशन, रसोई गैस के बोल भी साथ-साथ सुनाई पड़ रहे थे।

फैजाबाद संसदीय क्षेत्र राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील है। सत्ता और विपक्ष की निगाह इस पर है। अयोध्या वाली फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में गत सोमवार को मतदान हो गया। श्रीराम मंदिर के लिए आंदोलन से निकली राजनीति और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उपजी श्रद्धा के प्रभाव का परीक्षण भी पूरा हो गया। इसका परिणाम तो चार जून को सामने आएगा, लेकिन सोमवार को पांच विधानसभा क्षेत्र वाले लगभग 60 किमी. लंबे और 40 किमी. चौड़े फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने राममंदिर के साथ दूसरों मुद्दा का भी परीक्षण किया।

मतदान में राम मंदिर के साथ दूसरे मुद्दे भी चर्चा में रहे। सरकार से मिली सुविधाओं का असर दिखा। सोहावल के एक बूथ पर मतदान करने आए राम जी रावत ने कहा कि रहने के लिए घर नहीं था। किसी ने नहीं सोचा, सरकार ने घर दिया तो वोट किसको देते। रुदौली की आफरीन बानों ने कहा कि सरकार ने तीन तलाक खत्म करके महिलाओं के अस्मिता की रक्षा की। इसे भी तो सोचना होगा। रामनगरी के संतोष कुमार बोले कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई, अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ। वोट देने के पहले इस पर गौर किया जाना जरूरी था।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों नेताओं की रैली और भाषण का प्रभाव भी मतदान के दिन आंका गया। छोटे तबके पढ़े लिखे लोगों के साथ कम पढ़े लिखे मतदाताओं की जुबान पर संविधान बदलने की कम लेकिन आरक्षण समाप्ति की चर्चा सुनने को मिला। मिल्कीपुर के मनोज कुमार कहते हैं कि बहुत जोर से चर्चा है कि आरक्षण खत्म हो सकता है लेकिन राशन और सुविधा सरकार से मिल रही है। वोट देने के पहले भ्रम की स्थिति बन गई।

### अनुसूचित जाति के मतदाताओं में विभाजन हुआ

जातीय राजनीति का प्रभाव भी मतदान के दिन देखने को मिला। भाजपा के साथ इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के बीच जंग में यह महत्वपूर्ण फैक्टर होगा। सपा, भाजपा और बसपा के बीच अनुसूचित जाति के मतदाताओं में विभाजन हुआ। कम-ज्यादा के आंकड़े को छोड़ दिया जाए तो इस पर वोट डाले गए। मतदाता खांचों में दिखे। बुजुर्गों को मतदान के समय भी राम मंदिर याद रहा तो युवाओं में मंदिर, योजनाओं के साथ सरकार के काम के साथ नए उभरे मुद्दे चल रहे थे।

# छठे चरण में मेनका व जगदंबिका समेत कई की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 लोकसभा सीटों पर 25 को होगा मतदान

**अमृत विचार:** छठे चरण की 14 सीटों पर चुनाव के लिए मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। इस चरण में 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में पूर्व मंत्रियों मेनका गांधी व जगदंबिका पाल समेत कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है।

भाजपा ने सुलतानपुर सीट से एक बार फिर पूर्व मंत्री मेनका गांधी पर दांव लगाया है। इंडी गठबंधन के तहत सपा से राम भुआल निषाद चुनाव मैदान में हैं। बसपा ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। प्रतापगढ़ सीट पर भाजपा से सांसद संगम लाल गुप्ता चुनाव मैदान में हैं। सपा ने शिवपाल सिंह पटेल व बसपा ने प्रथमेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। इलाहाबाद सीट पर भाजपा ने नीरज त्रिपाठी व बसपा ने रमेश को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस से पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह प्रत्याशी हैं। डुमरियागंज सीट पर भाजपा से पूर्व मंत्री जगदंबिका पाल चुनाव मैदान में है। बस्ती सीट पर भाजपा से हरीश चन्द्र, बसपा से दयाशंकर मिश्र व सपा से पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी चुनाव मैदान में हैं। आजमगढ़ सीट से भाजपा से दिनेश लाल यादव निरहुआ, सपा से धर्मेन्द्र यादव व बसपा से मसूद अहमद चुनाव लड़ रहे हैं। अंबेडकरनगर सीट से सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा चुनाव मैदान में हैं।

# जातीय मझधार में फंसी नैया को खेवइया की दरकार

## भाजपा से मेनका गांधी, गठबंधन से सपा के रामभुआल, बसपा से उदराज वर्मा हैं प्रत्याशी

मनोज मिश्र/अशोक शुक्ल, सुलतानपुर



मेनका गांधी



राम भुआल निषाद



उदराज वर्मा

**अमृत विचार:** कुशनगरी में जातीय जातीय ध्रुवीकरण की मझधार में फंसे प्रत्याशियों की निगाह अब माझी पर टिक गई है। पिछले चुनाव में भाजपा की नैया पार लगाने वाले माझियों का रुख अब तक साफ नहीं है। सभी प्रत्याशी उन पर डोरे डाल रहे हैं। जातीय ध्रुवीकरण के समीकरण में जिसका पलड़ा भारी हुआ, उसके लिए दिल्ली की राह आसान हो जाएगी।

सुलतानपुर लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनावों से भाजपा का कब्जा है। 2014 में इस सीट से वरुण गांधी चुनाव जीते थे, जबकि 2019 में उनकी मां मेनका गांधी ने यहां जीत का परचम लहराया था। यहां छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। पूर्व के चुनावों की तरह इस बार भी राजनीतिक दल और प्रत्याशी जातीय समीकरण को अपने पक्ष में करने की जुगत में लगे हैं। गठबंधन से सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद व बसपा से उदराज वर्मा भाजपा की कद्दावर नेता सांसद मेनका संजय गांधी को कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। सांसद मेनका और उसके पहले उनके बेटे वरुण गांधी की जीत में कुर्मी और निषाद वोटों का ध्रुवीकरण उनके पक्ष में रहा था। पर, इस बार अब तक निषाद और कुर्मी मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है। सरकार की योजनाओं, खुद के कामकाज से सतह पर उनकी स्थिति मजबूत लगती है, लेकिन जातीय गणित को साधना इनके लिए चुनौती भरा है। सपा-बसपा ने भाजपा के कुर्मी व निषाद मतों में सेंधमारी की गहरी चाल चल दी है।

### सपा अब तक नहीं जीती

कांग्रेस इस सीट पर नौ बार जीत दर्ज कर चुकी है तो भाजपा पांच बार जीत का स्वाद चखा है। कांग्रेस को तब कामयाबी मिलती रही, जब उसका वर्चस्व देश और प्रदेश की राजनीति में था। समाजवादी पार्टी को इस सीट पर अब तक निराशा ही हाथ लगी है, लेकिन बसपा ने दो बार बाजी मारी है।

### सुलतानपुर लोकसभा




### बिरादरी वोट को साधना विपक्ष की रणनीति

सुलतानपुर सीट पर करीब डेढ़ लाख निषाद वोटों को साधने के लिए सपा ने गोरखपुर निवासी पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद को चुनाव में उतारा है। इसी तरह करीब दो लाख कुर्मी मतदाताओं को पाले में करने के लिए स्थानीय उदराज वर्मा को बसपा ने प्रत्याशी बनाया है। इन दोनों जातियों के मतों का ध्रुवीकरण पिछले दोनों चुनावों में भाजपा के पक्ष में हुआ था। इसमें कितनी सेंधकारी विपक्ष कर पाएगा यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन अनुसूचित वर्ग के मतदाता ही निर्णायक होंगे। साथ ही विपक्ष सरकार के महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर आक्रामक है। वोटरों को यह समझाने की कोशिश कर रहा है कि सरकार की जिन योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वह तो कोई भी होता देता। बीते दिनों आए सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के पक्ष में माहौल बना गए तो आज बुधवार को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम मायावती भी अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करने आ रही है।

### महज 14 हजार मतों से जीती थीं मेनका गांधी

बड़े कद की नेता मानें जाने वाली मेनका संजय गांधी पिछले चुनाव में महज करीब 14 हजार वोटों से ही जीत दर्ज की थी। उन्हें चार लाख 58 हजार, 196 मत मिले थे, जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी बसपा (सपा से गठबंधन) के चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 670 वोट प्राप्त हुआ था। हालांकि, इस चुनाव में सपा और बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि इसका कितना फायदा भाजपा उठा पाएगी। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आज बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कादीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### राम लहर व मोदी लहर में भाजपा को मिली जीत

भाजपा की विजय लहरों पर टिकी रही। रामलहर (1991 से 98 तक) में हुए तीन चुनाव व मोदी लहर 2014 व 2019 में जिसको भी टिकट मिला जीत की गारंटी मिली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद मेनका गांधी के सामने सपा ने पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद तो बसपा ने उदराज वर्मा को चुनावी समर में उतारा है। 2014 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी ने यहां का प्रतिनिधित्व देश की सबसे बड़ी पंचायत में किया था। मेनका गांधी का यह मजबूत पक्ष है कि उनके या पार्टी के खिलाफ कोई मूवमेंट या लहर नहीं है। राम मंदिर निर्माण भी मददगार होगा। वह सरकार की योजनाओं, खुद के काम और जनता के सुख-दुख में भागीदार होने की बात कहकर परंपरागत मतों को सहेजने की कोशिश में लगे हैं। सार्वजनिक रूप से यह बात कहती हैं कि जाति-वर्ग या धर्म पूछे बगैर सबकी मदद करती हूं।

## वर्ग पहेली-77

**बाएं से दाएं**

2. 1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।
3. 1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।
4. 1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।
6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा
8. 1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।
9. 1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**

1. कामदेव, मदन।
2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत
4. 1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।
5. 1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।
7. 1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।



### वर्ग पहेली -76 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 जा | |
| | 2 दि | | 3 अं | ज | न | क |
| | 4 वां | टे | ड | | का | |
| 5 पो | ध | | बं | | री | |
| | | 6 कं | ड | रा | | 7 सो |
| 8 मू | | गा | | | | ह |
| ढ़ी | | ली | | 9 बु | न | ना |

### सुडोकू-156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | 4 | 5 |
| | | | 4 | 6 | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | | | | 5 | 1 | | | |
| | | | 5 | 9 | | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | | | 7 | | 1 | | 8 |

### सुडोकू -155 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 22 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.47 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 07.47 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज आप बहुत कुछ एक साथ करना चाहेंगे। इसके कारण आप सम्भवत: वह कार्य न कर पायें जिसका आपने लक्ष्य निर्धारित किया है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अच्छे मित्रों से मिलना हो सकता है। आज आपको अपने पारिवारिक जीवन पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृष:** आज व्यवसाय में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए। दूसरों के मामलों में आप ज्यादा व्यस्त रहने वाले हैं। नया रोजगार शुरू करने की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रुओं से आपको मुक्ति मिल सकती है। जीवनशैली काफी अच्छी रहेगी।

**मिथुन:** आज प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा नहीं है। भविष्य को लेकर लम्बी-चौड़ी योजना न बनाएं। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। मित्रों के ऊपर अति विश्वास करना उचित नहीं होगा। बोलचाल के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क:** आज आप दिखावे में ज्यादा धन खर्च न करें। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से हानि हो सकती है। जिन जातकों को स्वास्थ्य की समस्या है उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी से ज्यादा अपेक्षा भाव न रखें।

**सिंह:** आज यात्राओं के लिए काफी अनुकूल दिन है। व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रुके हुए कार्यों में अचानक प्रगति से होने से उत्साहित रहेंगे। प्रबन्धन से जुड़े कार्यों में अच्छी सफलता मिलने की सम्भावना है।

**कन्या:** आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। इसीलिए आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**तुला:** आज आय के नए विकल्पों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक लोगों के बीच आपकी साख मजबूत होगी। ऐसे किसी भी कार्य की तरफ प्रवृत्त न हो जो आपको भविष्य में नुकसान पहुंचाए। गूढ़ रहस्यात्मक विषयों पर आप कुछ शोध कार्य जैसा कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ असन्तोष जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा के दौरान बाहर का भोजन करने से बचें। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु:** आज आप कुछ बड़ी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने प्रतिद्वन्दियों पर भारी पड़ने वाले हैं। लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय हो सकते हैं। यात्राओं से लाभ होगा। दिनचर्या काफी व्यस्त हो सकती है।

**मकर:** आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। यदि आप अपने काम के लिए किसी सहयोगी पार्टनर को जोड़ना चाहते हैं तो आज का दिन शुभ है। नई योजनाओं की शुरुआत आप कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज लोगों के बीच में आपके विषय में काफी चर्चा हो सकती है। फिल्म और साहित्य से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नए हैं तो आपको आज कुछ लोग परेशान कर सकते हैं। लेकिन आपको अपने आप विश्वास बनाये रखना चाहिये।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए तनावपूर्ण हो सकता है। अपनी रहस्य की बातों को गोपनीय रखें। किसी भी बात पर एकदम से प्रतिक्रिया न दें। आपके द्वारा की हुई गलतियों पर गौर करें और तुरन्त उसे दूर कर लें। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की सम्भावना कम है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
बरसात — सुबह: 11.15
बादशाह — शाम: 05.51

**Sony Pix**
द वॉटर हाउस — सुबह: 10.45
दे रेड 2 — शाम: 05.05

**&pictures**
डाक्टर जी — सुबह: 10.32
गजनी — दोपहर: 03.48

**Zee Cinema**
दिल्लगी — सुबह: 10.35
एनेमी — शाम: 06.00

**Colors Cineplex**
पद्मावत — सुबह: 09.20
चेन्नई एक्सप्रेस — शाम: 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर: 03.48 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..
गोलू का बहाना सुनकर टीचर की हंसी छूट गई।

गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई, मुझे 1000 रुपये की जरूरत है।
बॉयफ्रेंड- कर दी न छोटी बात, पगली यह ले 10 रुपये।
अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स ले आ।
गर्लफ्रेंड बेहोश

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 930।

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17200-17400 |
| अरहरस्पेशल1 | 14300-14400 |
| चनादाल | 7700-7800 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5300-5400 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# भारत 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था होगा

## सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री चंद्रशेखर बोले-अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और इसके वर्ष 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने एक कार्यक्रम में कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए समर्पित इंडिया एआई मिशन का मूल्य भी 10,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 20,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।



उन्होंने कहा कि सरकार को पहले 2026-27 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 महामारी सहित कई वजहों से इस लक्ष्य को एक साल आगे बढ़ा दिया गया है। चंद्रशेखर ने कहा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। वर्ष 2015 में निर्धारित यह दृष्टिकोण कारगर रहा है। हम पहले से ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को हासिल करना है।

### वित्त मंत्रालय पूर्ण बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बढ़ा सकता है सीपीएसई लाभांश अनुमान

वित्त मंत्रालय जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीपीएसई लाभांश अनुमान को 5,000 करोड़ रुपये बढ़ाकर करीब 53,000 करोड़ रुपये कर सकता है। सरकार ने अंतरिम बजट 2024-25 में चालू वित्त वर्ष के लिए गैर-वित्तीय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) से लाभांश का अनुमान 48,000 करोड़ रुपये लगाया है। एक अधिकारी ने कहा-जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में अनुमान करीब 5,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि अंतरिम बजट अनुमान दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के अनुमानों पर आधारित थे। पूर्ण बजट में अनुमान अधिक होंगे क्योंकि अब लाभांश की तस्वीर अधिक स्पष्ट है। किसी विशेष वित्त वर्ष में सरकार की लाभांश प्राप्तियों में वित्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा घोषित अंतरिम लाभांश, साथ ही पिछले वित्त वर्ष के लिए अंतिम लाभांश शामिल होते हैं।

### वैश्विक यात्रा व पर्यटन सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में भारत 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में जारी सूची में भारत 54वें स्थान पर था।

डब्ल्यूईएफ के अनुसार, अमेरिका इस सूची में शीर्ष पर है। भारत, दक्षिण एशिया और निम्न-मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में सर्वोच्च स्थान पर है। भारत 2021 में प्रकाशित सूचकांक में 54वें स्थान पर था। हालांकि, सूचकांक मापदंडों में किए गए बदलाव इसकी पिछले वर्षों से तुलना को सीमित करते हैं। अमेरिका के बाद स्पेन, जापान, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 2024 की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। जर्मनी छठे स्थान पर और उसके बाद शीर्ष 10 में ब्रिटेन, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड ने जगह बनाई है।

## आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

- भारतीय रिजर्व बैंक के लेख में जताई गई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी



सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करने वाली वैश्विक बाधाओं के बावजूद उल्लेखनीय मजबूती को दिखाया है।

इसमें कहा गया है कि आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) के अनुसार, अप्रैल में गतिविधियों में तेजी आई और शुरुआती अनुमान बताते हैं कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) का निर्माण 'डायनेमिक फैक्टर मॉडल' का उपयोग करके, आर्थिक गतिविधियों से जुड़े 27 महत्वपूर्ण (हाई फ्रीक्वेंसी) संकेतकों के सामान्य रुख को निकालकर किया गया। फरवरी, 2020 में ईएआई को 100 रखा गया जबकि अप्रैल, 2020 में इसे शून्य कर दिया गया। इसका कारण अप्रैल महीना कोविड महामहारी के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सबसे अधिक प्रभावित था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,700-56,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 74,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,000 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,250 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## मुनाफावसूली से सोने, चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसले

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आईं। कमजोर वैश्विक रुख और मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में 550 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज हुई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, सोने की कीमतें अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सदस्यों में से एक की तीखी टिप्पणियों से प्रभावित हुईं, जिन्होंने सुझाव दिया कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर वापस लाने के लिए ब्याज दरों को लंबी अवधि तक मौजूदा स्तर पर जारी रखने की आवश्यकता होगी। सोने की कीमत 550 रुपये गिरकर 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में सोना 75,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,600 रुपये टूटकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में यह 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

### इक्रा ने जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

**नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर चार तिमाही के निचले स्तर 6.7% पर रहने का अनुमान लगाया है। इक्रा का अनुमान है समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8% रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कम मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ जिंस की कीमतों से कम लाभ के साथ कुछ औद्योगिक क्षेत्रों की लाभप्रदता में गिरावट से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीवीए वृद्धि में कमी आने की उम्मीद है।

## 6 महीने के औसत से तय होगा कंपनियों का बाजार पूंजीकरण

- पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मार्केट कैप की गणना के तरीकों में किया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा आवश्यकता (एलओडीआर) नियमों के तहत सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) की गणना के तरीके को बदल दिया है। एक दिन (वर्तमान में 31 मार्च) के बाजार पूंजीकरण का उपयोग करने के बजाय सूचीबद्ध कंपनियां अब छह महीने की अवधि के लिए 'औसत बाजार पूंजीकरण' का उपयोग करेंगी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि किसी सूचीबद्ध इकाई के बाजार पूंजीकरण में बाजार की गतिशीलता के आधार पर दैनिक आधार पर उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसलिए एक उचित अवधि में बाजार पूंजीकरण के आंकड़ों का औसत उस सूचीबद्ध इकाई के बाजार आकार को अधिक सटीक ढंग से दर्शाएगा। सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य एस के मोहंती की अध्यक्षता में गठित एक विशेषज्ञ समिति ये बदलाव किए हैं।



### बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के हुआ पार

घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच मंगलवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया। बीएसई के मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, कारोबारी सत्र के अंत में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 4,14,62,306.56 करोड़ रुपये (4.97 लाख करोड़ डॉलर) रहा। यह इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। हालांकि, सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन ने पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी पहली बार पार किया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अनोखा वाहन पंजीकरण नंबर खरीदा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अपनी कार के लिए अनोखा पंजीकरण नंबर '9999' खरीदा है। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद के संयुक्त परिवहन आयुक्त सी. रमेश ने कहा कि अनोखे (फैंसी) पंजीकरण नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में '9999' के लिए सबसे ऊंची बोली लगी, जिसमें कार मालिक ने 'टीजी-09 9999' नंबर के लिए विभाग को 25,50,002 रुपये का भुगतान किया। सोमवार को आयोजित अनोखे नंबर '9999' की नीलामी में 11 लोगों ने भाग लिया और यह नंबर 25.5 लाख रुपये में बिका।

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व आप नेता जगबीर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता जगबीर सिंह बराड़ लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब के पूर्व विधायक बराड़ ने यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। करीब एक साल पहले आप में शामिल होने से पहले बराड़ शिरोमणि अकाली दल के सदस्य थे। उन्होंने 2007 के विधानसभा चुनाव में शिअद के टिकट पर जालंधर छावनी सीट जीती थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि वह पूर्व में कांग्रेस की जालंधर जिला इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### विमान की चपेट में आने से कई फ्लेमिंगो की मौत

**मुंबई।** मुंबई में कथित तौर पर एक विमान की चपेट में आने के बाद 30 से अधिक फ्लेमिंगो (राजहंस) की मौत हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से इसकी जांच कराने की मांग की है और साथ ही दावा किया है कि शहरी योजनाकर्ताओं ने ऐसे आपदाओं के बारे में चेतावनियों को नजरअंदाज किया है।

# 5 चरण के बाद भाजपा 310 सीट जीत चुकी: शाह

## गृह मंत्री ने दावा करते हुए ओडिशा के लोगों से की समर्थन करने की अपील

संबलपुर/क्योंझर (ओडिशा), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के 5 चरण पूरे होने के बाद भाजपा को 310 सीट मिलने का दावा करते हुए मंगलवार को ओडिशा के लोगों से अपील की कि वे राज्य को बाबू-राज से आजाद कराएं और भाजपा को केंद्र एवं राज्य दोनों में सरकार बनाने के लिए समर्थन दें। शाह ने संबलपुर में दो चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार ओडिशा में कमल खिलेगा।

संबलपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा-पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीट पहले ही मिल चुकी हैं। छठे और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में मुट्ठी भर अधिकारियों का शासन है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राज्य में मौजूदा बाबू राज को समाप्त कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की ज्यादातर खदानें और खनिज भंडार क्योंझर जिले में स्थित होने के बावजूद यहां के आदिवासियों को कोई लाभ नहीं मिला है। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश भर में कोई आतंकवाद न हो।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ओडिशा के संबलपुर में मां समलेश्वरी मंदिर का दौरा किया।

### जीत के और निकट बढ़ रहा है इंडिया गठबंधन



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी कहने का आरोप लगाया और कहा कि दिल्लीवासी उनका परिवार हैं और उनके लिए अपशब्द नहीं कहे जाने चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि चार जून के बाद मोदी की सरकार की विदाई होने वाली है और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आ रहा है।

### बांग्लादेश के सत्तारूढ़ दल आवामी लीग के सांसद लापता

**कोलकाता।** इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे बांग्लादेश के सांसद अनवारूल अजीम अनार पिछले कुछ दिनों से लापता हैं। यहां बांग्लादेश उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग के सांसद अनार 13 मई से लापता हैं। अधिकारी ने कहा-वह इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आये थे और शहर के उत्तरी हिस्से में बरानगर में अपने एक दोस्त के घर पर ठहरे हुए थे। वह 13 मई को किसी से मिलने गये थे लेकिन वापस नहीं आये। उनके मित्र ने बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि अनार पिछले 8 दिन से लापता हैं लेकिन उनके फोन से उनके परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए कि वह दिल्ली चले गए हैं।

## बाबासाहब नहीं होते तो नेहरूजी एससी एसटी को आरक्षण नहीं मिलने देते: मोदी

- बिहार की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप

मोतिहारी (बिहार), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बाबासाहब भीमराव आंबेडकर नहीं होते तो पंडित जवाहरलाल नेहरू अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को आरक्षण नहीं मिलने देते। प्रधानमंत्री ने यह आरोप भी लगाया कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और सनातन विरोधी सोच के साथ खड़ा है और चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के साथ ही इन सभी को बड़ा झटका लगेगा। बिहार के पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा-बाबासाहब आंबेडकर न होते तो नेहरू जी एससी-एसटी को आरक्षण नहीं मिलने देते। उन्होंने तो मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसका विरोध किया था। नेहरू जी से लेकर राजीव गांधी तक इस परिवार के जितने प्रधानमंत्री हुए, सबने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया।



उन्होंने कहा-कांग्रेस के पास एक ही वोट बैंक आज बचा है और वे उसे खुश करने के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण धर्म के आधार पर आपसे छीनकर वोट जिहाद वालों को देना चाहते हैं। संविधान इसकी इजाजत नहीं देता इसलिए ये संविधान बदलना चाहते हैं।

## क्या अदालत गिरफ्तारी की वैधता की कर सकती है पड़ताल

- भूमि घोटाले को लेकर हेमंत सोरेन से न्यायालय ने पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर निचली अदालत के संज्ञान लेने के बाद उनकी गिरफ्तारी की वैधता की क्या रिट अदालत पड़ताल कर सकती है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोरेन के वकील से अदालत को पहले यह बताने को कहा कि नियमित जमानत के लिए उनकी अर्जी खारिज होने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें कैसे अंतरिम जमानत दी जा सकती है। पीठ ने विषय की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की है। सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने अदालत के सवालों का जवाब देने के लिए बुधवार तक का वक्त मांगा। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू ने सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि उनका मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अलग है, जिन्हें आम चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया एक मामला बनते पाये जाने के बाद चार अप्रैल को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया था। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि सोरेन राज्य सरकार की मशीनरी का दुरूपयोग कर अपने खिलाफ धन शोधन मामले की जांच प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के उनके विशेष अनुरोध का विरोध किया है। जांच एजेंसी ने कहा कि 31 जनवरी को सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है और उनकी नियमित जमानत अर्जी निचली अदालत ने 13 मई को खारिज कर दी थी।



## सीबीआई दलों ने दो से 10 लाख रुपये तक की रिश्वत ली

नई दिल्ली, एजेंसी

मध्य प्रदेश में नर्सिंग महाविद्यालय घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुलासा किया है कि उसके अधिकारी निरीक्षण के बाद अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए हर शिक्षण संस्थान से कथित रूप से दो से 10 लाख रुपये तक की रिश्वत ले रहे थे। सीबीआई ने यह जानकारी दी है।

### मध्य प्रदेश का नर्सिंग महाविद्यालय घोटाला

इस मामले में सीबीआई के पुलिस उपाधीक्षक आशीष प्रसाद, निरीक्षक राहुल राज एवं सुशील कुमार मजोका तथा ऋषिकांत असाथे एजेंसी द्वारा नामजद 22 लोगों में शामिल हैं। राहुल राज और सुशील कुमार मजोका सीबीआई में मध्य प्रदेश पुलिस से संबद्ध थे। राज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। सीबीआई की प्राथमिकी में नर्सिंग पाठ्यक्रम चला रहे आठ महाविद्यालयों के निदेशकों, अध्यक्षों, कर्मियों एवं बिचौलियों के भी नाम हैं जिन्होंने निरीक्षण दलों की ओर से रिश्वत ली थी और उन तक रकम पहुंचायी थी। एक सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा-सीबीआई द्वारा दर्ज यह मामला भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की उसकी नीति की प्रतिपुष्टि करता है।

### हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के लिए मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिदिन हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं जिसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। खरगे ने एक साक्षात्कार में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के इरादे साफ नहीं हैं क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के साथ रोजाना नफरत भरे भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं और ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, दूसरी ओर उनका दावा था कि अगर वह हिंदू-मुस्लिम बात करेंगे तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### 3.22 करोड़ का घोटाला करने वाला अमेजन कर्मचारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में आर्थिक अपराध शाखा पुलिस थाने में भारतीय पेरोल के एक अमेजन कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कर्मचारी ने लगभग तीन करोड़ बाईस लाख चार हजार चार रुपए से अधिक का घोटाला किया है। इस गबन को 50 बैंक खातों में धन ट्रांसफर करके अंजाम दिया गया, जो कि सहयोगियों के थे, जिससे 184 पूर्व-कर्मचारी/निष्क्रिय कर्मचारी अपने उचित बकाया से वंचित हो गए। इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के बाद पुलिस ने कल हैदराबाद के बाहरी इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में आएगी तेजी

- सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने बहु प्रतीक्षित योजना को लेकर की टिप्पणी
- बोले, देश के हमें तीनों सशस्त्र बलों से सर्वश्रेष्ठ चीजों को ही लेना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में तेजी आएगी। एकीकृत कमान स्थापित करने की महात्वाकांक्षी और बहु प्रतीक्षित योजना लागू करने पर भारत के विचार करने के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है।

सीडीएस ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) से एक संयुक्त कार्यशैली विकसित करने की भी अपील की, क्योंकि वे संयुक्त अभियानगत संरचना बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से सुधारों के अगले दौर की शुरूआत होगी।

उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से एकल से बहु-क्षेत्रीय अभियान, पारंपरिक क्षेत्र में अंतरिक्ष एवं साइबर जगत का इस्तेमाल, युद्ध क्षेत्र की सूचना का डिजिटाइजेशन जैसे कई सुधारों का मार्ग प्रशस्त होगा। सीडीएस ने मेजर जनरल समीर सिन्हा स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों में संयुक्त कार्यशैली का विकास दूसरे चरण का एकीकरण होगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण का एकीकरण सशस्त्र बलों के बीच बेहतर तालमेल और आम सहमति के बारे में था। जनरल चौहान ने तीनों सशस्त्र बलों की अलग-अलग कार्यशैली होने की बात स्वीकार करते हुए उल्लेख किया कि सेना के तीनों अंगों के बीच एक चौथी कार्यशैली विकसित करने की जरूरत है।



सीडीएस ने कहा-देश के हमें तीनों सशस्त्र बलों से सर्वश्रेष्ठ चीजों को लेना चाहिए। एकीकरण मॉडल के तहत सरकार थलसेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को समन्वित करना तथा युद्ध एवं अभियानों के लिए उनके संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना चाहती है। एकीकरण योजना के अनुसार, प्रत्येक एकीकृत कमान में थलसेना, वायुसेना और नौसेना की इकाइयां होंगी तथा वे सभी एक इकाई के रूप में काम करेंगी। वर्तमान में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग कमान हैं।



**आज का मुकाबला**

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 14 | 19 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## मैकगुर्क और शॉर्ट कुछ अलग : मैकडोनाल्ड

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि करिश्माई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को टी20 विश्व कप के लिए यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे कुछ अलग हैं। मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल में दिल्ली के लिए नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए जिसमें 32 चौके और 28 छक्के थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ये दोनों बाकियों से अलग है। फ्रेसर सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट बल्लेबाज के साथ स्पिनर भी है।

# सनराइजर्स को 8 विकेट से हराकर केकेआर फाइनल में

## कप्तान श्रेयस और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारी से पहला क्वालीफायर मुकाबला कोलकाता ने जीता

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मिचेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारियों से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। सनराइजर्स को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर चौथी बार लीग के फाइनल में प्रवेश किया।

सनराइजर्स को 26 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए राजस्थान और बेंगलुरु के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से शुक्रवार 24 मई भिड़ना होगा। श्रेयस और वेंकटेश दोनों ने अपनी नाबाद पारियों में एक समान 5 चौके और 4 छक्के जड़े। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की।

स्टार्क को शुरुआती ओवरों में वैभव अरोड़ा का अच्छा साथ मिला और दोनों ने पहले दो ओवरों में शानदार लय में चल रहे सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन की राह दिखा दी। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी ने मध्यक्रम में सनराइजर्स के बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक पैर जमाने का मौका नहीं दिया। हर्षित राणा और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। सनराइजर्स के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 गेंद में 55 रन बनाने के साथ हेनरिच क्लासेन के साथ 62 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 21 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में कप्तान पैट कमिंस ने 24 गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 30 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए विजयकांत के साथ 33 रन जोड़े।



नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ शॉट खेलते कोलकाता के खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर। ● एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल सॉल्ट की जगह टीम में आए विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ चौके से खाता खोला तो वही नारायण ने दूसरे ओवर में कमिंस का स्वागत दो चौके से किया। टी नटराजन ने चौथे ओवर में उनकी 14 गेंद में 23 रन की पारी को खत्म किया। क्रीज पर आए वेंकटेश अय्यर ने भुवनेश्वर के खिलाफ दो चौके लगाए तो वहीं नारायण ने नटराजन की गेंद को सीमा रेखा के पार भेज पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 63 रन कर दिया। कमिंस ने नारायण को व्यासकांत के हाथों कैच कराया। वेंकटेश पर इसका असर नहीं पड़ा और उन्होंने कमिंस और फिर व्यासकांत पर छक्का जड़ रन गति को बनाये रखा। कप्तान श्रेयस अय्यर को 10वें ओवर में व्यासकांत की गेंद पर उस समय जीवनदान मिला जब विकेटकीपर क्लासेन और त्रिपाठी में गफलत से कैच छूट गया। कमिंस ने विकेट की तलाश में गेंद हेड को थमाई लेकिन श्रेयस और वेंकटेश ने चौके लगाकर उन्हें असरहीन किया। वेंकटेश ने रेड्डी के खिलाफ छक्का लगाकर 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस ने हेड के खिलाफ तीन छक्के और चौका लगाकर टीम को जीत दिलाने से पहले महज 23 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। इससे पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद स्टार्क ने अपने शुरुआती तीन ओवरों में तीन विकेट चटकाकर आईपीएल में अपनी महंगी कीमत को चिरतार्थ किया।

उन्होंने पहले ओवर में शानदार लय में चल रहे हेड को बोल्ड करने के बाद पारी के पांचवें ओवर में लगातार गेंदों पर नीतिश कुमार रेड्डी और शाहबाज अहमद को चलता किया। इस बीच अरोड़ा ने पारी के दूसरे ओवर में आंद्रे रसेल के हाथों कैच कराकर अभिषेक को पवेलियन भेजा। विकेटों के पतन के बीच त्रिपाठी ने पावर प्ले में इन दोनों गेंदबाजों के खिलाफ चौके जड़े जिससे छह ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 45 रन हो गया। त्रिपाठी ने आठवें ओवर में हर्षित की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर पारी का पहला छक्का जड़ा तो दूसरे छोर से क्लासेन ने नारायण की गेंद पर शानदार छक्का और फिर चौका लगाकर रन गति को तेज किया। चक्रवर्ती के खिलाफ 11वें ओवर में चौके के साथ त्रिपाठी ने अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश कर रहे क्लासेन को पवेलियन की राह दिखा दी।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**हैदराबाद 159/10** — 19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा कैच रसल बो वैभव | 03 | 04 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी रन आउट (रसल/गुरबाज़) | 55 | 35 | 7/1 |
| नितीश कुमार रेड्डी कैच गुरबाज़ बो स्टार्क | 09 | 10 | 1/0 |
| शाहबाज़ अहमद बो स्टार्क | 00 | 01 | 0/0 |
| हाइनरिक क्लासन कैच रिंकू बो चक्रवर्ती | 32 | 21 | 3/1 |
| अब्दुल समद कैच श्रेयस बो हर्षित | 16 | 12 | 0/2 |
| सनवीर सिंह बो नारायण | 00 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच गुरबाज़ बो रसल | 30 | 24 | 2/2 |
| भुवनेश्वर कुमार पगबाधा चक्रवर्ती | 00 | 04 | 0/0 |
| विजयकांत वियसकांत नाबाद | 07 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-34-3, अरोड़ा 2-0-17-1, हर्षित 4-0-27-1, नारायण 4-0-40-1, रसेल 1.3-0-15-1, चक्रवर्ती 3-0-15-2

**कोलकाता 164/2** — 13.4 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋरहमानुल्लाह का व्यासकांत बो नटराजन | 23 | 14 | 2/2 |
| सुनील का व्यासकांत बो कमिंस | 21 | 16 | 4/0 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 51 | 28 | 5/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 58 | 24 | 5/4 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3-0-28-0, कमिंस 3-0-38-1, नटराजन 3-0-22-1, व्यासकांत 2-0-22-0, रेड्डी 1.4-0-32-0, शाहबाज 1-0-13-0

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को 4-2 से हराया

**एंटवर्प।** श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट से हराकर यूरोप दौरे की जीत से शुरुआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल दागे। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त थी। तीसरे क्वार्टर में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

## एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

**कोबे (जापान), एजेंसी**

**विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप**

भारत की एकता भयान ने 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक पाया। हरियाणा सिविल सेवा अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने तोक्यो पैरालम्पिक 2020 के लिए भी क्वालीफाई किया था। एकता डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन 2003 में सड़क दुर्घटना ने उनके सारे सपने छीन लिए। वह कैब से जा रही थी जब दिल्ली हरियाणा सीमा पर ट्रक उनकी कैब पर उलट गया। वह तब से व्हीलचेयर पर है। उस हादसे में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी। भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं।



## भाला फेंक : विश्व खिताब का सुमित ने किया बचाव

**कोबे (जापान)।** गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा जबकि थंगावेलु मरियप्पन ने भी ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत के लिए दिन अच्छा रहा।



तोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी प्रतिस्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मरियप्पन ने इसके बाद 1.88 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ टी63 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया।

**खेल डायरी**

### चोटिल केर ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम से बाहर

**सिडनी।** ओलंपिक शुरू होने से पहले ही आस्ट्रेलिया की महिला फुटबॉल टीम की कप्तान सैम केर टखने की चोट से बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल नियामक संस्था ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 30 वर्षीय कप्तान घरेलू क्लब में स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम जारी रखेंगी और पेरिस ओलंपिक 2024 के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने एडिलेड और सिडनी में चीन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए 23 खिलाड़ियों की सूची जारी करने वाले दिन यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई स्टार खिलाड़ी गोलकीपर मैकेंजी अर्नोल्ड, डिफेंडर ऐली कारपेंटर और फॉरवर्ड मैरी फाउलर इनमें शामिल हैं।

### भारत क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** एशियाई खेल चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के चौथे स्थान पर रहने से तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय कंपाउंड महिला टीम क्वालीफाइंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विश्व कप में सत्र के पहले शंघाई चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद ज्योति शीर्ष तीन में रहने से तीन अंक से चूक गई। वह तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया की ओह युहयुन (707 अंक) से तीन अंक पीछे रह गई। हान सियुंगियोन पहले और लक्जेमबर्ग की मारिया शकोल्ना दूसरे स्थान पर रही। भारत की परनीत कौर आठवें और विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी 15वें स्थान पर रही। भारतीय टीम दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही।

### चंद्रू ने जसकरण को हरा राष्ट्रीय खिताब जीता

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के उभरते मुक्केबाज चंद्रू ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू जीत दर्ज करने में सफल रहे। दूसरे दौर से चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। चंद्रू ने चौथे और निर्णायक दौर में जसकरण के चेहरे पर दाएं हाथ से दमदार मुक्का जड़कर उन्हें धराशाई कर दिया। अक्षय चहल और राम सिंह के बीच आठ दौर का मुकाबला बराबरी पर छूटा जबकि आशीष चौधरी ने मनीष शर्मा को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

### टोनी क्रूज यूरो 2024 के बाद लेंगे संन्यास

**मैड्रिड।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी टोनी क्रूज 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। उनके क्लब रीयाल मैड्रिड ने बताया कि 34 साल के क्रूज ने यूरो 2024 के बाद पेशेवर फुटबॉलर के रूप में अपने करियर को समाप्त करने का फैसला किया है। क्लब ने कहा कि रीयाल मैड्रिड टोनी क्रूज के प्रति अपना आभार और स्नेह व्यक्त करना चाहता है। वह हमारे क्लब के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। क्रूज 2014 से रीयाल मैड्रिड के साथ है। टीम ने 22 खिताब जीते है, जिसमें चार यूरोपीय कप और चार स्पेनिश लीग शामिल हैं। उन्होंने क्लब के साथ 463 मैच खेले हैं।

## त्रिसा और गायत्री महिला युगल के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

**मलेशिया मास्टर्स**

- पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हारे

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया।

पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश करुणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से हार गए। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-7, 21-14 से हराया, लेकिन थाईलैंड के पानीचाफोन तीरारात्साकुल से 21-23, 12-16, 17-21 से हार गए। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर सुब्रहमण्यन को रुस्तावितो ने पहले दौर में 21-12, 21-17 से हराया। महिला क्वालीफायर में तान्या हेमंत को चीनी ताइपै की लिन सिह युन ने 23-21, 21-8 से मात दी। महिला युगल में पलक अरोरा और उन्नति हुड्डा को चीनी ताइपै की सू यिन हुइ और लिन जि युन ने 21-10, 21-5 से हराया।



## अभ्यास को रोलां गैरो पहुंचे नडाल

**पेरिस, एजेंसी**

**फ्रेंच ओपन**

रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन रफेल नडाल तैयारी के लिये रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे।

फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं। पिछले साल भी वह कूल्हे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर थे।



- फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति

**बॉलीवुड हलचल**

## सुष्मिता सेन 30 साल पहले बनी थीं मिस यूनिवर्स



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को मिस यूनिवर्स बने 30 साल हो गए हैं। सुष्मिता ने 21 मई 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज पहना था। ये खिताब जीतने वाली सुष्मिता भारत की पहली महिला है। सुष्मिता ने इसको याद करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। सुष्मिता ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी तस्वीर शेयर की और लंबा चौड़ा नोट लिखा। फोटो में सुष्मिता एक बच्ची को गोद में लिए नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, ये छोटी लड़की, जिससे मैं अनाथालय में मिली थी, उसने मुझे जिंदगी का सबसे मासूम, लेकिन गहरा सबक सिखाया, जिसे मैं आज तक जी रही हूं। ये फोटो 30 साल पहले ली गई थी, जब मिस यूनिवर्स का ताज पहली बार भारत आया था! सुष्मिता से ने लिखा, यह कमाल का सफर रहा था और अभी भी जारी है हमेशा मेरी सबसे बड़ी पहचान और ताकत बने रहने के लिए भारत को धन्यवाद! कभी न खत्म होने वाले प्यार और अपनेपन के लिए फिलीपींस को धन्यवाद तीन दशक बीत गए और अभी आने बाकी हैं!



## मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का दूसर गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा कंपोज किया गया और जुबिन नौटियाल द्वारा गाए गए इस गाने की शूटिंग जयपुर में हुई है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। गाने में महिमा (जाह्नवी) और महेंद्र (राजकुमार) के रिश्ते की मिठास को दर्शाया गया है। गाने को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राजकुमार ने लिखा, अगर हो तुम में प्यार को गहराई के साथ महसूस करें। संगीतकार तनिष्क ने कहा, अगर हो तुम एल्बम का फ्रेश एलिमेंट है। कौसर मुनीर के बोल और जुबिन की आवाज लोगों के दिलों में बस जाएगी। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को पसंद करेंगे और इसका आनंद लेंगे।



**डब्ल्यूएफआई ने ओलंपिक कोटा विजेताओं को ट्रायल से दी छूट**

## हंगरी में भारतीय पहलवानों का होगा आकलन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को ओलंपिक कोटा विजेता सभी छह पहलवानों को चयन ट्रायल से छूट दे दी, लेकिन उनके फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा।

डब्ल्यूएफआई ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिये परिपाटी नहीं माना जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिये विकल्प के बारे में सोचेगा। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए छह कोटा हासिल किए हैं जिनमें अमन सेहरावत (57 किलो) अकेले पुरुष पहलवान हैं। विनेश फोगाट (50 किलो), अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), निशा दहिया (68 किलो) और रीतिका हुड्डा (76 किलो) ने भी क्वालीफाई किया है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई से ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि इससे चोट का खतरा है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने इसे स्वीकार कर लिया।



संजय सिंह ने कहा कि हमने बात की और दोनों मुख्य कोचों का कहना था कि ट्रायल से चोट का खतरा होगा जिससे भारत की पदक उम्मीदों पर विपरीत असर पड़ सकता है, जिस वजह से हमने ट्रायल नहीं कराने का फैसला लिया।

कोटा विजेता बुडापेस्ट में छह से नौ जून तक यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज में भाग लेंगे। इसके बाद 10 से 21 जून तक अभ्यास शिविर लगेगा। सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी पहलवान को चोट ना लगे। इसलिए ट्रायल की जगह भारतीय कोच कोटा विजेताओं का आकलन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और अभ्यास शिविर में करेंगे। अगर कोई फिट नहीं है तो उसके विकल्प पर विचार किया जा सकता है। हम आठ जुलाई से पहले उस वर्ग में चयन ट्रायल का आयोजन करेंगे।

### रवि और सरिता के लिए रास्ते बंद

तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया (57 किलो) और सरिता मोर (57 किलो) के लिए रास्ते भी बंद हो गए जो ट्रायल की तैयारी कर रहे थे। चयन समिति की बैठक में महिला टीम के मुख्य कोच वीरेंदर दहिया और फ्रीस्टाइल मुख्य कोच जगमंदर सिंह भी मौजूद थे। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त, पूर्व पहलवान गीतिका जाखड़, डब्ल्यूएफआई उपाध्यक्ष और ओलंपियन जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष संदीप देशवाल ने भी बैठक में भाग लिया। गीतिका ने वीडियो कॉल के जरिये बैठक में भाग लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच से अमेरिका का इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा- रईसी के हाथ खून से सने



तेहरान में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को श्रद्धांजलि देते सदस्य।

ईरान सरकार की ओर से हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए अमेरिका से किया गया आग्रह को उसने ठुकरा दिया है। यह जानकारी अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ईरान में राष्ट्रपति के तौर पर रईसी का रिकॉर्ड सही नहीं था। उनके हाथ खून से सने थे। रविवार को राष्ट्रपति रईसी का हेलीकॉप्टर कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

मैथ्यू मिलर ने सोमवार को जब प्रेस वार्ता में ईरानी सरकार की ओर से मदद का आग्रह किये जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है, लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। मिलर ने कहा कि काफी हद तक लॉजिस्टिक कारणों के चलते मदद नहीं की जा रही है।

### ईरानी सेना के नेतृत्व में हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच शुरू

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की नियुक्ति की है। समिति की बागडोर ब्रिगेडियर अली अब्दुल्लाही को सौंपी गयी है, जिन्होंने जांच शुरू कर दी है।

### मशहद में दफनाया जाएगा रईसी का शव

**तेहरान।** ईरान के उपराष्ट्रपति मोहसिन मंसूरी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को पूर्वोत्तर शहर मशहद में दफनाया जाएगा। ईरानी स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी उपराष्ट्रपति के हवाले से यह जानकारी दी।

### ईरान में 28 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव

**तेहरान।** ईरानी सरकार ने सोमवार को निर्णय लिया कि देश में 14वें राष्ट्रपति का चुनाव 28 जून को होगा। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। खबर में कहा गया कि चुनाव की तारीख का निर्धारण एक बैठक में किया गया है।

# इन लक्षणों से समझें गंदगी से सिकुड़ रही खून की नसें, आ सकता है हार्ट अटैक

भागदौड़ से भरी और अक्सर तनावपूर्ण रहने वाली आज की जिन्दगी में एथेरोस्क्लेरोटिक कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (एएससीवीडी) का जोखिम बढ़ा हुआ है। एएससीवीडी की शुरुआत में थोड़े या न के बराबर लक्षण होते हैं और इसलिए इसे अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। यह बीमारी गुजरते वर्षों के साथ धीरे-धीरे बढ़ती है और इससे दुनिया में लाखों लोगों को बड़ा खतरा है। आईसीएमआर के हाल के अध्ययनों ने भारत की शहरी आबादी में हाई कोलेस्ट्रॉल के 25-30% और ग्रामीण आबादी में 15-20% मामले होने की बात कही है। ज्यादा आमदनी वाले देशों की तुलना में, भारत के 83% लोगों में बड़ी कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों और मौत की दर काफी ज्यादा है। लेकिन इन अनिश्चितताओं के बीच कुछ अच्छी खबर भी है: कोलेस्ट्रॉल, और खासकर बुरे कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने से बड़ा परिवर्तन आ सकता है।



### एएससीवीडी के जोखिम कारक

एएससीवीडी में कई कारकों का योगदान होता है। इनमें से कुछ में बदलाव होते हैं, जबकि कुछ ऐसे ही बने रहते हैं। जोखिम के बदलाव वाले घटकों में कोलेस्ट्रॉल, हाइपरटेंशन, डायबिटीज और धूम्रपान शामिल हैं। इनमें कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल और हाई ब्लड प्रेशर खासतौर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एएससीवीडी क्या है और इसके संकेत और लक्षण क्या हैं?

एएससीवीडी में कई तरह की स्थितियां होती हैं, जैसे कि आर्टरीज में गंदगी जमा होना, जिससे हृदय और मस्तिष्क जैसे जरूरी अंगों में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है और कोलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण धीरे-धीरे आर्टरीज बंद होने लगती हैं। ऐसे में आर्टरीज कठोर हो जाती हैं और हार्टअटैक, स्ट्रोक तथा हृदय की अन्य समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है।

### अपना टारगेट एलडीएल-सी जानना क्यों जरूरी

अलग-अलग लोगों के लिये जोखिम के कारकों और स्वास्थ्य-लक्ष्यों के आधार पर एलडीएल-सी के आदर्श स्तर में अंतर होता है। लेकिन आमतौर पर यह 100 एमजी/डीएल होना चाहिए, जबकि ज्यादा जोखिम वालों के लिये इससे भी कम। एलडीएल-सी पर नजर रखने के लिये खून की नियमित रूप से जांच हो सकती है। यह मरीज के जोखिम और उपचार के आधार पर हर 3 से 12 महीने में होती है। अपने लिपिड पर नजर रखना एएससीवीडी को मैनेज करने का आधार होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल्स को मैनेज करने के लिये दिल की सेहत को अच्छा रखने वाला आहार, नियमित व्यायाम और तनाव का प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

### दिल की सेहत के लिए कोलेस्ट्रॉल की जांच क्यों जरूरी

एलडीएल लेवल को मैनेज करने के लिये कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। 2019 में दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) के कारण 32% मौतें हुई थीं और आकलन है कि 2030 तक हर साल ऐसी 23.6 मिलियन मौतें हो सकती हैं। ऐसे में कम उम्र से ही कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है।

### कोलेस्ट्रॉल के प्रकार, प्रभाव और दिल की सेहत पर असर

कोलेस्ट्रॉल के विभिन्न प्रकार होते हैं, जिनमें से एलडीएल (लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अक्सर बुरा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। क्योंकि आर्टरी की दीवारों में गंदगी के जमा होने में उसकी भूमिका होती है। जबकि एचडीएल (हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अच्छा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है।

### एससीवीडी के संकेत और लक्षण

शुरुआती अवस्था के कुछ आम लक्षण हैं एंजिना, जिसे चेस्ट पैन भी कहा जाता है। सांस छोटी होना, थकान, चक्कर आना और धड़कन बढ़ना। यह समझना महत्वपूर्ण है कि कोई जानलेवा स्थिति आने तक कुछ लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। बीमारी का जल्दी पता लगाने और सही समय पर दखल देने के लिये स्वास्थ्य की नियमित जांच और पूर्व सक्रिय होकर कोलेस्ट्रॉल को जानना आवश्यक है।

## एक नजर

### स्लोवाकिया में सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया की संसद ने प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या की कोशिश के बाद मंगलवार को सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। संसद में मौजूद सभी 130 सांसदों ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ नफरत फैलाने से परहेज करने का आह्वान किया गया है। पेजिनोक शहर की एक अदालत ने शनिवार को हमले के संदिग्ध को कारागार में ही रखने का आदेश दिया। इस बीच, अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में गंभीर रूप से घायल फिको की सेहत में सुधार हो रहा है। बंस्क बिस्ट्रिका शहर के जिस अस्पताल में फिको का इलाज चल रहा है उसने बताया फिको होश में हैं और बातचीत कर रहे हैं।

### इजरायली हमले में हिजबुल्लाह अधिकारी की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के मंसूरी में इजरायली हमले में एक हिज़्बुल्लाह अधिकारी की मौत हो गई और एक नागरिक घायल हो गया। लेबनानी सैन्य सूत्रों के अनुसार सोमवार शाम अधिकारी टायर जिले के मंसूरी में मोटरसाइकिल पर जब जा रहा था तभी इजरायल की ओर से दो मिसाइलें दागी गईं, जिसमें मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई और एक राहगीर घायल हो गया। मृतक की पहचान दक्षिणी नगरपालिका डेयर कानून एन नहर से हिजबुल्लाह के स्थानीय अधिकारी कासिम सकलावी के रूप में की गयी है।

### जापान के ओगासावारा द्वीप समूह में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिण में प्रशांत महासागर में ओगासावारा द्वीप समूह के पास मंगलवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 9:39 बजे लगभग 50 किमी की गहराई में आया, जिसकी तीव्रता हाहाजिमा द्वीप में 7 के जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर 4 मापी गई। मौसम एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### स्पेन ने अर्जेंटीना से अपना राजदूत वापस बुलाया

**ब्यूनस आयर्स।** दो ऐतिहासिक सहयोगियों स्पेन और अर्जेंटीना के बीच राजनयिक संकट मंगलवार को तब और बढ़ गया जब स्पेन ने ब्यूनस आयर्स से अपने राजदूत को वापस बुला लिया। वहीं, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे एक अहंकारी समाजवादी की बकवास करार दिया। स्पेन ने कहा कि वह मैड्रिड में रविवार की रैली में राष्ट्रपति माइली द्वारा की गई टिप्पणियों के जवाब में आधिकारिक तौर पर अर्जेंटीना से अपने राजदूत को हटा रहा है।

### बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख जनरल पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण सोमवार को प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की। उनके कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।

# 37 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस एक की मौत, 30 लोग घायल

## सिंगापुर एयरलाइंस का विमान झटके से 6 हजार फीट नीचे आया

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइन्स की एक फ्लाइट 21 मई को म्यांमार के आसमान में एयर टर्बुलेंस में फंस गई। अचानक लगे झटकों से 73 साल के ब्रिटिश यात्री की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। फ्लाइट एसक्यू321 लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइन्स की बोइंग 777-300ईआर फ्लाइट ने लंदन से भारतीय समय के मुताबिक देर रात 2:45 बजे उड़ान भरी थी।

टेकऑफ के 11 घंटे बाद फ्लाइट म्यांमार के एयरस्पेस में 37 हजार फीट पर खराब मौसम की वजह एयर टर्बुलेंस में फंस गई। इस दौरान कई झटके लगे। विमान 5 मिनट के अंदर 37 हजार फीट की ऊंचाई से 31 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। इस दौरान ऊंचाई कम करते वक्त यात्रियों को सीट बेल्ट पहनने की वॉर्निंग नहीं दी गई। कई यात्री अपनी सीट से ऊपर उछल गए। उनका सिर लगेज कंटेनर से टकरा गया। कई लोगों को चोट लगी। एक पैसेंजर की मौत हो गई। इसके बाद फ्लाइट को भारतीय समयानुसार दोपहर 2:15 बजे बैंकॉक डायवर्ट किया गया। यहां के स्वर्णभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट दोपहर 3:40 बजे सिंगापुर लैंड होने वाली थी।



विमान के भीतर यात्री द्वारा ली गई तस्वीर।



बैंकाक एयरपोर्ट पर खड़ा विमान।

### फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य थे

फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य सवार थे। फ्लाइट शाम 6 बजकर 10 मिनट पर सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट उतरने वाली थी। प्लेन की लैंडिंग के तुरंत बाद एम्बुलेंस की कई गाड़ियां एयरपोर्ट पहुंची। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंगापुर एयरलाइन्स ने मारे गए यात्री के परिजनों के प्रति शोक जताया है। उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकारी बैंकॉक से लगातार संपर्क में है। सभी यात्रियों को जरूरी मदद पहुंचाई जा रही है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के डिलीवरी ब्वॉय को 30 माह की सजा

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक डिलीवरी ब्वॉय को एक होलसेलर के यहां काम करते हुए 1,70,000 सिंगापुर डॉलर से ज्यादा मूल्य के मांस उत्पाद चुराने के मामले में सोमवार को 30 महीने जेल की सजा सुनाई गयी है।

टुडे समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शिवम करुप्पन (42) और ची सॉन्ग फूड्स विक्रेता में काम करने वाला उसका एक अन्य सहकर्मी चुराये हुए मांस उत्पादों को ग्राहक को बेचते थे और इससे प्राप्त धन को अपने पास रखते थे। करुप्पन के सहयोगी के खिलाफ अदालत में मामला फिलहाल शुरू नहीं हुआ है।

सहयोगी नेशान गुणसुंदरम (27) भी भारतीय मूल का नागरिक है, जो कंपनी ने गोदाम में सुपरवाइजर के रूप में तैनात था। गुणसुंदरम का काम गोदाम के अंदर और बाहर माल के आवागमन की निगरानी करना था। अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, करुप्पन और गुणसुंदरम ने कुल मांस उत्पाद चुराए। उपलोक अभियोजक (डीपीपी) रोनी एंग ने करुप्पन के अपराधों के लिए 32 से 38 महीने की जेल की सजा की मांग करते हुए कहा कि उसने अपने मालिक के साथ विश्वासघात किया है। अदालत ने करुप्पन को 30 महीने जेल की सजा सुनाई।

# माउंट फूजी पर्वत पर बढ़ रही गंदगी, देना होगा शुल्क



जापान का माउंट फूजी पर्वत।

टोक्यो, एजेंसी

● जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने के लिए तय किए नए नियम

जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को अब स्लाट की बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें शुल्क का भी भुगतान करना होगा। पर्वतारोहियों की बढ़ती संख्या और वहां फैल रही गंदगी के चलते यह फैसला लिया गया है। सुरक्षा और संरक्षण भी चिंता का विषय बन चुका है।

यह नए नियम, 3,776 मीटर (लगभग 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होगा। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं।

यामानाशी प्रान्त ने सोमवार को जापान के विदेशी प्रेस केंद्र के माध्यम से बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

इसके लिए प्रति दिन 2,000 येन (लगभग 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा। 3,000 स्लॉट्स ऑनलाइन बुक किए जाएंगे और शेष 1,000 को चढ़ाई के दिन व्यक्तिगत रूप से बुक किया जा सकता है। पर्वतारोही माउंट फूजी क्लाइंबिंग वेबसाइट के माध्यम से अपने स्लॉट बुक कर सकते हैं।

## बोको हराम के चंगुल से सैकड़ों लोगों को मुक्त कराया गया

मैदुगुरी, एजेंसी

नाइजीरिया के उत्तरी पूर्वी हिस्से में चरमपंथी समूह बोको हराम द्वारा जंगल में महीनों तक बंधक बनाकर रखे गए सैकड़ों लोगों को मुक्त कराकर अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

सेना ने बताया कि मुक्त कराए गए लोगों में अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं और ये कई महीनों या सालों से बंधक थे। नाइजीरियाई सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल केन चिबु ने सोमवार को मुक्त कराए गए लोगों को बोर्नो में असैन्य प्रशासन को सौंपने के दौरान कहा कि 350 बंधकों को बोको हराम ने सम्बिसा के जंगलों में बंधक बनाकर रखा था। उन्होंने बताया कि 209 बच्चे, 135 महिलाएं और छह पुरुष मुक्त कराए गए हैं। फटे-पुराने कपड़ों में ये लोग बहुत थके हुए नजर आए।

### चीन में कोयला खदान में गैस रिसाव से पांच की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वोत्तर प्रांत हेइलोंगजियांग में एक कोयला खदान में तरल कार्बन डाई ऑक्साइट के रिसाव के कारण पांच की मौत हो गई। चाइना सेंट्रल टीवी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 08:38 बजे हेगांग शहर के जिंगआन कोयला खदान में हुई, जिसमें नौ लोग फंस गए। बचावकर्मियों ने इनमें से चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया।

## डेढ़ लाख का कर्ज नहीं लौटा पाया तो किसान ने की आत्महत्या

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलगावी में 55 वर्षीय किसान ने 1.50 लाख रुपये की ऋण राशि लौटाने के लिए एक महिला साहूकार द्वारा परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार किसान राजू खोतागी ने रविवार को जहर खा लिया जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अगले दिन उनकी मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि किसान ने गंभीर सूखे के कारण नुकसान झेलने के बाद लगभग छह महीने पहले उसी गांव की 60 वर्षीय सिद्धव्वा बय्यानवारा से 1.50 लाख रुपये का ऋण लिया था।

## रेड कार्पेट पर नैंसी



### कॉन्स में नैंसी त्यागी का जलवा

**कॉन्स।** उत्तर प्रदेश में पैदा हुई नैन्सी त्यागी ने कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में खुद का सिला हुआ गाउन पहनकर इतिहास रच दिया है। इस पिंक रफ्फल्ड गाउन को बनाने के लिए नैन्सी ने 1000 मीटर कपड़ा लिया और एक महीने में इसे तैयार किया। जब नैन्सी से यह पूछा गया कि उन्हें कैसा महसूस हो रहा है तो बेहद ही मासूमियत के साथ यह जवाब दिया कि इतना बड़ा तो उनका सपना भी नहीं था। नैन्सी को इंफ्लुएंसर के तौर पर पहचान तब मिली जब इंस्टाग्राम पर उनकी वीडियोज वायरल होने लगीं।

## श्रीलंका ने भारत में गिरफ्तार नागरिकों की जांच शुरू की

**कोलंबो।** श्रीलंका ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले अपने चार नागरिकों के बारे में सूचना हासिल करने के लिए जांच शुरू की है। इन्हें भारत में गिरफ्तार किया गया था, वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता ने एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से हिरासत में लिया था। वे कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों ने इस्लामिक स्टेट के इशारे पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत की यात्रा की थी।

खगोल विज्ञान | पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का नए शोध में दावा

# निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हमारे सबसे करीबी खूबसूरत निहारिका ओरियन नेबुला वैज्ञानिकों को ग्रह नक्षत्रों के निर्माण व विकास की नई दिशा प्रदान करेगी। पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नए शोध में यह दावा किया है। शोध में नेबुला की नवीन विचित्र तस्वीरों के जरिए इस निहारिका खाका तैयार किया है।

ओरियन नेबुला नग्न आंखों से नजर आने वाली बेहद खूबसूरत निहारिका है। इसकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में है। दुनिया में सर्वाधिक शोध व फोटोग्राफ इसी निहारिका की हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड में ग्रह नक्षत्रों के रहस्य उजागर करने के लिए इससे बेहतर कोई दूसरी निहारिका नहीं हो सकती। इसी उद्देश्य को लेकर पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस पर नया शोध किया। शोध के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप का सहारा लिया गया और जो परिणाम देखने को मिले, वह शोधकर्ताओं के लिए आश्चर्यजनक थे। इस आधार पर इसका नया खाका खींचने पर वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली है। नए, मानचित्र में ओरियन नेबुला के हृदय के साथ विकिरण, गर्म आयनित गैस व ठंडे आणविक बादल में संक्रमण को चिह्नित किया गया है। गैस के बादल का बचा हुआ हिस्सा दर्शाया गया है, जिससे तारों का निर्माण हुआ। वैज्ञानिक जानते हैं कि तारे और ग्रह निर्माण का रहस्य आज भी उलझा हुआ है। जिसे समझने के लिए यह नेबुला बेहद मददगार साबित होगी।



वेब टेलीस्कोप द्वारा ली गई ओरियन निहारिका की ताजा तस्वीर।

### ग्रह नक्षत्रों की प्रक्रिया समझने में मिलेगी मदद

शोधकर्ता खगोलशास्त्री एल्स पीटर्स कहते हैं कि किसी भी ग्रह व तारे की उत्पत्ति को लेकर रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद जरूरी है। इस दिशा में अधिक जानकारी अभी तक नही मिल पाई है। तारा निर्माण सैद्धांतिक प्रक्रिया में नया शोध मदद करेगा। ग्रह निर्माण व उनके अंत में होने वाली रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद महत्वपूर्ण हैं। जिसे समझे बिना आगे की खोज संभव नही हो सकती।

## इंजीनियरों को कुचलने वाला नाबालिग का पिता गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में लग्जरी कार से दो इंजीनियरों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के के पिता को मंगलवार को छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

नशे की हालत में किशोर ने रविवार तड़के कल्याणी नगर इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मामले में अपराध शाखा के अधिकारियों ने जाने-माने रियल एस्टेट कारोबारी नाबालिग के पिता को पुणे से लगभग 250 किलोमीटर दूर छत्रपति संभाजीनगर में हिरासत में लिया और शाम को शहर ले आए। होटल ब्लैक क्लब के कर्मचारियों में से एक जयेश बोनकर को भी गिरफ्तार किया गया है, जहां लड़के को शराब परोसी गई थी।

# अंतरिक्ष में हथियार नहीं भेजने वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● अमेरिका ने कहा- रूस पहले ही कर चुका उपग्रह प्रक्षेपित, हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता

अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सोमवार को खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है।

सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं।

### अमेरिका ने कहा- ध्यान भटकाने की कोशिश

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है।